


नवरात्र का तीसरा दिन

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

# पायनियर

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 05 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-46 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### वरिष्ठ पत्रकार नितिन चौबे का निधन मुख्यमंत्री ने आकस्मिक निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया

**रायपुर।** पत्रकार नितिन चौबे का शुक्रवार को दोपहर दिल का दौरा पड़ने से आकस्मिक निधन हो गया है। उन्हे दौरा पड़ने पर तत्काल न्यू राजेन्द्रनगर स्थित मेडिसाइन हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। जहां पर उनकी मौत हो गई।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नितिन चौबे के आकस्मिक निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि पत्रकार नितिन चौबे के निधन का समाचार बहुत दुःखद है। मेरी संवेदनाएं उनके परिवारजनों के साथ है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और परिजनों को इस दुःख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### अमेरिका भारत का सबसे महत्वपूर्ण और विश्वसनीय भागीदार : पीयूष गोयल

**वाशिंगटन/वार्ता।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका को भारत का सबसे महत्वपूर्ण और विश्वसनीय भागीदार बताते हुए कहा है कि दोनों देशों के बीच के बीच व्यापार के क्षेत्र में ऐसे कोई मुद्दे बाकी नहीं रह गये हैं, जिनका समाधान न किया जा सके। उन्होंने कहा अब हमें विवाद के मुद्दे पर कोई विशेष ध्यान देने की जरूरत नहीं पड़ती, बल्कि अब हम देख रहे हैं कि हम कैसे संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए पहले से, पहले से तैयारी कर सके।



### अमेठी में एक ही परिवार के चार सदस्यों की हत्या

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश में अमेठी जिले के शिवरतनगंज क्षेत्र में एक दुस्साहिक वारदात में एक ही परिवार के चार सदस्यों की गोली मार कर हत्या कर दी गयी है। मृतक परिवार किराए के मकान में रहता था। परिवार का मुखिया सरकारी स्कूल में शिक्षक था। घटना स्थल पर भारी तादात में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मां अहोरवा भवानी चौराहे के पास बीती देर शाम किराए के मकान में रह रहे शिक्षक सुनील कुमार (35), पत्नी पूनम भारती (33), पुत्री दृष्टि (7) और लाडो (2) को अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मार दी। गोलियों की तड़तड़ाहट से जब तक आस पास के लोग घटना स्थल पर पहुंचे तक तक हमलावर फरार हो गए।

# पीएम मोदी आज जारी करेंगे पीएम-किसान योजना की 18वीं किस्त

## किसानों को 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि होगी जारी

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किस्त जारी करेंगे, जिससे प्रत्यक्ष अंतरण में 9.4 करोड़ से अधिक किसानों को 20,000 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ मिलेगा। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने बताया कि पीएम-किसान के साथ ही राज्य के वाशिम में महाराष्ट्र सरकार की नमो शेतकरी महासम्मान निधि योजना की पांचवीं वीं किस्त का भी वितरण होगा। मंत्रालय के अनुसार मोदी कृषि अवसंरचना कोष के अंतर्गत पूरी की गयी 7516 परियोजनाओं का ओनलाइन लोकार्पण करेंगे और लगभग 9,200 एफपीओ राष्ट्र को समर्पित किये जायेंगे। मवेशियों के लिए एकीकृत जीनोमिक चिप और स्वदेशी सेक्स-सॉर्टेड सीमेन तकनीक का शुभारंभ होगा। इस कार्यक्रम में 732 कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके), एक लाख से अधिक प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों और देश भर के पांच लाख सामान्य सेवा केन्द्रों समेत लगभग 2.5 करोड़ किसान वेबकास्ट के माध्यम से शामिल होंगे। निधि जारी होने के दिन को पीएम-किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा तथा इसके लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। पीएम-किसान योजना में तीन बराबर किस्तों में भूमिधारक किसानों को सालाना 6,000 रुपये मिलते हैं। 18वीं किस्त जारी होने के साथ ही इस योजना के तहत कुल वितरित निधि 3.45 लाख करोड़ से अधिक हो जाएगी। इस कार्यक्रम से देश भर में 11 करोड़ से अधिक किसानों को सहायता मिलती है। महाराष्ट्र में, योजना की 17 किस्तों में लगभग 1.20 करोड़ किसानों को करीब 32,000 करोड़ रुपये अंतरित किए गए हैं, जो सभी राज्यों में दूसरी सबसे अधिक धनराशि है। 18वीं किस्त में लगभग 91.51 लाख किसानों को 1,900 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ मिलेगा। पीएम-किसान किस्त वितरण के साथ-साथ, प्रधानमंत्री नमो शेतकारी महासम्मान निधि योजना की पांचवीं किस्त के तहत महाराष्ट्र के किसानों को लगभग 2,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त लाभ भी जारी करेंगे।

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पिछले 120 दिनों में किसानों के कल्याण के लिए समर्पित मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अनेक किसान हितैषी फैसले किये हैं और आगे भी यह जारी रहेंगे। सरकार की छह सूत्रीय रणनीति- उत्पादन बढ़ाना, उत्पादन की लागत घटाना, उत्पादन के ठीक दाम देना, प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान की भरपाई करना, कृषि का विविधिकरण, वेल्यू एडिशन और प्राकृतिक खेती हैं। किसानों को ठीक दाम मिलें इसके लिए पिछले दिनों कुछ बड़े निर्णय लिये गये हैं।



# सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 30 नक्सली ढेर

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में चल रहे अब तक के सबसे बड़े नक्सल ऑपरेशन में सुरक्षा बल के जवानों ने 30 नक्सलियों को मार गिराया। नारायणपुर और दंतेवाड़ा के सीमा पर अबूझमाड़ क्षेत्र में यह मुठभेड़ नेंदूर एवं थुलथुली गांव के जंगलों में हो रही थी। पुलिस तथा नक्सलियों के बीच दोपहर से ही मुठभेड़ जारी रही, जिसमें करीब 24 नक्सलियों के शव बरामद किये गए हैं। दंतेवाड़ा के सहायक पुलिस अधीक्षक आर. के



वर्मा ने इस मुठभेड़ में 30 नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की है। वहीं मौके से सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में एके 47, एसएलआर सहित कई अन्य हथियार भी बरामद किये हैं। यह मुठभेड़ नेंदूर और थुलथुली गांव के जंगलों में हो रही थी। बताया जाता है कि गुरुवार को डीआरजी और एसटीएफ की संयुक्त टीम नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले के थाना ओर्चा तथा बारसूर क्षेत्र के गांव गोवेल, नेंदूर एवं थुलथुली की ओर सर्च अभियान के लिए रवाना हुई थी। अभियान के दौरान शुक्रवार अपराह्न लगभग 12:30 से 1:00 बजे के बीच पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। मुठभेड़ में 30 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। सुरक्षा बलों द्वारा सर्च अभियान अभी भी जारी है।

### सुप्रीम कोर्ट ने 'तिरुपति लडडू' विवाद की जांच के लिए एसआईटी गठन का दिया निर्देश



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तिरुमला तिरुपति देवस्थानम में लड्डू तैयार करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले घी में पशु वसा के कथित मिलावट की जांच के लिए एक स्वतंत्र विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने निर्देश देते हुए कहा एसआईटी में केंद्रीय जांच ब्यूरो और आंध्र प्रदेश पुलिस के दो-दो अधिकारियों और केंद्र सरकार के निकाय भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी को शामिल किया जाएगा। पीठ ने कहा, 'हमने मामले में आरोप-प्रत्यारोपों पर विचार नहीं किया है। केवल दुनिया भर के करोड़ों भक्तों की भावनाओं को शांत करने के लिए जांच का यह निर्देश दिया गया है। पीठ ने इस मामले में दायर कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा, 'हम अदालत को राजनीतिक लड़ाई के मैदान के रूप में इस्तेमाल नहीं होने देंगे।

## अरुण साव ने कहा- जल जीवन मिशन के कार्यों को मिशन मोड में पूर्ण करें

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने रायपुर के नीर भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों को मिशन मोड में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने गांवों में पर्याप्त पेयजल की आपूर्ति के लिए भू-जल स्त्रोतों को रिचार्ज करने भू-जल संवर्धन के कार्य प्राथमिकता से करने को कहा। साव ने 12 समूह जल प्रदाय योजनाओं के टेंडर में ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्र सही नहीं पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने निविदा निरस्त कर निविदाकारों के विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही करने को कहा।

## सरकार रक्षा उद्योग को सशक्त और वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध : राजनाथ

एजेंसी ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश के रक्षा उद्योग को सशक्त बनाने और वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। सिंह ने सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स के सातवें वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए रूस-यूक्रेन संघर्ष से सबक लेकर रक्षा उद्योग के क्षेत्र में मजबूत आधार बनाने पर जोर दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में एक मजबूत, नवोन्मेषी और आत्मनिर्भर रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने की दिशा में प्रयासों को नए सिरे से बढ़ावा देगी।

## आध्यात्मिकता समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का मार्गः मुर्मु

वार्ता ◄ आबू रोड
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आध्यात्मिकता को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का मार्ग बताते हुए कहा है कि आज विश्व के अनेक हिस्सों में व्याप्त अशांति के वातावरण और मानवीय मूल्यों का हो रहे ह्रास के समय में आध्यात्मिकता एक स्वस्थ और शांतिपूर्ण समाज की स्थापना में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। मुर्मु सिरोही जिले के आबूरोड़ में आध्यात्मिकता से स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज' विषय पर ब्रह्माकुमारी संस्थान में आयोजित वैश्विक शिखर सम्मेलन में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता न केवल व्यक्तिगत विकास का साधन है बल्कि यह समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का मार्ग भी है। जब हम अपने भीतर की स्वच्छता को पहचान पाने में सक्षम होंगे, तभी हम एक स्वस्थ और शांतिपूर्ण समाज की स्थापना में अपना योगदान दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता का अर्थ है, अपने भीतर की शक्ति को पहचान कर अपने आचरण और विचारों में शुद्धता लाना है।

## जयशंकर जायेंगे पाकिस्तान

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




विदेश मंत्री एस. जयशंकर 15 एवं 16 अक्टूबर को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पाकिस्तान जायेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नियमित ब्रीफिंग में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डॉ. जयशंकर 15 और 16 अक्टूबर को इस्लामाबाद में होने वाले एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए पाकिस्तान में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। एससीओ शिखर-सम्मेलन के इतर मेजबान पाकिस्तान के साथ मंत्रिस्तरीय द्विपक्षीय बैठक होने और भारत पाकिस्तान के बीच बातचीत के दरवाजे खुलने की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर प्रवक्ता ने कहा कि विदेश मंत्री की यात्रा सिर्फ एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए हो रही है। इससे अधिक कुछ देखने की जरूरत नहीं है। हालांकि बैठक में शामिल होने वाले अन्य देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय मुलाकातों के बारे में उचित समय पर जानकारी साझा की जाएगी। बंगलादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस द्वारा दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) को फिर से जीवित करने की पैरोकारी किये जाने पर जायसवाल कहते हैं, हम क्षेत्रीय सहयोग को, क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को गहरा महत्व देते हैं। इसलिए, हमने दक्षेस पर बिम्सटेक को प्रोत्साहन दिया है।

## लड़ाकू विमानों की कमी दूर करने के लिए वादा निभाए एचएएल : वायु सेना प्रमुख

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए कहा है कि यदि भविष्य के युद्धों में जीत हासिल करनी है तो स्वदेशी लड़ाकू विमानों और हथियारों की संख्या बढानी होगी और इसके लिए हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को हर वर्ष 24 विमान बनाने के वादे को पूरा करना होगा। दिनों दिन बदलती परिस्थितियों और मौजूदा युद्धों को देखते हुए वायु सेना की ताकत के बढते महत्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यदि एचएएल इस चुनौती को पूरा नहीं कर पाता है तो देश के निजी क्षेत्र को इसके लिए आगे आना होगा। उन्होंने बेबाक अंदाज में कहा कि वायु सेना में लड़ाकू विमानों के स्क्वैड्रनों की संख्या रातों रात नहीं बढायी जा सकती। उन्होंने कहा कि वायु सेना को अभी उसके पास जो विमान और हथियार हैं उन्हीं के साथ लड़ना होगा। साथ ही उन्होंने उम्मीद जतायी कि वर्ष 2047 तक वायु सेना के बेड़े के सभी विमान और हथियार स्वदेशी होंगे। उन्होंने कहा कि चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा विशेष रूप से लद्दाख क्षेत्र में तेजी से ढांचागत निर्माण और सुविधाएं बढा रहा है और हम भी अपने क्षेत्र में ढांचागत निर्माण और सुविधा बढाने में लगे हैं।




विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और वन मंत्री केदार कश्यप रहे मौजूद

## सीएम विष्णुदेव ने दंतेवाड़ा में 167 करोड़ 21 लाख रुपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दंतेवाड़ा जिले के प्रवास के दौरान जिले में 167 करोड़ 21 लाख रुपए के विकास कार्यों की लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इसमें लोकार्पण के तहत जिला दन्तेवाड़ा के विकासखण्ड कुआकोण्डा में शासकीय उपाधि महाविद्यालय में अध्ययनरत् छात्रों हेतु 100 सीटर कन्या छात्रावास भवन निर्माण कार्य 272.450 लाख रू., दन्तेवाड़ा में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण 99.000 लाख रू., 100 सीटर छात्रावास भवन का निर्माण कार्य दन्तेवाड़ा 160.000 लाख रू., बुढ़ा तालाब बारसूर में सौंदर्यीकरण कार्य विकासखण्ड-गीदम 453.000 लाख रू., शंकनी-डंकनी नदी तट पर घाट निर्माण 3659.700 लाख रू., 500 सीटर आवासीय विद्यालय कारली के भवन निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित वि.ख.-गीदम 487.150 लाख रू., एनीकट निर्माण कार्य कटेकल्याण पुजारी पारा डुमाम नदी पर 350.000 लाख रू., दुगेली एनीकट निर्माण कार्य 372.940 लाख रू., प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिन्दनार का निर्माण कार्य 75.000 लाख रू., उप स्वास्थ्य केन्द्र हिड़पाल का निर्माण कार्य 28.510 लाख रू. के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण शामिल है। इसी प्रकार भूमिपूजन के अन्तर्गत आस्था विद्या मंदिर किरन्दुल हेतु भवन निर्माण, कर्मचारी हेतु आवास, छात्रावास भवन सड़क नाली बाउंड्री निर्माण आदि 4219.000, जिला दन्तेवाड़ा के रानीबाग में भवन निवास के भूतल एवं प्रथम तल का निर्माण कार्य 326.570, मड़कामीरास में 50 सीटर आदिवासी प्री. मे. कन्या छात्रावास निर्माण कार्य 191.510, जंगमपाल में 50 सीटर कन्या आश्रम का निर्माण कार्य 162.760, बड़ेगुडरा में 100 सीटर आदिवासी पो. मै.कन्या छात्रावास का निर्माण कार्य 288.590, मारजूम में 50 सीटर कन्या आश्रम का निर्माण कार्य 162.760, समेली में 100 सीटर आदिवासी पो. मै. कन्या छात्रावास का निर्माण कार्य 191.510, पालनार में 100 सीटर आदिवासी पो. मै. कन्या छात्रावास का निर्माण कार्य 288.590, ग्राम जावंगा में स्वीमिंग पुल निर्माण कार्य 221.040, जोगिंग ट्रैक एवं बाउंड्रीबॉल निर्माण कार्य 47.130, सामुदायिक भवन गीदम जावंगा में पार्क एवं ट्यूबवेल निर्माण कार्य 49.510, आदिवासी बालक आश्रम बोदली में कार्य 162.760, आदिवासी बालक आश्रम समेली में कार्य 162.760, आदिवासी बालक आश्रम नहाड़ी में कार्य 162.760, आदिवासी बालक आश्रम बुरगुग 162.760, आदिवासी बालक आश्रम पोटाली 162.760, आदिवासी बालक आश्रम कौरगांव 162.760 आदिवासी बालक आश्रम मुस्तलनार 162.760, आदिवासी बालक आश्रम गुमलनार 162.760 आदिवासी पो. मै. बालक छात्रावास गीदम 191.510, आदिवासी नवीन पो. मै. बालक छात्रावास गीदम 191.510, आदिवासी पो. मै. बालक छात्रावास कुआकोण्डा 191.510, आदिवासी पो.मे. बालक छात्रावास कासोली 191.510,

➢शेष पेज 8 पर

# सिटीजन वाचेस इंडिया ने किया सिटीजन प्रोमास्टर का उन्नत संस्करण लॉन्च

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




सिटीजन वाचेस इंडिया ने अपने ग्राहकों को लुभाने के लिए अपने मशहूर ब्रांड 'सिटीजन प्रोमास्टर' के उन्नत संस्करण को भारतीय बाजार में उतार दिया। आयोजित एक समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री अदिति पोहनकर ने सिटीजन प्रोमास्टर का अनावरण किया। इस मौके पर कंपनी ने दावा किया कि 44900 रुपये की कीमत वाली यह घड़ी ग्राहकों को रोमांचित करेगी। कंपनी के मुताबिक यह घड़ी वाटरप्रूफ है और इसे पानी में 200 मीटर अंदर रखने पर भी यह पूरी तरह से सुरक्षित रहेगी। कंपनी के अधिकारियों ने कहा कि हमारे लिए यह ऐतिहासिक क्षण है, क्योंकि 1924 में अपनी पहली घड़ी बनाने वाली कम्पनी सिटीजन अपनी शानदार सफलता की 100वीं सालगिरह मना रही है। कुछ नया देने का उत्साह सटीक काम करने की प्रतिबद्धता कम्पनी की पहचान रही है इसलिए यह अपनी टिकाऊ और स्टाइलिश घड़ियों साथ अपने उद्योग में अव्वल है। इस मौके पर अदिति पोहनकर ने कहा इस खास मौके पर मौजूद होकर रोमांचित महसूस कर रही हूं। प्रोमास्टर लिमिटेड एडिशन सिर्फ एक घड़ी नहीं बल्कि एक स्टेटमेंट है, जिसमें आप स्टाइल, उपयोगिता और सिटिजन की विरासत एक साथ देखेंगे। उन्होंने कहा कि कंपनी ने जिस तरह के दावे किये हैं, उसके मुताबिक यह ग्राहकों के लिए एक बेहतर घड़ी साबित होगी। उन्होंने कहा कि कंपनी के दावों पर वह अपनी प्रमाणिता का मुहर नहीं लगा रही हैं। वह इस बात को परखेंगी कि कंपनी ने जितने दावे किये हैं, उनमें कितनी सच्चाई है।

सिटीजन वाचेस इंडिया के महाप्रबंधक (जीएम-सेल्स एवं मार्केटिंग) संदीप हेगस ने कहा हमारे पास इनोवेशन की विरासत है और हम घड़ी के शौकीन लोगों की चाहत पूरी करने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। यह लॉन्च हमारी इसी प्रतिबद्धता का सम्मान है। प्रोमास्टर लिमिटेड एडिशन इस हकीकत की मिसाल है कि सिटीजन का अपना दायरा रहा है।

## मुनाफे का बजट देना ही केजरीवाल की ईमानदारी का सबसे बड़ा प्रमाण पत्र : आप

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा कि दिल्लीवालों को सारी सुविधाए मुफ्त देने बाद भी मुनाफे का बजट पेश करना पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ईमानदारी का सबसे बड़ा प्रमाण पत्र है। पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि ''आप'' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल रविवार को यहाँ छत्रसाल स्टेडियम में''जनता की अदालत'' कार्यक्रम करेंगे। उन्होंने इस्तीफा देते समय यह तय किया था कि अब वह पूरी दिल्ली में 'जनता की अदालत' में जाएंगे और अपनी बात रखेंगे। उन्होंने कहा कि देश की सर्वोच्च अदालत से जमानत मिलने के बाद भी केजरीवाल ने कहा कि हम जनता से ईमानदारी का प्रमाणपत्र लेकर सत्ता में आएंगे। सिंह ने कहा कि जब दिल्ली की जनता अरविंद केजरीवाल को ईमानदारी का प्रमाण देगी, तब वह मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठेंगे। आजादी के बाद से लेकर तक ऐसा कोई उदाहरण नहीं है, जब किसी मुख्यमंत्री ने इतना साहस दिखाया हो कि उसने एक बार नहीं, बल्कि दो बार अपना पद त्याग कर उसूलों और सिद्धांतों के लिए जनता के बीच में जाकर चुनाव लड़ा हो। आप नेता ने कहा कि जिस तरह दिल्ली की जनता ने हमें पहले 67 और फिर 62 सीटें दी थीं। उसी तरह इस बार भी प्रचंड बहुमत से अरविंद केजरीवाल को ईमानदारी का प्रमाण पत्र देगी और वह मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठेंगे।



# विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव : डॉ. यादव

एजेंसी ◄ सीहोर
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव होता है। पाठ्यक्रम तक सीमित रहने वालों को शिक्षक कहा जा सकता है, लेकिन जो विद्यार्थी के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास पर ध्यान देते हैं, उन्हें सम्मानपूर्वक गुरु का संबोधन प्राप्त होता है। डॉ. यादव ने जिले के कोठरीकलां में वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी के 5वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक वातावरण, सुविधा और मार्गदर्शन उपलब्ध कराते हैं, इसलिये प्रदेश के विश्वविद्यालय के कुलपति को कुलगुरु का संबोधन प्रदान किया गया है, जो भारतीय परंपरा के अनुकूल है। शैक्षणिक संस्थाओं का उत्साह से भरपूर वातावरण और दीक्षांत समारोह की गरिमा विद्यार्थियों में आत्म-विश्वास का संचार करती है। उन्होंने कहा कि वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों में से एक है। यहां प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का प्लेसमेंट सुनिश्चित है। यहाँ भोपाल सहित अमरावती, वेल्लोर, तमिलनाडु के विश्वविद्यालय भारतीय युवाओं को भविष्य के लिए तैयार कर रहे हैं, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता के अनुरूप है। मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में देश आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विश्व में भारत की साख को स्थापित किया है। उनका जीवन देश को समर्पित है, वे एक-एक पल देश के विकास और जन-कल्याण के लिए सक्रिय हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विदेशी विद्यार्थी भी हमारे शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययन के लिए आ रहे हैं। देश की युवा शक्ति भविष्य के भारत की ध्वज वाहक है। भारत में वैज्ञानिक सोच और ज्ञान परंपरा प्राचीन काल से ही पर्याप्त संपन्न रही है। इसके पर्याप्त उदाहरण हमारे प्राचीन ग्रंथो में मिलते हैं। कोविड काल की कठिन परिस्थितियों से संघर्ष में भारत ने अपनी सामर्थ्य और बौद्धिक क्षमता से संपूर्ण विश्व को परिचित कराया। जी-20, आसियान आदि सभी मंचों पर भारत ने अपनी क्षमता का परिचय दिया है। भारतीय अर्थव्यवस्था 2014 में विश्व में 11वें स्थान पर थी, जो अब चौथे स्थान पर है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ ही दीक्षा को जोड़कर चलते हुए अपने परिवार-समाज और देश के लिए समर्पित भाव से कार्य करते हुए आगे बढ़े।

# भाजपा सरकार में बजट के पैसे का बंदरबांट : अखिलेश

एजेंसी ◄ लखनऊ
www.dailypioneer.com



समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में गड्ढ़ा मुक्त के नाम पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और लूट हुई है। यादव ने जारी बयान में आरोप लगाया कि योगी सरकार में विकास कार्य ठप्प है। बजट के पैसे का बंदरबांट हो रहा है। सात साल से भाजपा सरकार सड़कों के गड्ढे नहीं भर पायी। हर साल गड्ढ़ा मुक्त करने के नाम पर हजारों करोड़ रूपये का बजट जारी होता है। फिर उसकी लूट हो जाती है। सड़के जसकी तस रह जाती है। सड़कों के गड्ढ़ों के कारण प्रदेश में हर दिन दुर्घटनाएं हो रही है।

इस सरकार में अब तक कई लोग सड़कों के गड्ढ़ों के कारण मौत के मुंह में जा चुके हैं। उन्होने कहा कि सरकार पूरी तरह नकारा साबित हुई है। आम जनता बेबस है। भाजपाई और ठेकेदार इसे अवसर मानकर जश्न मनाते है। गड्ढ़ामुक्त के नाम पर हजारों करोड़ का बजट जारी होता है। जो ऊपर से नीचे तक बंट जाता है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश को भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया है। सपा प्रमुख ने कहा कि इस सरकार में हो रहे हर निर्माण कार्य में भारी लूट हो रही है। भाजपा की इस झूठ और लूट की सरकार में सड़कों के गड्ढे लोगों की निरन्तर जान ले रहे है। मुख्यमंत्री ने अब तक अपने पूरे कार्यकाल में सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त करने के नाम पर न जाने कितनी बार तारीख दे चुके है लेकिन भ्रष्ट सरकार पर कोई असर नहीं पड़ा। जो बजट जारी होता है सब मिलकर डकार जाते हैं। मुख्यमंत्री के आदेश कागज पर सीमित और बेअसर है।

# फोरलेन समस्याओं का निपटारा तुरंत करें : अनुपम कश्यप

एजेंसी ◄ शिमला
www.dailypioneer.com

शिमला में कैथलीघाट से ढली फोरलेन निर्माण से सम्बंधित विभिन्न मुद्दों पर उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने एनएचएआई और निर्माण कार्य कंपनी को निर्देश दिए है कि मौके पर अगर किसी मुद्दे का समाधान एक सप्ताह के भीतर नहीं हो पाता है, तो ऐसे मुद्दे तुरंत उपमंडलाधिकारी (ना.) शिमला ग्रामीण के ध्यान में लाना अनिवार्य होगा। कश्यप ने कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही प्रभावितों की समस्या के निराकरण के लिए कंपनी और एनएचएआई दोनों सक्रियता दिखाए। शिमला में कैथलीघाट से संजौली के ढली जंक्शन तक फोरलेन परियोजना का निर्माण कार्य दो पैकेज में पूर्ण होना है। इसमें कैथलीघाट से ढली तक पहला पैकेज तथा शकराल गांव से ढली जंक्शन तक द्वितीय पैकेज में निर्माण होगा। बैठक में पुजारली गांव की ओर से वन अधिकार अधिनियम के तहत सर्टिफिकेट न मिलने वाले मुद्दे पर विस्तृत चर्चा की गई। इस पर फैसला लिया गया कि इस सम्बन्ध में राजस्व विभाग विस्तृत रिपोर्ट देगा। वहीं प्रभावितों के साथ इस विषय को लेकर वार्ता की जाएगी। शकराल से ढली पैकेज-2 के तहत डंपिंग साईट में मलबे के निस्तारण को लेकर स्थानीय लोगों के साथ जल्द ही वार्ता की जाएगी। वहीं उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग को चलौठी में निर्माणाधीन टनल से प्रभावित व्यक्ति के घर की वैटिंग रिपोर्ट तुरंत तैयार करने के निर्देश दिए। इस बैठक में कविता ठाकुर उपमंडलाधिकारी शिमला ग्रामीण सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# हिमाचल में आज मनाया जाएगा विश्व शिक्षक दिवस

एजेंसी ◄ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये विश्व शिक्षक दिवस मनाया जाएगा। वैसे विश्व शिक्षक दिवस हर साल पांच अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में मनाया जाता है। इस दिन आध्यापकों को सामान्य रूप से और कतिपय कार्यरत एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों को उनके विशेष योगदान के लिये सम्मानित किया जाता है। इसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा साल 1966 में यूनेस्को और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की, उस संयुक्त बैठक को याद करने के लिये मनाया जाता है, जिसमें अध्यापकों की स्थिति पर चर्चा हुई थी और इसके लिये सुझाव प्रस्तुत किये गये थे। इसे 1994 के बाद से प्रतिवर्ष लगभग 100 से अधिक देशों में मनाया जा रहा है और इस प्रकार वर्ष 2024 में यह 30वाँ विश्व शिक्षक दिवस होगा। 2024 में इस दिवस की थीम है 'शिक्षकों को सशक्त बनाना, लचीलापन मजबूत करना, स्थिरता का निर्माण करना।' यह थीम इस बात पर जोर देती है कि शिक्षकों को सामाजिक जिम्मेदारी और पर्यावरण जागरूकता विकसित करने में छात्रों का समर्थन करने के लिए आवश्यक संसाधन और जानकारी देना कितना महत्वपूर्ण है। शिक्षक उस माली के समान है, जो एक बगीचे को अलग अलग रूप-रंग के फूलों से सजाता है। जो छात्रों को कांटों पर भी मुस्कुराकर चलने के लिए प्रेरित करता है। शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र-निर्माण एवं शिक्षा को हर घर तक पहुंचाने के लिए तमाम सरकारी प्रयास किए जा रहे हैं। इसकी सफलता के सशक्त माध्यम शिक्षक ही है और शिक्षकों को वह सम्मान मिलना चाहिए जिसके वे हकदार हैं। विभिन्न देशों में शिक्षक दिवस अलग-अलग तारीखों को मनाया जाता है। भारत के राष्ट्रपति, महान दार्शनिक, चिन्तक, शिक्षाशास्त्री डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को पांच सितंबर को पूरे देश में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## भारत ने बंगलादेश सरकार ने उसके देश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा

**नयी दिल्ली।** भारत ने बंगलादेश सरकार से अपेक्षा की है कि वह अपने देश में दुर्गापूजा पंडालों पर हमले, तोड़फोड़ और हिन्दू अल्पसंख्यकों पर हमलों को लेकर कार्रवाई करे और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में इस बारे में कई सवालों के जवाब में कहा 'कई बार, उच्चतम स्तर पर भी हमने कहा है कि वहां (बंगलादेश में) अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की जानी चाहिए। हमारी अपेक्षा है कि वहां की सरकार अल्पसंख्यकों तथा दुर्गा पूजा पंडालों को सुरक्षा प्रदान करेगी। दुर्गा पूजा के दौरान होने वाली कोई भी घटना अच्छी नहीं है। दुर्गा पूजा एक शुभ संदेश देती है और मैं इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देता हूं।

## मैनपुरी में जिम संचालक पर फायरिंग

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले के कोतवाली क्षेत्र में स्टेशन रोड पर भीड़भाड़ वाले इलाके में जिम संचालक पर दो युवकों ने फायरिंग की। गोली लगने से एक युवक घायल हो गया, जिसे सैफई रैफर किया गया है। पुलिस के अनुसार जिम संचालक हिमांशु चौहान ने बताया कि आज सुबह खरपरी निवासी गोपाल चौहान और बिछिया गाँव निवासी गोल्डी चौहान शराब के नशे में जिम पर आये और गाली-गलौज करने लगे,उस समय लड़कियां भी जिम पर थीं। युवकों को जिम से निकाल दिया। इस बात पर नाराज दोनों युवक तमंचा लेकर दिन में जिम पर आए और जिम संचालक पर गोली चला दी। चार राउंड चली गोली से एक गोली राहगीर को लग गयी जिससे से वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक गौरव विश्वास को सैफई रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जाँच कर रही है। दिन-दहाड़े शहर के व्यस्ततम बाजार में हुए इस गोली कांड पर लोगों ने पुलिस से कड़ी कार्यवाही की माँग की है।

### देवरिया में छात्राओं से छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के तरकुलवा क्षेत्र में परीक्षा देकर वापस लौट रहीं आठवीं की छात्राओं से बाइक सवार मनचलों की बदसलूकी की। पुलिस इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। सूत्रों ने बताया कि जिले तरकुलवा क्षेत्र में एक विद्यालय से परीक्षा देकर वापस जा रही आठवीं की दो छात्राओं से रास्ते में बाइक सवार मनचलों ने बदसलूकी की। छेड़छाड़ से बचने के लिए एक छात्रा साईकिल छोड़कर भागने लगी जबकि साथ की एक छात्रा साईकिल समेत खेत में गिर गई। छात्राओं के चिल्लाने पर मनचले फरार हो गए। छेड़खानी की सारी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। विद्यालय प्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने यहाँ बताया कि तरकुलवा क्षेत्र का मामला है, जहां दो बालिकाओं कुछ बाइक सवारों द्वारा परेशान करने,पीछा करने का मामला सामने आया है। जो तहरीर मिली है, उसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की पांच टीमें बनाई गई हैं। इस संबंध में सीसीटीवी फुटेज भी देख रहे हैं। कुछ डेफिनेट लीड्स भी मिली है। शीघ्र ही जो अपराधी हैं। उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## तेलंगाना विश्व हिंदू परिषद ने तिरुपति लडडू विवाद पर शीर्ष न्यायालय के आदेश का स्वागत किया

**हैदराबाद।** तेलंगाना विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने दुनिया भर के हिंदुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए तिरुपति लडडू मिलावट मामले की जांच पूरी करने के लिए पांच सदस्यीय स्वतंत्र जांच समिति नियुक्त करने के शीर्ष न्यायालय के निर्देश का स्वागत किया। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. रविनुथला शशिधर ने एक बयान में कहा कि विहिप इस विवाद के सामने आने के बाद से ही इसकी स्वतंत्र जांच की मांग कर रही है। शशिधर ने कहा, 'भक्तों का मानना है कि इस जांच से सच्चाई सामने आ जाएगी।' उन्होंने कहा, ''विहिप का मानना है कि राजनीतिक हस्तक्षेप पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी आने वाले दिनों में 'मुक्त हिंदू मंदिरों' के मामले में एक कदम आगे होगी।

# तीन करोड़ रुपए की ड्रग्स के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

वार्ता ◄ रतलाम
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के रतलाम जिले की ताल थाना पुलिस ने पति-पत्नी सहित चार तस्करों को गिरफ्तार कर लगभग तीन करोड़ रुपए कीमत की ड्रग्स बरामद की है। यह ड्रग्स रतलाम में किसी व्यक्ति से खरीदी गयी थी और उसे मुंबई ले जाना था। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि कल ताल थाना पुलिस ने मुबई निवासी मोहम्मद नदीम, उसकी पत्नी सबा, सुल्तान एहमद और सलमान मोहम्मद नामक चार व्यक्तियों को पकड कर उनके कब्जे से करीब तीन करोड रुपए मूल्य की तीन किलो एमडीएम ड्रग और एक किलो 898 ग्राम डोडाचूरा बरामद किया। इनसे हुई प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को पता चला कि उक्त चारों को कोरियर के रुप में इस्तेमाल किया जा रहा था। मुंबई के किसी व्यक्ति ने इन्हे 27 लाख रुपए दिए थे और ये चारो लोग ट्रेन से रतलाम आए थे। इन्होंने रतलाम में आकर किसी व्यक्ति से तीन किलो एमडीएमए ड्रग खरीदा था। पूछताछ में यह भी पता चला कि आरोपियों का मुखिया मोहम्मद नदीम मुंबई में जूते चप्पल की दुकान लगाता है। एसपी कुमार ने बताया कि ड्रग्स खरीदने के लिए रुपए देने वाले मुंबई के व्यक्ति और रतलाम में ड्रग बेचने वाले व्यक्ति का पता लगाने के लिए आरोपियों से गहन पूछताछ की जाना है। इसके लिए पुलिस ने न्यायालय से आरोपियों का रिमाण्ड मांगा है। एसपी के मुताबिक इससे पहले तक एमडी जैसे आधुनिक ड्रग्स मुंबई से रतलाम लाए जाते थे, लेकिन ये संभवतः पहला मौका है जब रतलाम से ड्रग्स मुबई भेजा जा रहा था। यह चौंकाने वाली बात है। इस बात की पूरी संभावना है कि रतलाम या इसके आसपास कहीं एमडीएमए बनाया जा रहा हो और देश के अन्य भागों में इसकी सप्लायी की जा रही हो।

# तृणमूल कांग्रेस नेता आशीष पांडे तीन दिन सीबीआई की हिरासत में

एजेंसी ◄ कोलकाता
www.dailypioneer.com



पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस नेता एवं कोलकाता में आरजी कर अस्पताल के डॉक्टर आशीष पांडे को शहर की एक विशेष अदालत में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पेश किया जहां से उन्हें तीन दिन की हिरासत में भेज दिया गया। सीबीआई ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितताओं के सिलसिले में आरजीके में तृणमूल कांग्रेस की मेडिकल विंग यूनियन के अध्यक्ष को गिरफ्तार किया। सीबीआई ने अदालत को बताया कि आशीष 2023/2024 में हाउस स्टाफ बनने के योग्य नहीं था लेकिन घोष के संरक्षण में उसे हाउस स्टाफ बनाया गया। घोष को आरजीके वित्तीय घोटाले के दो मामलों में भी गिरफ्तार किया गया है और साथ ही उसपर 9 अगस्त को 31 वर्षीय छात्रा की हत्या में शामिल होने का भी आरोप है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बाद दोनों मामलों की जांच कर रही सीबीआई ने अदालत को यह भी बताया कि आशीष जूनियर डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों को धमकाता था, यहां तक कि डॉक्टरों को भी धमकाता था और संदीप घोष के कहने पर इस धमकी वाली संस्कृति से पैसे वसूलते थे। आशीष पर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप कुमार घोष की सहायता करने का आरोप है। सूत्रों ने बताया कि सीबीआई ने उसका मोबाइल फोन भी जब्त किया है, जिससे अपराधों में कई सुराग मिले हैं। सूत्रों ने बताया कि सीबीआई ने आशीष की 4 दिन की हिरासत मांगी थी, लेकिन उसे तीन दिन की हिरासत मिली और सोमवार को फिर से पेश किया जाएगा। आरजीके के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को तीन अन्य लोगों के साथ सीबीआई ने भ्रष्टाचार के मामले में 2 सितंबर को गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने घोष और ताला पुलिस स्टेशन के ओसी अभिजीत मंडल को हत्या के साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ करने और तथ्य को छिपाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अन्य लोगों में विक्रेता बिप्लव सिंघा (52) और सुमन हाजरा (46) के साथ-साथ अफसर अली खान भी शामिल हैं। जिन्होंने घोष को अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान की थी। एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि घोष और ताला पुलिस स्टेशन के ओसी अभिजीत मंडल दोनों को आज बाद में अदालत में पेश किया जाएगा।

# मानव को मानव बनाने का सर्वश्रेष्ठ कर्म है यज्ञ : आचार्य देवव्रत

वार्ता ◄ हरिद्वार
www.dailypioneer.com




गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा है कि महान वह होता है, जो दूसरों को अपना बना लेता है और स्वयं भी उनका हो जाता है। भारतीय संस्कृति की यही पहचान है। आचार्य देवव्रत देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के मृत्युंजय सभागार में आयोजित देवसंस्कृति व्याख्यानमाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार व देसंविवि द्वारा विश्व कल्याण और मानवता की दिशा में जो कार्य किया जा रहा है, इससे संस्कारवान व विकसित भारत का सपना पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दुनिया का सर्वश्रेष्ठ कर्म यज्ञ है। यह सम्पूर्ण जीवन दर्शन है। मानव को मानव बनाने का मार्ग भी यही है। राज्यपाल विद्यार्थियों से प्रश्नोत्तरी के माध्यम से जुड़े और उन्हें प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। युवा आइकॉन डॉ चिन्मय पण्ड्या जी ने कहा कि भक्ति और शक्ति से ही हम संस्कृति को पोषित कर सकते हैं। मानवता की रक्षा के लिए भारतीय अपना बलिदान करते आए हैं, इस परंपरा को हमें अपनाना चाहिए। युवा आइकान ने कहा कि भारत जागरण की प्रतीक्षा कर रहा है, इसके लिए हम सभी को जागना होगा। इस अवसर पर राज्यपाल ने विभिन्न पत्रिकाओं का विमोचन किया। प्रतिकुलपति डॉ पण्ड्या ने राज्यपाल को प्रतीक चिह्न, रुद्राक्ष माला आदि भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समाज में भारत को व्यसन मुक्त एवं सत्प्रवृत्ति संवर्धन हेतु सामूहिक संकल्प लिये गये। इस दौरान श्रीराम शर्मा आचार्य रचित काव्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त शिवानी कपिराज, द्वितीय-वर्णिका आर्य और तृतीय-विजय धनौला को राज्यपाल ने प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। इससे पूर्व देवव्रत व उनकी धर्मपत्नी दर्शना देवी का देसंविवि पहुंचने पर प्रतिकुलपति डॉ चिन्मय पण्ड्या ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। राज्यपाल ने देसंविवि में स्थित बाल्टिक सेंटर, स्वावलंबन कार्यशाला आदि प्रकल्पों का निरीक्षण किया। देवव्रत ने सपरिवार देसंविवि स्थित प्रज्ञेश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर राष्ट्र की सुख शांति की प्रार्थना की। पश्चात उन्होंने देश रक्षा में अपना सर्वस्व आहुत कर देने वाले वीरों की याद बने शौर्य दीवार में पुष्पांजलि अर्पित की। व्याख्यानमाला में देसंविवि व शांतिकुंज परिवार और गुजरात प्राकृतिक खेती विज्ञान विवि, गुजरात के कुलपति डॉ सीके टिम्बालिया आदि अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## उत्तराखंड के अल्मोड़ा में खेल महाकुंभ का आगाज

**अल्मोड़ा/नैनीताल।** उत्तराखंड में खेल महाकुंभ, 2024 का आगाज हो गया। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने अल्मोड़ा में इसका शुभारंभ किया। खेल महाकुंभ के तहत आज अल्मोड़ा के हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में खत्याड़ी न्याय पंचायत की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस अवसर पर खेल मंत्री आर्या ने कहा कि खेल महाकुम्भ के माध्यम से प्रतिभावान ग्रामीण बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को न्याय पंचायत से ब्लॉक स्तर, जनपद स्तर एवं राज्य स्तर पर अपना दमखम दिखान का अवसर मिलेगा।

# प्रदेश में 'शौचालय कर' का कोई प्रस्ताव नहीं : सुक्खू

वार्ता ◄ शिमला
www.dailypioneer.com



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश में 'शौचालय कर' लगाए जाने के दावों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का ऐसा कोई भी प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक लाभ लेने के लिए इस तरह की बेतुकी और आधारहीन बयानबाजी करने से परहेज किया जाना चाहिए। सुक्खू ने नयी दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि हरियाणा में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी धर्म के नाम पर राजनीति कर रही है। इस तरह के मुद्दों को राजनीतिक लाभ लेने के लिए राजनीतिक रंग देने का प्रयास नहीं करना चाहिए, विशेषकर उस स्थिति में जब आरोप वास्तविकता से परे हों। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए भाजपा ने 5,000 करोड़ की रेवड़ियां बांटीं जिसमें मुफ्त पानी की घोषणा भी शामिल थी। लेकिन भाजपा के इन लोक-लुभावन वादों को अधिमान न देते हुए प्रदेश की प्रबुद्ध जनता ने कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान किया जिसके फलस्वरूप एक मजबूत सरकार का गठन हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कुछ पांच सितारा होटलों को भी मुफ्त पानी देने की घोषणा की थी। सुक्खू ने कहा कि इसके दृष्टिगत पानी पर सब्सिडी का युक्तिकरण करते हुए वर्तमान प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति कनेक्शन 100 रुपये बिल का भुगतान तय किया है। वहीं, आर्थिक रूप से सक्षम परिवारों को प्रदेश के हित में पानी के बिल की अदायगी करने में कोई परेशानी नहीं है।

# महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बृजमोहन अग्रवाल और शिवरतन शर्मा हुए सम्मिलित

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com



महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन कार्यक्रम में रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा शामिल हुए। यह कार्यक्रम अग्रसेन भवन लिंक रोड भाटापारा में सम्मान हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत महाराजा अग्रसेन जी को माला अर्पण और दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। उसके बाद अतिथि बृजमोहन अग्रवाल एवं शिवरतन शर्मा को अंग वस्त्र और प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। बृजमोहन अग्रवाल ने अग्रसेन जयंती और नवरात्रि की बधाई से कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने अग्रवाल समाज को समाज की अगुवाई करने वाला बताया। उन्होंने समाज से एकजुट होने की अपील की जिसके लिए उन्होंने गुरुमंत्र भी दिया। बृजमोहन का कहना था कि, समाज का हर एक व्यक्ति जिस दिन समाज के प्रत्येक गरीब बच्चे की शिक्षा, गरीब लकड़ी की शादी की जिम्मेदारी लेगा और जिस दिन किसी गरीब की पैसे के आभाव में मौत नही होने देगा, उस दिन अग्रवाल समाज वास्तव में एकजुट माना जायेगा। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में और अधिक काम करने पर जोर दिया। उन्होंने बच्चों को संस्कारी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने माता पिता की सेवा को सर्वोपरी बताया। जिसके जरिए समाज और परिवार को एकजुट किया जा सके। कार्यक्रम को उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने भी संबोधित करते हुए कहा कि सर्व समाज की सेवा और सम्मान अग्रवाल समाज की परंपरा रही है। सभी धार्मिक स्थलों में धर्मशालाएं, स्कूल, महाविद्यालय, चिकित्सालय आदि अग्रवाल समाज द्वारा देश भर में संचालित की जा रही है। अग्रवाल समाज एक सक्षम और समृद्ध समाज का रूप धारण कर चुका है और राष्ट्र की तरक्की में अपना अहम योगदान सुनिश्चित कर रहा है। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि महाराजा अग्रसेन ने समतामूलक समाज की स्थापना की थी। बिना किसी भेदभाव के वे अपनी प्रजा को एकजुटता और परस्पर सहयोग की प्रेरणा देते रहे। उनके राज में सर्वसमाज द्वारा हर जरूरतमंद को रोजगार के लिए एक रुपैया और घर बनाने एक ईंट प्रदान करने की परंपरा थी। आज के दौर में महाराजा अग्रसेन द्वारा प्रारंभ की गई श्रेष्ठ परंपराएं अनुकरणीय है। बृजमोहन अग्रवाल एवं शिवरतन शर्मा द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु समाज को बधाई शुभकामनाएं दी और कवि सम्मेलन का आनंद लिया एवं लोकप्रिय कवियों के उद्गार को सुना। उक्त अवसर पर समाज के अध्यक्ष, पदाधिकारी, युवा मंडल, महिला मंडल के पदाधिकारी एवं समाज के बड़े बुजुर्ग, महिला, युवा बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# जगीता मंडावी ने संभाग स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में तीसरा स्थान प्राप्त किया

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





शासकीय बहुद्देश्यीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदलपुर में संभाग स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके प्रायोजक कर्ता छत्तीसगढ़ राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर तथा आयोजक राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद रायपुर तथा जिला प्रशासन और जिला शिक्षा कार्यालय जगदलपुर था। जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जगदलपुर विधायक और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव जगदलपुर महापौर सफिरा साहू जगदलपुर जिला शिक्षा अधिकारी, जगदलपुर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी और भाजपा के वरिष्ठ नेता और पार्षद थे, इस कार्यक्रम में हमारे कोंडागांव जिला के ग्रामीण अंचल हात्मा, विकासखण्ड बड़ेराजपुर की बेटी कु. जगीता मंडावी ने संभाग स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में भाग लिया। जगीता ने अपने मुख्य विषय सतत भविष्य के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के अंतर्गत उप विषय परिवहन एवं संचार से संबंधित रेल दुर्घटना सुरक्षा नाम से मॉडल बनाया था। जगीता के उक्त मॉडल के सलाहकार, परामर्श दाता संदीप कुमार सेन व्याख्याता हाई स्कूल हात्मा थे। जगीता ने चलित मॉडल बनाकर संभाग स्तर से राज्य स्तर तक पहुँच कर अपने परिवार तथा अपने स्कूल का नाम आगे बढ़ाया है। जगीता मंडावी शासकीय हाई स्कूल हात्मा में कक्षा 10वीं की होनहार छात्रा है, शुरु से संकुल स्तर पर दिनांक, ब्लॉक स्तर पर तथा जिला कोंडागांव स्तर पर बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में उसने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुये आज संभाग के प्रदर्शनी में भाग ली और तीसरा स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर के प्रदर्शनी के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। उक्त स्थान के लिए शासकीय हाई स्कूल हात्मा के सभी स्टाफ ने छात्रा जगीता मंडावी को बहुत बहुत बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नगर पालिका में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सम्मान समारोह मनाया गया



पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद भाटापारा में 'स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता, स्वच्छता ही सेवा अभियान' के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया । इस अभियान के तहत नगर के विद्यालयों में स्वच्छता के विषय पर चित्रकला, रंगोली, पेंटिंग, स्लोगन, निबंध, वेस्ट टू आर्ट जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिनमे विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, और स्वच्छता का संदेश दिया। नगर पालिका कार्यालय के सभाकक्ष में सम्मान समारोह कार्यक्रम में छात्र छात्राओं, सफाई कर्मचारियों, विद्युत विभाग के कर्मचारियों, स्वच्छता दीदियों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता गुप्ता, सभापति, श्वेता आलोक मिश्रा, अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील गुप्ता, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफर खां, जिला समन्वयक सुमित कुमार दुबे, अजय नायडू, पूर्णेदु त्रिवेदी, आनंद राठौर, कन्हैया ठाकुर, राकिब बठिया, दीपक मिश्रा, प्रेम साहू और विद्यालयों के शिक्षक, छात्र, सफाई कर्मचारी, स्वच्छता दीदियां उपस्थित रही।

## 'मिनी माता सम्मान वर्ष 2024' के लिए आवेदन आमंत्रित

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं, विशेष रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की एक महिला, अशासकीय संस्था को प्रतिवर्ष ''मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान)'' प्रदान किया जाता है। इसके तहत एक महिला, संस्था को 2 लाख रूपए की राशि तथा प्रशस्ति पटिट्का सम्मान के रूप में प्रदान किया जाता है। अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग से सम्पर्क कर सकते है। आवेदन पत्र 10 अक्टूबर 2024 तक जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रस्तुत कर सकते है।

# कांग्रेस की न्याय यात्रा में शामिल हुए रघु मानिकपुरी





पायनियर संवाददाता ✓ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश के बलौदाबाजार एवं कवर्धा की घटनाओं को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में गिरौदपुरी धाम से लेकर रायपुर तक 130 किलोमीटर लंबी न्याय यात्रा में नारायणपुर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रघु मानिकपुरी के नेतृत्व में नारायणपुर से बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए। छत्तीसगढ प्रदेश कांग्रेस द्वारा आयोजित न्याय यात्रा के समापन अवसर पर छत्तीसगढ प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्व मंत्रीगण मोहन मरकाम, कवासी लखमा, पूर्व विधायक गण चंदन कश्यप, रेखचंद जैन आदि ने एकजुटता का परिचय देते हुए छत्तीसगढ प्रदेश में अराजकता, अशांति एवं उत्पीड़न की घटनाओं के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया। इस अवसर कांग्रेस नेता रघु मानिकपुरी ने कहा कि छत्तीसगढ में सामाजिक न्याय, सद्भावना एवं संविधान की रक्षा सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही कर सकती है। छत्तीसगढ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष एवं बस्तर के पूर्व सांसद दीपक बैज के नेतृत्व में आयोजित विशाल न्याय यात्रा में नारायणपुर से प्रमुख रुप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष रघु मानिकपुरी, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रवि देवांगन, मोहन कवाडे, विजय सलाम, किरण, संजय राय, शेख तौहिद, संतोष राव, तरुण, प्रमोद नैलवल, गजा पटेल, अनवर अली, मोहम्मद जमील, मोहम्मद फहीम आदि उपस्थित हुए।

# प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती परीक्षा कल

पायनियर संवाददाता ✓ कांकेर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती परीक्षा 6 अक्टूबर को अपरान्ह 02 बजे से सायं 4.15 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें कुल 05 हजार 363 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर निलेश महादेव क्षीरसागर ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी एवं सहायक संचालक स्कूल शिक्षा लक्ष्मण कावड़े को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उक्त परीक्षा के आयोजन के लिए जिला मुख्यालय में 20 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर, शासकीय इंदरू केंवट कन्या कॉलेज भीरावाही रोड अलबेलापारा कांकेर, शासकीय विष्णु प्रसाद शर्मा हायर सेकेंडरी स्कूल गोविंदपुर कांकेर, सेंट माईकल हायर सेकेंडरी स्कूल गोविंदपुर, शासकीय नरहरदेव हायर सेकेंडरी स्कूल कांकेर, शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल लट्टीपारा, शासकीय महिला आईटीआई कांकेर, शासकीय जिला शिक्षा संस्थान एवं प्रशिक्षण केन्द्र डाईट कांकेर, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सिंगारभाट, शासकीय कन्या छात्रावास हायर सेकेण्डरी स्कूल सिंगारभाट, सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल कांकेर, शासकीय कन्या हाई स्कूल मांझापारा कांकेर, शासकीय हाई स्कूल शीतलापारा, पैराडाईज हायर सेकेण्डरी स्कूल ईमलीपारा, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल ईच्छापुर, कृषि कॉलेज एवं रिसर्च स्टेशन सिंगारभाट कांकेर, शासकीय हाई स्कूल बरदेभाठा, जुपिटर पब्लिक स्कूल माहुरबंदपारा कांकेर, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल आतुरगांव और जेपी इंटरनेशनल स्कूल सरंगपाल कांकेर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत प्रतिभागी हुए सम्मानित

पायनियर संवाददाता ✓ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत जिले के ऑडिटोरियम में आज स्वच्छता अभियान का समापन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक रूपसाय सलाम, कलेक्टर बिपिन मांझी सहित जनप्रतिनिधियों के द्वारा स्वच्छता की सेवा अंतर्गत चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता, वॉल पेंटिंग, निबंध प्रतियोगिता, कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता, स्वच्छता दौड़ बालक बालिकाओं और स्वच्छता दीदीयों को सम्मानित किया गया। उच्च प्राथमिक शाला बंगलापारा से मोनालिसा मंडल, कस्तूरबा विद्यालय सुलेंगा से खुशी मंडावी, उच्च प्राथमिक शाला बंगलापारा से भूमिका कचलाम चित्रकला प्रतियोगिता के लिए सम्मानित किया गया। इसी प्रकार उच्च प्राथमिक शाला बंगलापारा से सरस्वती, ज्योति और कस्तूरबा विद्यालय सुलेंगा से रीना कचलाम को रंगोली प्रतियोगिता के लिए पुरस्कृत किया गया। उच्च प्राथमिक शाला बंगलापारा से कुमारी पुष्पा, कस्तूरबा विद्यालय से सुलेंगा से सानिया नाग, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से सानिया लहरे को वॉल पेंटिंग के लिए पुरस्कृत किया गया। उच्च प्राथमिक शाला बंगलापारा से मानती उसेंडी, कस्तूरबा विद्यालय सुलेंगा से पिनेश्वरी भुआर्य, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से आशा वड्डे को निबंध प्रतियोगिता से सम्मानित किया गया। कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता के लिए पोटा केबिन देवगांव से संदीप, पोरेंद्र, उच्च प्राथमिक शाला बंगलापारा से धनेश्वरी बघेल, कस्तुरबा विद्यालय सुलेंगा से शिवानी कुलदीप को सम्मानित किया गया। स्वच्छता दौड़ में बालक वर्ग से स्वामी आत्मानंद विद्यालय महावीर चौक से सुफधर कोर्राम, रिंकू, नागसाय, प्रकाश दुग्गा, सिंगोड़ी तराई से देवजीत ध्रुव को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार स्वच्छता दौड़ बालिका वर्ग से स्वामी आत्मानंद विद्यालय महावीर चौक से मुस्कान, कस्तूरबा विद्यालय बंगलापारा से पूजा गोटा, फूलवती, रोशनी सलाम और राजकुमारी को सम्मानित किया गया। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत महिला सहायता समूह के दीदीओं को स्वच्छता में बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से रीता मंडल जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, प्रमिला प्रधान पार्षद,अनिता कोरेटी पार्षद ,भगवती हलधर पूर्व पार्षद ,मंगड़ूराम नुरेटी कोषाध्यक्ष जिला भाजपा सहित सीईओ जिला पंचायत वासु जैन ,अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई, सहायक आयुक्त बद्रिश सुखदेवे , वैशाली मरड़वार उप संचालक समाज कल्याण ,आशीष कोर्राम सीएमओ नगर पालिका आदि उपस्थित थे।

# मॉडल गांव अंतर्गत सोयाबीन समूह फसल प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

भारत तिलहन का सबसे बड़ा उत्पादक है, लेकिन खाद्य तेलों का घरेलू उत्पादन देश में खाद्य तेलों की बढ़ती मांग के साथ तालमेल नही रखता है। इससे खाद्य तेलों के आयात में पर्याप्त वृद्धि हुई है। इसलिए भारत में तिलहन के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2024 से 2027 तक कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय विभाग द्वारा देश के विभिन्न राज्यों में तिलहन को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वाकांक्षी परियोजना मॉडल गांव के तहत (राष्ट्रीय तिलहन मिशन) समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन जो आने वाले तीन वर्षो 2024-25 से 2026-2027 तक लिया जाना हैं। जिसके अंतर्गत कबीरधाम जिले को लगभग 200 हेक्टेयर में सोयाबीन फसल का प्रदर्शन प्राप्त हुआ। जिसमें सोयाबीन फसल के लिए 145 हेक्टेयर में प्रदर्शन विकासखण्ड सहसपुर लोहारा के ग्राम-सोनपुर, सिंगारपुर एवं कोसमंदा में लिया जा रहा है। जिसमें कृषकों को योजना के दिशा निर्देशानुसार उन्नत किस्म के प्रमाणित बीज जो 10 वर्ष के अंदर के अवधि का बीज सोयाबीन किस्म जे.एस. 20-116 में बीजोपचार के लिए पी.एस.बी., राइजोबियम कल्चर कृषकों को वितरण किया गया। प्रदर्शन पूर्व कृषकों को संगोष्ठी के माध्यम से सोयाबीन की वैज्ञानिक पद्धति की संपूर्ण जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. बी.पी. त्रिपाठी द्वारा तिलहन उत्पादक किसानों को कृषकों को 2-3 वर्ष के अंतराल में मिट्टी पलटने वाले हल से खेत की गहरी जुताई करने एवं बीज उपचार करने के पश्चात ही बुआई करने की सलाह दी गई एवं किसानों को बुवाई पद्धति में चौड़ी क्यारी पद्धति एवं सीड ड्रील से बुवाई हेतु प्रेरित किया गया।

## गांधी जयंती पर स्वच्छता पखवाड़ा का समापन

# शिक्षा और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाये : वासु जैन

पायनियर संवाददाता ✓ नारायणपुर
www.dailypioneer.com




युवा एवं खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, और शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर, बस्तर के निर्देशन में शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया गया। यह अभियान 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' की थीम पर आधारित था। गांधी जयंती के अवसर पर समापन समारोह में मुख्य अतिथि वासु जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत नारायणपुर ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सखा राम कुंजाम ने स्वागत भाषण में स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया और छात्रों को प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि जैन ने अपने उद्बोधन में स्वच्छता अभियान की शुरुआत और नारायणपुर में शिक्षा की स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने युवाओं और शिक्षकों से शिक्षा और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने ÷जाबो वोटर÷ कार्यक्रम के अंतर्गत सभी 18 वर्ष से अधिक उम्र के छात्रों को आगामी नगर पालिका आम चुनाव और पंचायत चुनाव में अनिवार्य रूप से अपने नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने का आग्रह किया। अंत में उन्होंने सभी उपस्थित शिक्षकों और छात्रों को मतदान के प्रति जागरूकता की शपथ दिलाई।

इस आयोजन में छात्रों ने रंगोली, पोस्टर और भाषण प्रतियोगिताओं में भाग लेकर स्वच्छता के प्रति अपने विचार प्रस्तुत किए। एम.एस.सी. की वंदना कुमेटी ने पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रंगोली प्रतियोगिता में गीता और भाषण प्रतियोगिता में भूपेंद्र कुमार ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस कार्यक्रम के दौरान एन.एस.एस. के जिला संगठक अधिकारी भगवान दास चांडक, महाविद्यालय एन.एस.एस. प्रभारी विकास चंद्र विशाल, वाणिज्य विभाग के संतोष कुमार राव, कीड़ा अधिकारी सावन कुमार पडोटी, कंप्यूटर विभागाध्यक्ष संदीप कुमार, डॉ. विजय लाल तिवारी, डॉ. विजेत्री विक्रम सिंह सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# रामलीला में पंचमी 7 अक्टूबर को मार्मिक प्रसंग सत्यवादी राजा हरिशचंद्र नाटक का होगा मंचन

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के 105 वर्ष प्राचीन ऐतिहासिक भाटापारा की आदर्श रामलीला नाटक मंडली के मंच पर नवरात्र के पंचमी दिवस 7 अक्टुबर सोमवार को सत्यवादी राजा हरिशचंद्र उर्फ गुलशन का नाग संगीतमय नाटक की भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। अत्यंत मार्मिक एवं दिल दहलाने वाली करूणा रस से भरी सत्यवादी राजा हरिशचंद्र की कथा का नाटकीय मंचन जिसमें राजा को अपने सत्यधर्म निभाने एवं अपने पूर्वजों की मर्यादा की रक्षा के लिए अपने परिवार सहित भरे बाजार में बिकने और एक राजा होकर समय की मार को झेलते हुए अपने धर्म का पालन करने तथा अपने पतिव्रत का पालन करते हुए राजा की रानी और अपने पुत्र धर्म को निभाने एवं अपने कुल की मर्यादा को मर्यादित रखने के लिए अपने पिता का साथ देते हुए अपने प्राणो की आहुति देने वाले पुत्र की बहुत की मार्मिक कथा का मंचन किया जाएगा जो निश्चित तौर पर दर्शको को भाव विभोर करते हुए आंखों में आँशु ले आएगा । ऐसी शानदार प्रस्तुति आदर्श रामलीला के वरिष्ठ एवं बाल कलाकारो के द्वारा नवरात्र की पंचमी पर रात्रि 8 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। नाटक मंचन में रामलीला के अनुभवी एवं वरिष्ठ कलाकार कोमल शर्मा के द्वारा राजा हरिशचंद्र की अदभुत प्रस्तुति रहेगी एवं रानी तारामती का किरदार आयुश तिवारी एवं पुत्र रोहित के रूप में शुभ केशरवानी, विश्वामित्र सागर जायसवाल तथा पंडित काव्यांश शर्मा, चांडाल लव शर्मा, जोहरा धरमपाल सोनी , अन्य किरदारो में आदित्य सोनी, मुकूल शर्मा एवं अन्य कलाकार नजर आएगें।

### रामलीला संचालन समिति करेगी रामलीला और नाटको के मंचन की व्यवस्था

संरक्षक मंडल में सत्यनारायण जोशी, कैलाशचंद पुरोहित, शिवरतन शर्मा, संतोष अग्रवाल, बाल गोविंद तिवारी, देवेन्द्र गुप्ता,देवनारायण शर्मा, अनिल चांडक, बजरंग लाल चौरसिया एवं समिति के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष जगदिश वैष्णव, सचिव कोमल शर्मा, हेमंत मल,धनजी जोशी, सूर्यकांत शुक्ला, मनोज गुप्ता, विनय ठाकुर, राहुल तिवारी, शिवनारायण गुप्ता, सिद्धांत जाधव द्वारा व्यवस्थित किया जाएगा।

# न्यूवोको सीएसआर ने चलाया सघन स्वच्छता अभियान

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर रिसदा और न्यू विस्टा सीमेंट की संयुक्त भागीदारी








पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला कलेक्टर दीपक सोनी की प्रेरणा तथा न्यूवोको सीमेंट के क्लस्टर हेड राजू रामचंद्रन, सी.एस.आर.हेड अमित रेले एवं जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अवस्थी एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अभिजीत बेनर्जी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कार्यक्रम स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत न्यू विस्टा लिमिटेड के सहभागी गांवों में 16 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाडा का मनाया गया जिसमें 2024 के थीम स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता कार्यक्रम हेतु बनाये गये रुपरेखा के अनुरुप स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम, स्कूल स्तरीय निबंध लेखन, नारा लेखन, वाद विवाद प्रतियोगिता, परिचर्चा, हाथ धुलाई, जागरुकता रैली, गीले एवं सूखे कचरे का प्रदर्षन आदि के साथ ही साथ सार्वजनिक स्थानो जैसे अस्पताल, आंगनवाडी केन्द्र, स्कूल, हेंडपंप, कुओं तथा तालाबों के आसपास श्रमदान के गंदगी की साफ सफाई कर आमलोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस पूरे अभियान मे नूवोको सीएसआर टीम, आयुष्मान आरोग्य मंदिर रिसदा, स्वसहायता समूह, मितानिन, आंगनवाडी कायकर्ता, ग्राम पंचायत, ट्रेनिंग सेंटर के प्रषिक्षार्थी, स्कूल के प्रबंधन तथा बडी संख्या में विद्यार्थियों ने अपनी भागीदारी देकर अभियान को सफल बनाया। न्यूवोको सीमेंट के क्लस्टर हेड राजू रामचंद्रन ने अपने संदेश में कहा कि स्वच्छता एक ऐसा महत्वपूर्ण अभियान है जो स्वयंए समाजए और पर्यावरण के लिए फायदेमंद है। स्वच्छता स्वस्थ रहने का माध्यम है हम स्वच्छता अपनाकर खुद को रोगों से बचा सकते हैं और स्वस्थ रह सकते हैं। यह बीमारियों के प्रसार को रोकता है और अच्छे स्वास्थ्य को सुरक्षित रखता है। स्वच्छता हम सबकी जिम्मेदारी है और इसे हमे अनिवार्य रुप से करना चाहिये। कार्यक्रम का नेतृत्व न्यूवोको सीएसआर हेड चन्द्रशेखर उपाध्याय ने की तथा पूरे देशभर मे चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान के बारे में बताया तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर रिसदा के प्रभारी डॉ अविनाश केसरवानी तथा समन्वयक विकास जायसवाल ने स्वच्छता के महत्व और इसमें हमारी भागीदारी के बारे में बताया गया। अभियान में जनसमूह को स्वच्छता शपथ दिलायी गयी कि वे प्रतिदिन स्वेच्छा से श्रमदान करके अपने गांव को साफ सुथरा रखेंगे।

# गांधी चौपाल लगाकर स्वच्छता का दिया संदेश स्वच्छता दिवस मनाया गया





पायनियर संवाददाता ◄ कुरूद
www.dailypioneer.com

संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई -01 के तत्वाधान में गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों के द्वारा महाविद्यालय के मुख्य गार्डन की सफाई कर श्रमदान किया गया। तत्पश्चात गांधी चौपाल लगाकर गांधी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व तथा स्वच्छता के संबंध में गांधीजी के विचार विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी के मुख्य अतिथि चुड़ामणि साहू शिक्षक थें। मुख्य अतिथि की आसंदी से उन्होंने कहा कि गांधीजी को राष्ट्रपिता कहा जाता है, वें राष्ट्रपिता ऐसे ही नहीं बनें हैं, उनके राष्ट्रपिता बनने के पीछे बहुत संघर्ष रहा है। वें आजीवन सत्य की राह पर चलें और वें अंहिसा के प्रबल समर्थक थें। गाँधीजी के द्वारा जितने भी आंदोलन हुए, सत्याग्रह हुए उसमें उन्होंने कभी भी हिंसा का सहारा नहीं लिया। वें अहिंसा के माध्यम से ही अपनी बातों को अंग्रेजों को मनवाने का प्रयास कियें और इससे उनकी छवि पूरे देश में अच्छी बनी जिसके कारण ही वें आगे चलकर राष्ट्रपिता कहलायें। स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम के संबंध में उन्होंने कहा कि स्वच्छता का भाव हमारे संस्कार में, हमारी आदतों में होना चाहिये। महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष भोजराज चंद्राकर नें कहा कि स्वच्छता एक दिन में नहीं आयेगी इसके लिये निरंतर प्रयास करनें की आवश्यकता है। इसके लिये लोगों के बीच जाकर उन्हें जागरूक करना पड़ेगा कि वें डस्टबिन का उपयोग करें एवं कचरें को कहीं भी खुले स्थान में ना डालें आगे उन्होंने कहा कि भारत धीरे-धीरे स्वच्छ बन रहा है। आप देखिये स्वच्छ भारत मिशन के आनें से गाँवों में बड़ा परिवर्तन आया है गाँव-गाँव में शौचालय बननें से गाँव का परिवेश और वातावरण स्वच्छ हुआ है और यह सब परिवर्तन धीरे-धीरे ही आया है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार नें कहा कि गांधीजी केवल बाहरी स्वच्छता पर ही ध्यान नहीं देतें थें बल्कि वें आंतरिक स्वच्छता की भी बात करते थें।

# भक्तों की बढ़ती संख्या के मध्य गरबा महोत्सव का आगाज

## विकास मित्र मंडल के तैयारी सराहनीय








पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

नवरात्र पर्व में गरबा महोत्सव के प्रथम दिवस ही भक्तों का भीड़ उमड़ पड़ा। रायपुर जिला तिल्दा-नेवरा नगर में विकास मित्र मंडल के द्वारा गरबा महोत्सव का कार्यक्रम जारी है । गौरतलब हो कि पूर्व में निर्धारित गरबा महोत्सव स्थल का परिवर्तन कर सौरब पार्क, राजस्थान हार्डवेयर के पिछे किया गया है। चुंकि प्रशिक्षण के दौरान भक्तों की बढ़ते संख्या के चलते जगह परिवर्तन किया गया है। लेकिन देखा जा रहा है कि चयनित स्थल सौरब पार्क भी भक्तों की संख्या के अनुरूप सीमीत होता जा रहा है, विकास मित्र मंडल के द्वारा आयोजित गरबा महोत्सव के प्रथम दिवस ही भक्तों का हुजुम देखा गया। भारी संख्या में भक्तगण गरबा महोत्सव में शरीक हुए ।वहीं गरबा महोत्सव के प्रतिभागियों को भाजपा के जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल के हाथों पुरस्कृत भी किया गया। जिनमें बहुतायत संख्या में एकल ग्रुप, युगल ग्रुप व सामूहिक रूप से गरबा महोत्सव का हिस्सा बने भक्तों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर समाज के गणमान्य व प्रबुद्धजन नागरिक उपस्थित थे।

# जल संरक्षण में समुदाय की भूमिका और सहभागिता के साथ मनाई गई गांधी जयंती

## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने ग्राम केसदा में किया आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा गांधी जयंती के अवसर में ग्राम पंचायत केसदा में विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन की थीम को लेकर एवं बुरा न बोलो- बुरा न सुनो- बुरा न देखो पर रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत के सरपंच,पंच जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों एवं जल बहनियो तथा ग्राम वासियों द्वारा ग्राम के चौक चौराहे, ग्राम के हैंडपंप के आसपास, पानी टंकी के आस-पास, ग्राम पंचायत, बाजार चौक आदि में साफ सफाई का कार्य किया गया। इसके साथ ही आईएसए स्टाफ पुष्पलता सुरतांगे की उपस्थिति में जल बहिनियों द्वारा ग्राम के सभी स्त्रोतों का जल परीक्षण किया गया एवं जल जीवन मिशन योजना के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जल को बचाना है कल को बचाना है जैसे विभिन्न नारों के साथ जागरूकता रैली का आयोजन संपूर्ण गांव मे किया गया। ग्राम पंचायत केसदा के निवासियों को जल-जीवन मिशन योजना के बेहतर संचालन से पर्याप्त शुद्ध पेयजल मिल रहा है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक घर में नल कनेक्शन प्रदान कर शुद्ध पेयजल की सुविधा प्रारंभ हो गई है। जिससे ग्राम के सरपंच और ग्रामीण बेहद खुश हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत केसदा में हर घर जल सिंगल रेट्रोफिटिंग स्कीम योजना के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने उच्च स्तरीय पानी की टंकी का निर्माण किया और पाइपलाइन का विस्तार किया। इस योजना के माध्यम से अब हर घर में प्रतिदिन सुबह और शाम शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है। ग्राम पंचायत के सरपंच किरन ध्रुव ने बताया कि पहले ग्राम में पानी की कमी की वजह से काफी समस्याएं थी। जल-जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी और नल कनेक्शन के माध्यम से हर घर में पानी पहुँच रहा है। जिससे कुछ हद तक समस्या हल हो गई है। ग्राम केसदा की सरपंच, जल बहिनियां जैसे सुमित्रा वर्मा, जानकी वर्मा, अनिता नायक, तिजिया निर्मलकर, राजेश्वरी वर्मा ने बताया कि पहले उन्हें हैंडपंप से पानी लाने के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता था। लेकिन अब घर में नल लगने से उन्हें पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पानी मिल रहा है जिससे उनका जीवन बहुत आसान हो गया है। इस मौके पर ग्राम के सरपंच, पंच, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से मनोज राठौर, राज कुमार कोसले, प्रकाश वालदे, जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य व जल बहिनियों तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सांसद रूपकुमारी चौधरी ने किया महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली लंबर गांधी जयंती के अवसर पर दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्कूल परिसर में स्थापित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा का अनावरण एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठन डॉ मालती तिवारी ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बसना जनपद पंचायत अध्यक्ष रुक्मणी पटेल, पूर्व विधायक रामलाल चौहान, समाजसेवी अनीता चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, दुर्गा शिक्षण सेवा समिति अध्यक्ष गुलाब सिंह तोमर, भंवरपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष विद्याचरण चौधरी उपस्थित थे कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं गणेश जी की पूजा अर्चना के साथ की गई। अतिथियों का पुष्प एवं माल्यार्पण के साथ स्वागत किया गया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा स्कूल परिसर में स्थापित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा का अनावरण तथा महात्मा गांधी के चरणों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मुख्य अतिथि के आसंदी से रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि परिसर के सामने विवेकानंद जी की मूर्ति स्थापित है और बगल में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा का अनावरण हो रहा है। इन मूर्तियों को देखकर विद्यार्थियों को उनके आदर्शों पर चलने के लिए हमेशा प्रेरणा मिलती रहेगी। छात्रों की ओर मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि आज विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास जरूरी है। आज के इस कार्यक्रम में छात्रों ने गीत, संगीत, नृत्य, चित्रकला एवं रंगोली के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। ऐसी प्रतिभाएं गांव में छुपी हुई है। जिसे निखारने का काम विद्यालय में होता है। उन्होंने यह भी कहा कि आज की बेटियां सिर्फ चूल्हे चौके तक सीमित नहीं हैं बल्कि आसमान की ऊंचाइयों को छूने बेताब हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्रों को प्रोत्साहन मिलता है और आत्मविश्वास भी बढ़ता है। सफलता के लिए आत्मविश्वास सबसे जरूरी चीज है। किसी को किसी से तुलना नहीं करनी चाहिए हर कोई अपने आप में श्रेष्ठ है इस भावना के साथ कार्य करने से सफलता उसके कदम चूमती है। उन्होंने स्वच्छता ही सेवा अभियान के संबंध में कहा कि विद्यालय परिसर को देखकर लगता है कि यहां के विद्यार्थी और शिक्षक स्वच्छता के प्रति कितने समर्पित हैं। आज इस स्कूल परिसर से ही स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। सन 2014 में जब लाल किले से प्रधानमंत्री ने शौचालय की बात की तो विरोधी कहते थे कि शौचालय की बात लाल किले से की जा रही है। आप सब जानते हैं कि पहले गंदगी की वजह से सड़क किनारों से होकर गुजरना भी मुश्किल था। शौच के लिए बहू बेटियों को शर्मिंदगी झेलनी पड़ती थी मगर हर घर में शौचालय बनाकर प्रधानमंत्री ने एक इतिहास रचा है। यह सब मोदी की सोच से ही संभव हुआ है। पहले झाड़ू पकड़ने के काम को छोटा समझते थे मगर जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झाड़ू पकड़ कर निकले तो पूरा भारत उनके साथ चलने को तैयार हो गया। जिसके परिणामस्वरूप गांव की गलियां सड़कें कितनी साफसुथरी नजर आती है। कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता बशर्ते काम को ईमानदारी और निष्ठा के साथ किया जाए। डॉ मालती तिवारी ने गांधी प्रतिमा के अनावरण समारोह को ऐतिहासिक बताते हुए उनके पद चिह्नों पर चलने का आह्वान किया। रुक्मणी पटेल ने प्रेरणादाई गीत प्रस्तुत की। इस अवसर प्रतिमा स्थापित करने के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले बजरंग अग्रवाल एवं लालचंद अग्रवाल का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

# मनरेगा में श्रमिकों को तालाब गहरीकरण कार्य से मिली आर्थिक मजबूती



पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण अधिनियम (मनरेगा) योजना, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने का एक कानूनी प्रावधान है। इस योजना के तहत हर वित्तीय वर्ष में ग्रामीण परिवारों के वयस्क सदस्यों को कम से कम 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना के तहत श्रमिकों को उनके निवास स्थान के आसपास के ही दायरे में ही रोजगार उपलब्ध कराया जाता है। मैनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बोइरगांव के आश्रित ग्राम बेहराडीह के ग्रामीणों द्वारा सार्वजनिक तालाब गहरीकरण कार्य कराने की मांग किया गया था। इसके पश्चात पंचायत द्वारा उनके कार्य के मांग के अनुरूप प्रस्ताव तैयार कर जनपद पंचायत में प्रेषित किया गया। तकनीकी स्वीकृति उपरांत तालाब गहरीकरण कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृति हेतु जिला पंचायत प्रेषित किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्रामीणों द्वारा निस्तारी व निजी कार्यों के लिए गांव में सिर्फ एक ही तालाब का उपयोग किया जा रहा था। लेकिन तालाब में पानी का ठहराव नहीं होने के कारण ग्रामीणों को निस्तारी के लिए बहुत ही परेशानियों का सामना करना पडता था, जिसके कारण ग्रामीणों के द्वारा तालाब का गहरीकरण कराने का प्रस्ताव रखा गया।

# बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ योजना का मकसद है लैंगिक भेदभाव से निपटना, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना : दीक्षा बारिक



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 2 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पैकिन स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक दीक्षा बारीक़ ने बालिकाओं को सम्बोधित करते हुए बताया की बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ योजना का मकसद है लैंगिक भेदभाव निपटना, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, लैंगिक पूर्वाग्रह के बारे में जागरूकता बढ़ाना, लड़कियों के लिए कल्याणकारी सेवाओं को बढ़ाना, बाल लिंगानुपात में गिरावट को रोकना, बालिकाओ के लिए शिक्षा का महत्व महिलाओं का परिवार, समाज व राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। बालिकाओ पर भी किसी भी देश का भविष्य निर्भर करता है। क्योकि बालिकाएं आगे चलकर माँ बनती है और माँ किसी भी परिवार की केन्द्रीय इकाई होती है। यदि माँ को शिक्षा प्राप्त नहीं है और वह बचपन से ही कुपोषण व अज्ञानता की शिकार है, तो वह एक स्वस्थ शिक्षित परिवार व उन्नत समाज को जन्म देने में विफल रहेगी. अतः बालिका के लिए शिक्षा नितांत आवश्यक है। महिला बाल विकास द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं को अधिक अवसर प्रदान के महत्व पर प्रकाश डालना और बालिकाओं द्वारा शिक्षा, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सा देखभाल भेदभाव, हिंसा और बाल विवाह से सुरक्षा मे आने वाली असमानताओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से प्राचार्य वाय भोई, शिक्षक बी एल तांडी, पी एन भोई, बी एन मिश्रा, डी एन चौधरी, एस के साहू, एस के पटनायक, डी एल भोई, आर एल तांडी, पी तिवारी, आँगनबाड़ी कार्यकर्ता गीता उपस्थित रहे।

# दुर्गापाली के छात्र प्रियांशु सिदार का एमबीबीएस में चयन



भंवरपुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गापाली के भूतपूर्व छात्र प्रियांशु सिदार पिता शत्रुघन सिदार, माता चारबाई सिदार का चयन एमबीबीएस में अध्ययन के लिए चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद में हुआ है, प्रियांशु सिदार पूर्व से ही मेधावी छात्र के रूप में जाना जाता था कक्षा दसवीं में 91.8% अंको के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं कक्षा बारहवीं में78.60% के साथ कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया और दूसरे प्रयास में उनका चयन हो गया, अपनी सफ्लता का श्रेय समस्त गुरुजनों एवं माता पिता को दिया, उनके इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य निमंकर पटेल सहित व्याख्याता गण पुनितलाल चौधरी, सीता सिंह, जयदेव साहू, शिवप्रसाद पटेल, राजेश पंडा, भूपेंद्र खूंटे, अंगदकुमार अजगर आशीष कुमार दीवान, रजनी राठिया, केदार पटेल सहित विद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं ने उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# करीब 3500 मनोकामना ज्योत प्रज्वलित

## फुलझर के ऐतिहासिक दुर्ग पर विराजित है माँ रामचंडी देवी का भव्य मंदिर



पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

फूलझर अंचल के ग्राम गढ़फूलझर से लगे प्राचीन एवं ऐतिहासिक दुर्ग पर स्थित माँ रामचंडी मंदिर में शारदीय नवरात्र का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। प्रथम दिवस से ही माँ रामचंडी का दर्शन करने बड़ी संख्या में भक्त पंहुच रहे हैं। रामचंडी मंदिर में वैसे तो बारहों महीने श्रद्धालुओं की चहल-पहल रहती है मगर नवरात्र पर्व में भक्तो की संख्या अन्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा रहती है। पूरे 9 दिनों तक विशेष पूजा, अर्चना, आरती के साथ भजन कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। प्रथम दिवस से ही माँ रामचंडी का दर्शन करने बड़ी संख्या में भक्त पंहुच रहे हैं। प्रथम दिवस कलश एवं चुनरी यात्रा निकाली गई। आस्था के ज्योत प्रज्वलित कर लोगों के सुख समृद्धि की कामना की गई। नवरात्र में प्रतिदिन भक्तों के लिए प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। जिसमें ठाकुरपाली शाखा सभा के सहयोग के लिए अन्य शाखा सभा द्वारा सहयोग किया जा रहा है। शक्ति स्वरूपा देवी के रूप में पूजा पा रही है माँ रामचंडी माँ रामचंडी देवी फुलझर अंचल में बड़ी संख्या में निवासरत कोलता समाज की आराध्य देवी है। मगर यह मंदिर आज हर समाज, हर वर्ग के लिए आस्था एवं श्रद्धा का केंद्र बन चुका है। बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज के संरक्षक हरिचरण प्रधान ने बताया कि माँ रामचंडी मंदिर का निर्माण 1994 को प्रारंभ किया गया जिसका प्राण प्रतिष्ठा 2001 में हुआ। यह फूलझर अंचल का एकमात्र रामचंडी देवी का मंदिर है। प्रभु श्रीराम ने लंका विजय के लिये जिस शक्ति स्वरुपा देवी की पूजा की वही शक्ति स्वरूपा देवी मां रामचंडी गढ़ फुलझर में विराजित होकर पूजा पा रही है। मां रामचंडी देवी का मंदिर एक पहाड़ी ऊपर प्राचीन किले पर स्थित है। जहां करीब सवा 5 फुट ऊँची देवी की भव्य प्रतिमा स्थापित है। मां का दर्शन करने के लिए मुख्य द्वार से एक सौ इक्कीस सीढ़ियाँ चढ़ना पड़ता है। मंदिर के मुख्य द्वार एवं गर्भ गृह के चारों ओर आकर्षक कलाकृतियां बनाई गई है। मंदिर के प्रवेश द्वार के ठीक सामने बजरंगबली एवं शिव पार्वती की अर्धनारीश्वर की विशाल प्रतिमा स्थापित है। मंदिर के बगल में ही रणेश्वर मंदिर निर्माणाधीन है। मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष चंद्रकांत भोई ने बताया कि यहां शारदीय नवरात्र के दौरान कोलता समाज के साथ साथ अन्य समाज के भक्त भी मनोकामना ज्योत प्रज्वलित करवाते हैं। नवरात्र में अन्य समाज के लोग भी बड़ी संख्या में देवी के पूजा कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं।

# कुरूद दशहरा महोत्सवः रजत जयंती 25वां वर्ष के शुभारंभ पर रंगसरोवर की मनभावन प्रस्तुति






पायनियर संवाददाता ◄ कुरुद
www.dailypioneer.com

शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस खेल मैदान में कुरूद दशहरा महोत्सव रजत जयंती वर्ष 2024 का भव्य शुभारंभ किया गया, इस अवसर पर मुख्य अतिथि अजय चन्द्राकर के प्रतिनिधि के रूप में मानस मर्मज्ञ एलपी गोस्वामी थे, अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष और महोत्सव के संरक्षक तपन चंद्राकर ने की। विशिष्ठ अतिथि के रूप में महोत्सव के संरक्षक एवं नगर पंचायत कुरूद के पूर्व अध्यक्षगण अध्यक्ष निरंजन सिन्हा, ज्योति चंद्राकर, राजकुमारी दीवान, नगर पंचायत उपाध्यक्ष मंजू साहू, महोत्सव के अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, महासचिव भानु चंद्राकर कोषाध्यक्ष बसंत सिन्हा, मुमा देवी सुखरामणी, रंगसरोवर के संचालक भूपेंद्र साहू और मीना बाजार के संचालक छोटू सिन्हा आदि थे। उद्बोधन के क्रम में मुख्य अतिथि गोस्वामी ने महोत्सव के अब तक के सफर को शानदार बताते हुए इससे जुड़े लोगो को याद कर इसे कुरूद नगर के लिए ऐतिसाहिक बताया। निरंजन ने 25 वर्षों से चले आ रहे इस आयोजन की तारीफ की और कहा कि सभी के द्वारा मिलजुलकर आगे भी और अच्छा बनाने का प्रयास किया जाएगा, ज्योति ने कहा कि किसी भी नगर की पहचान वहां की संस्कृति और परंपरा होती है, जिसे सहजने में हमारे प्रेरणा स्रोत और दशहरा महोत्सव के मुख्य संरक्षक अजय चंद्राकर एवं कुरूद के गणमान्यजनों ने अपने समर्पण से इसे साकार किया है, जिसका स्वरूप आपको कुरूद दशहरा के रूप में नजर आ रहा है, तपन ने भी आयोजन की तारीफ करते हुए मिलजुलकर आगे और बेहतर कार्य करने के लिए कार्य करने की बात कही, इस दौरान महोत्सव के पूर्व अध्यक्ष रहे स्व. कुशल सुखरामणी की स्मृति में उनके किए गए योगदान के लिए कुरूद दशहरा महोत्सव समिति द्वारा उनकी धर्मपत्नी मुमा देवी सुखरामणी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, वहीं रंग सरोवर के संचालक भूपेंद्र साहू और मीना बाजार के संचालक छोटू सिन्हा को भी स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। इसी तरह मंच पर आसीन अतिथियों को भी मंच अतिथि सम्मान के रूप में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत मंच पर भव्य आतिशबाजी के साथ इस आयोजन का रंगारंग शुभारंभ हुआ। इसके उपरांत भूपेंद्र साहू कृत रंग सरोवर की मनभावन प्रस्तुति प्रारंभ हुई, जिसमे कलाकारों ने पारंपरिक चौमासा से इसकी शुरुआत की। साथ ही सरगुजा, बस्तरिहा, करमा, सुआ, ददरिया, जसगीत, प्रेम और वियोग श्रृंगार रस से जुड़े गीत सहित एक से बढ़कर मनभावन गीतों की श्रृंखला की प्रस्तुति हुई। अरपा पैरी के धार, मोर आजा सजन, मोर मया के तै करन सुआ रे, फूल झरे हांसी आदि गीतों ने पारंपरिक गीतों की यादों में लोगो के दिलो में मन को महका दिया, अंत में माता जससेवा गीत के साथ इस मनभावन कार्यकम की प्रस्तुति का समापन हुआ। कार्यक्रम के अंतिम चरण में महासचिव भानु चंद्राकर ने आयोजन के पदाधिकारियों के साथ महोत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष रहे स्व. कुशल सुखरामणी को याद करते हुए उनकी स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उनके सुपुत्र मोहन सुखरामणी, राकेश सुखरामणी भी मंच पर उपस्थित थे। अंत में आभार प्रदर्शन करते हुए महासचिव भानु चंद्राकर ने कार्यक्रम में शामिल हुए समस्त अतिथियों, गणमान्यजनों सहित क्षेत्र की जनता का आभार जताया और उन्होंने कहा कि हमारे पूर्व तय कार्यक्रम में एक और कार्यक्रम में एक और कार्यक्रम माता का जगराता कार्यक्रम जोड़ा गया है। भानु ने बताया कि प्रतिदिन अलग-अलग रूप में इस आयोजन को सफल बनाने वाले लोगो का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में मंच संचालन महोत्सव के पदाधिकारी प्रभात बैस ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में खिलेंद्र देवांगन, किशोर यादव, खूबलाल चंद्राकर, कोमल साहू, भारत ठाकुर, दौलत ध्रुव, भोजराज चंद्राकर, विनोद चंद्राकर, ज्ञानचंद सिन्हा, भूखन सेन, मनीष अग्रवाल, दिवाकर चंद्राकर, श्रवण साहू, डब्बू निर्मलकर, युवराज सोनकर, अनुशासन आमदे, मूलचंद सिन्हा, जितेंद्र चंद्राकर, कुलेश्वर सिन्हा, हरीश देवांगन, मुकेश कश्यप, प्रमोद साहू, सोहन आमदे, थनेश्वर साहू, कमल शर्मा, केशव चंद्राकर, वंश खत्री, तुलसी साहू, खिलेंद्र साहू, तुकेश साहू, मुकेश ठाकुर सहित आयोजन से जुड़े पदाधिकारियों की सहभागिता रही।

# नक्शा नवीनीकरण के कार्यों को विशेष अभियान चलाकर करें पूर्ण : कलेक्टर चौधरी

- राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में करने के दिए निर्देश, कलेक्टर ने की राजस्व प्रकरणों की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर नक्शा नवीनीकरण की तहसीलवार जानकारी ली। नक्शा नवीनीकरण के कार्य को विशेष अभियान चलाकर शीघ्र पूर्ण करने को कहा। उन्होंने पिछली राजस्व बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए जमीन से जुड़े सभी अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, राजस्व वसूली, नक्शा बटांकन, डायवर्सन की गहन समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर ने विभागीय प्रकरणों के निराकरण में लेटलतीफी करने वाले अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए लंबित प्रकरणों को त्वरित रूप से निराकृत कर दायित्वों का निर्वहन सर्वोच्च प्राथमिकता से करने को कहा। स्वामित्व योजना के प्रकरणों को शीघ्र निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। डिजिटल क्रॉप सर्वे की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि दुर्ग जिले में डिजिटल क्रॉप सर्वे के तहत सभी अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी को डिजिटल क्रॉप सर्वे के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया है। धमधा तहसील को डिजिटल क्रॉप सर्वे हेतु चयन किया गया है, जिसमें धमधा तहसील में कुल 78 ग्राम है, जिसमें 64 ग्राम डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण किया जाना प्रस्तावित है। कलेक्टर ने आधार, मोबाइल नंबर एवं किसान किताब की प्रविष्टि शत-प्रतिशत् करने को कहा। डिजिटल हस्ताक्षर के प्रकरणों को अभियान चलाकर निराकरण करने कहा। नक्शा बटांकन के संबंध में उन्होंने तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी के साथ समन्वय बनाकर हल्केवार निरीक्षण करने को कहा। उन्होंने भू-अर्जन में विभागीय आपसी सहमति से रिकार्ड दूरस्थ किया जाना सुनिश्चित करें। भू-राजस्व की वसूली के लिए विशेष अभियान चलाकर शीघ्र पूर्ण करने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व से संबंधित कोई भी प्रकरण लंबित नही होने चाहिए। उन्होंने राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों तथा तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों से उनके न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरणों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों एवं मुआवजा भुगतान, भारतमाला परियोजना, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रकरणों का भी त्वरित निराकरण करने निर्देश दिए, जिससे प्रभावित लोगों को मुआवजा प्रदान करने में किसी भी प्रकार का विलंब न हो। बैठक में एडीएम अरविंद एक्का, संयुक्त कलेक्टर मुकेश रावटे, एसडीएम लवकेश ध्रुव, सोनल डेविड, महेश राजपूत, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार सहित एएसएलआर उपस्थित थे।

# आयुक्त ने निर्माण कार्यो को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने किया निर्देशित

- शहर में संचालित विकास कार्यो को तीव्र गति से पूरा करें : आयुक्त

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने अपने कक्ष में सभी विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर भविष्य की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए। उन्होंने कहा शहर में विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए पूर्ण करने कहा है।उन्होंने कहा है कि अभी निगम चुनाव भी नजदीक है आचार संहिता लगने से कार्य प्रारम्भ करने में दिक्कत आएगी.इसलिए सभी काम को गति देकर करें.कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखें. विकास कार्यो के लिए जिनका टेंडर हो चुका है उनका कार्यादेश जारी करें.उन्होंने अपूर्ण कार्यों को पूर्ण कराने पर बल दिया.बैठक में अमृत मिशन एवं नाला डायवर्सन के कार्यों को पूर्ण कराने पर जोर दिया. इंदिरा मार्केट में कुआं चौक के पास का शौचालय तोड़कर पिंक शौचालय बनाया जावेगा.गौठान स्थित रोड को भी ठीक करने के निर्देश दिए। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने राजेंद्र पार्क के समीप सौन्दर्यकरण का प्रस्ताव यथाशीघ्र प्रस्तुत करने कहा शहर की सफाई व्यवस्था पर भी सम्बंधित अधिकारी को सतत निगरानी रखने निर्देश दिए।बैठक के मौके पर कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, कार्यपालन अभियंता मोहन पूरी गोस्वामी, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, संजय ठाकुर, वीपी मिश्रा, जितेंद्र समैया, राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, सुरेश केवलानी, राजेन्द्र ढाबाले, आरके जैन, जनसम्पर्क अधिकारी थानसिंह यादव, बाजार अधिकारी ईश्वर वर्मा व कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद मौजूद रहें।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने निर्माण कार्यो को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के लिए भी कहा। शहर में यातायात व्यवस्था बनाये रखने चौक चौराहों से अतिक्रमण हटाने कहा. जिसके अंतर्गत बोरसी हाट बाजार,गाँधी प्रतिमा, पटेल चौक एवं इंदिरा मार्केट जैसे महत्वपूर्ण स्थानों से अतिक्रमण हटाए जाएँ।बैठक में आन लाइन प्राप्त शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए। आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना के भवनों की भी समीक्षाकर उन्होंने कहा जिसके अंतर्गत रिक्त आवासो का आबंटन करने तथा राशि जमा नहीं करने वालों का आबंटन निरस्त करने कहा गया है।

# 07 अक्टूबर से नवीन उप पंजीयक कार्यालय भिलाई-3 का प्रारंभ

- नवीन कार्यालय पालिका बाजार भिलाई-3 में भूतल के दुकान क्रमांक-51, 52, 53 में होगा संचालित

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर पंजीयन (विभाग) द्वारा नवीन उप पंजीयक कार्यालय भिलाई-3 (अचल संपत्ति से संबंधित पंजीयन) जिला दुर्ग प्रारंभ किया जा रहा है। नवीन कार्यालय पालिका बाजार भिलाई-3 में भूतल के दुकान क्रमांक-51, 52, 53 में संचालित होगा। नवीन कार्यालय में पंजीयन कार्य 07 अक्टूबर 2024 सोमवार से प्रारंभ होगा। जिला पंजीयक सु प्रियंका रंगे से मिली जानकारी के अनुसार नवीन उप पंजीयक कार्यालय के प्रारंभ होने से जामुल, अकलोरडीह, हथखोज, सुरडुंग, जरवाय, दादर, पथर्रा, जंजगिरी, चौरहा, कुम्हारी, पुरैना, भिलाई-3. उमदा, सोमनी, गनियारी, मोरिद, देवबलौदा, सिरसाकला, उरला, चरौदा, परसदा, कुगदा की रजिस्ट्रियां स्थानीय रूप से हो सकेंगी तथा पक्षकारों को दुर्ग, धमधा एवं पाटन जाने की आवश्यकता नहीं होगी। पूर्व में जामुल, अकलोरडीह तथा हथखोज की रजिस्ट्रियां उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग में होती थी तथा सुरडुंग, जरवाय, दादर, पथर्रा, जंजगिरी, चौरहा, कुम्हारी की रजिस्ट्रीयां उप पंजीयक कार्यालय धमधा में एवं पुरैना, भिलाई-3. उमदा, सोमनी, गनियारी, मोरिद, देवबलौदा, सिरसाकला, उरला, चरौदा, परसदा, कुगदा की रजिस्ट्रियां उप पंजीयक कार्यालय पाटन में होती थीं। इन सभी क्षेत्रों की रजिस्ट्रियां अब नवीन उप पंजीयक कार्यालय भिलाई-3 में होंगी तथा उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग, धमधा एवं पाटन में नहीं होंगी। उप पंजीयक कार्यालय का स्थानीयकरण होने से इन क्षेत्रों की निवासी आमजनता को जहां पंजीयन कराने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। वहीं उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग, पाटन, धमधा में भी क्षेत्र की कमी होने से कार्यालयों में भीड़ कम होगी। 07 अक्टूबर 2024 से नवीन उप पंजीयक कार्यालय भिलाई-3 में इन सभी क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले अचल संपत्तियों से संबंधित समस्त दस्तावेजों का पंजीयन कराया जा सकता है।

# निगम दे रही सुविधाः टैक्स लेने घर-घर पहुंचेंगे कर्मचारी, जल कर वसूली पर भी फोकस






पायनियर संवाददाता ◀ रिसाली
www.dailypioneer.com

टैक्स कलेक्शन को लेकर नगर पालिक निगम रिसाली गंभीर है। निगम कर्मचारी टैक्स वसूली करने घर-घर दस्तक देंगे। आयुक्त मोनिका वर्मा ने कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दी। टैक्स वसूली का कार्य सोमवार से आरंभ होगा। उल्लेखनीय है कि 6 माह बीतने के बाद लक्ष्य के अनुरूप टैक्स वसूली नहीं हो पाई है। यही वजह है कि निगम ने घर-घर जाकर निगम कोष को बढ़ाने कार्य योजना तैयार की है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने प्रशिक्षण के दौरान कहा कि सोमवार से कर्मचारी फिल्ड में रहकर टैक्स वसूली कार्य करेंगे। कर्मचारी बकायादारों से राशि लेकर सीधे निगम के खजाने में जमा करेंगे। इस दौरान सहायक अभियंता एम.पी. देवांगन, राजस्व विभाग के नोडल जयंत शर्मा, राजस्व विभाग के प्रभारी अधिकारी रवि श्रीवास्तव, राजस्व विभाग के टिकेन्द्र वर्मा उपस्थित थे।

**11 भागों में बटा रिसाली**-आयुक्त मोनिका वर्मा ने रिसाली टाउनशिप को छोड़कर 32 वार्डो को 11 भाग में बांटा है। प्रत्येक वार्ड का कलस्टर तैयार कर प्रभारी बनाया गया है। प्रत्येक प्रभारी को कर वसूल करने 3-4 कर्मचारी दिया है। जो कर वसूली कर सीधे निगम के खाते में जमा करेंगे।

**जल कर के लिए बनेगी आई.डी.**- वर्तमान में निगम अमृत मिशन के तहत घरों तक पानी पहुंचा रही है। लगभग 20 हजार कनेक्शन ऐसे है जिनका अब तक आई.डी. नहीं बना है। आयुक्त ने कड़े शब्दों में निर्देश दिए है जो जल कर की राशि जमा करेगा उसी को पानी मिलेगा। आयुक्त ने संपत्तीकर के साथ जल कर वसूल करने फोकस किया है।

# भेलवा तालाब में सफाई लाईटिंग के साथ होगी सुबह-शाम पुलिस की गस्त

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com



नेहरू नगर भेलवा तालाब हमेशा से शहर का आकर्षण का केन्द्र रहा है, वहां की प्राकृतिक बनावट सब के मन को लुभाता है। वहां पर शहर के हजारो लोग सुबह साम टहलने जाते है। वहां का तालाब और तालाब के किनारे का पेड़ एवं तालाब मे खेलते बतख, हंश आकर्षण का केन्द्र बने रहते है। निगम द्वारा वहां पर ओपन जिम भी लगाया गया है। जहां सुबह-साम सभी लोग व्यायाम करते है। कुछ असामाजिक तत्वो द्वारा वहां पर अभद्रता किया जाता है। जानबुझकर निगम द्वारा लगाये गये लाईट को रात में तोड़ देते है। वहां चारो तरफलगी हुई जो जालियां है, उसे भी काट दिये है। इसकी शिकायत नेहरू नगर रेसिडेन्ट एसोसिएशन, वार्ड पार्षद चंद्रेश्वरी बांधे द्वारा उसको पुनः व्यवस्थित करने की मांग की गई थी। आयुक्त बजरंग दुबे के संज्ञान में जैस ही यह बात आया उन्होने सुबह साम पुलिस गस्त, सफाई व्यवस्था, लाईटिंग एवं संधारण हेतु निर्देशित किए। अभी वहां सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से की जा रही है। लाईट को व्यवस्थित करने के लिए जोन आयुक्त को निर्देशित किये है। बाकी संधारण का कार्य भी शीध्र किया जाएगा। सफाई व्यवस्था देखकर पार्षद चंदेश्वरी बांधे एवं नेहरू नगर रेसिडेन्ट एसोसिएशन के देवेन्द्र भाटिया ने प्रशन्नता व्यक्त की और साथ ही सफाई, लाईट संधारण, पुलिस गस्त के साथ एक समय सारणी के साथ चैकीदार नियुक्त करने को कहा।

# स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गोबर से बन रहा सजावटी समान



पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में रानी शक्ति स्व-सहायता समूह द्वारा गोबर से बने सजावटी समान का प्रदर्शिनी लगाया गया। जिसको देखकर लोग आश्चर्य हो गये। गाय के गोबर से बने फूलदान, सजावटी समान, झुमर, लटकन, तोरण, दिया आदि विभिन्न प्रकार की सामग्री समूह की महिलाओ द्वारा बनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन व नगर निगम भिलाई का यही प्रयास रहता है, स्व-सहायता समूह के माध्यम से परिवार की महिलाएं तरक्की करे, आगे बढ़े। इसी लिए शहरी अजीविका मिशन के माध्यम से रोजगारमुखी बनाया जा रहा है। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल स्वयं देखकर आश्चर्य हो गये। कि वेस्ट से बेस्ट बनाने का हुनर जो समूह की महिलाओ का उन्होने देखा बहुत खुश हुए। विधायक रिकेश सेन ने लोगो से आवाहन किया कि हम सबको महिलाओ द्वारा बनाई गई सामग्री को खरीदकर उन्हे प्रोत्साहित करना चाहिए। जिसको हम बेकार समझकर फेंक देते है वही इनके द्वारा सुन्दर सा स्वरूप दिया गया है। जब हम समान खरीदेगे, इनका विक्रय होगा, इनके परिवार में भी खुसीयां आएगी। समूह की महिलाओ का उत्पाद खरीद के हम सब इनका मदद कर सकते है। ऐसी मान्यता है गाय का गोबर सकारात्मक ऊर्जा खिंचता है और रेडियेशन को दुर करता है।

# महापौर ने लुचकी तालाब शिव मंदिर के प्रांगण में पार्षद निधि से निर्मित सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

- शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर महापौर धीरज बाकलीवाल ने शहर वासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम शारदीय नवरात्र के पावन अवसर माता के मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश जलवाया जाता है।लोग अपनी मनोकामनाओं को लेकर माता के दरबार में ज्योति कलश जलवाकर 9 दिन आराधना करते हैं।ताकि माता उनकी मनोकमनाओं को पूरा करें। इसी कड़ी में इस शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर महापौर धीरज बाकलीवाल ने शहर वासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। महापौर धीरज बाकलीवाल ने भगवान शिव के दर्शन किए।शिव मंदिर में विराजे माँ दुर्गा माता की विधि विधान के साथ माता की पूजा अर्चना की व पुष्प,माला अर्पित किए। इस दौरान वे मंदिर के पुजारियों के साथ उपस्थित रहे और ज्योत जवारा को प्रणाम किया।

**सामुदायिक भवन का लोकार्पणः** महापौर धीरज बाकलीवाल ने वार्ड 07 लुचकी तालाब स्थित में शरदायी नवरात्र के पावन अवसर पर पार्षद निधि निर्माण कार्य सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। सभापति राजेश यादव,पूर्व महापौर आर एन वर्मा एमआईसी सदस्य संजय कोहले,दीपक साहू,फ्तेह सिंह भाटिया,पार्षद बिजेंद्र भारद्वाज एवं ज्ञानदास बंजारे, नरेश साहू, आर एन पंसारी, छोटू धडसेना, तरुण साहू, बंटी भैया, लखन ताम्रकार वार्डवासियों,मंदिर के पुजारियों के साथ महापौर श्री बाकलीवाल एवं वार्ड पार्षद मनदीप सिंह भाटिया ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर भवन का लोकार्पण किया।इसके लिए वार्डवासियों,पुजारी और मंदिर समिति के सम्मानित पदाधिकारियों ने महापौर का दिल से आभार जताया।

# पारदर्शिता के साथ पीएम आवास योजना का हुआ लाटरी-हितग्राहियो को मिला मकान

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस घटक अंतर्गत रजत बिल्डर्स शांति नगर के 36 आवासो का नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय परिसर में खुली लाटरी पद्धति से आवासो को आबंटित किया गया। आबंटन के दौरान वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, निगम आयुक्त बजरंग दुबे, एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू स्वयं उपस्थित रहे। सबसे पहले आबंटन की प्रक्रिया के बारे में विधायक एवं आयुक्त द्वारा जानकारी प्राप्त की गई। शांति नगर में निर्मित प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 146 आवेदको द्वारा आवेदन कर प्रथम किश्त की राशि 10 प्रतिशत जमा किया गया था। इन सभी को लाटरी में भाग लेने के लिए सूचना पत्र जारी किया गया था। इन 36 मकानो में से भूतल के 12 मकान, वरिष्ठ नागरिको एवं दिव्यांगजनो के लिए शासन के नियमानुसार आरक्षित था। भूतल के मकानो के लिए मात्र 6 हितग्राही पात्र पाए गय। सभी 6 हितग्राहियो को लाटरी द्वारा भूतल का आवास आबंटन किया गया। शेष 24 आवासो के लिए 140 आवेदको में से 125 आवेदक उपस्थित थे। जिनका लाटरी द्वारा 21 आवासो का आबंटन किया गया तथा शेष 15 आवेदक अनुपस्थित पाये गये। लाटरी द्वारा आबंटन के पश्चात भूतल पर 6 आवास तथा सामान्य वर्ग हेतु 3 आवास आबंटन हेतु शेष है। शेष आवासो को आगामी तिथि निर्धारण कर विधिवत लाटरी द्वारा आबंटन किया जायेगा। विधायक रिकेश सेन ने सभी हितग्राहियो को बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान निर्माण का कार्य लगातार चल रहा है। जिन हितग्राहियो का लाटरी नहीं निकला है वे अन्य जगह पर निर्मित मकान के लिए अपनी सहमति देकर लाटरी प्रक्रिया में भागीदार बन सकते है। शासन का प्रयास है मकान सबको मिले, जितना मकान बन रहा है, उसी में से पारदर्शिता के साथ लाटरी हितग्राहियो की उपस्थिति में निकाली जाती है। पुरी प्रक्रिया का फोटोग्राफी एवं लगातार वीडियोग्राफी की जाती है। जिसमे नियमानुसार 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा करने वाले हितग्राही भागीदार बनते है। आबंटन के दौरान निगम तहसीलदार गुरूदत्त पंचभाई, आवास योजना के नोडल अधिकारी डी.के.वर्मा, जोन आयुक्त बी.के.वर्मा, अभियंता अजय सिंह गौर, दीपक देवांगन, प्रभारी अधिकारी विद्याधर देवांगन आदि उपस्थित रहे।

## मॉडिफाइड बाइक सवारों पर पुलिस ने नहीं कसी नकेल, लोगों के कानों पर पड़ रहा बुरा असर मरीज और छात्र परेशान

# रामानुजगंज में पटाखे आवाज वाले साइलेंसर से नगरवासी परेशान

पायनियर संवाददाता ◀ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



सरहदी क्षेत्र रामानुजगंज नगर पंचायत क्षेत्र में सुबह और शाम के समय मनचले युवकों के द्वारा स्कूल एवं कॉलेज टाइम पर भी मॉडिफाइड बाइक में तेज आवाज वाली साइलेंसर के कारण लोग परेशान है लेकिन यहां की पुलिस इन पर नकेल कसने में कोई दिलचस्पी नहीं दिख रही है जिसकी वजह से लोगों के कामों पर इसका असर हो रहा है। गौर तलब है कि साइलेंसर से पटाखे की आवाज छोड़ने वाले 'बुलेट राजाओं' पर प्रशासन सख्त नहीं है। बाइक की तेज रफ्तार और आवाज वाले साइलेंसर से लोग परेशान हैं। दोपहिया वाहनों में लगे तेज आवाज का साइलेंसर इन दिनों नगरवासियों के लिए सिरदर्द बन गया है। युवा दोपहिया वाहनों में तेज आवाज वाले साइलेंसर लगाकर नगर की सड़कों में बेधड़क तेजी से वाहन दौड़ा रहे हैं। लेकिन ऐसे वाहन चालकों पर कार्रवाई नहीं होने से मनमानी बढ़ती जा रही है। इसके कारण ध्वनि प्रदूषण बढ़ रहा है। कुछ वाहन चालक नाबालिग भी है। युवा वर्ग दोपहिया वाहनों में मॉडिफाई करवाकर तेज और ज्यादा आवाज निकालने नए साइलेंसर लगवा रहे हैं।

## हॉर्न के शोर को 100 डेसीबल से कम करने का सुझाव

शहर में प्रेशर हार्न के कारण सबसे ज्यादा मरीज और छात्र परेशान हैं,आज शहर के हर मुख्य मार्ग पर बड़े-बड़े वाहन और बाइक में इसका उपयोग हो रहा है। मरीज के परिजन इस मामले में शिकायत भी नहीं कर पाते, क्योंकि प्रेशर हार्न का उपयोग करने वाले कहीं भी गाड़ी ले जाकर इसका उपयोग कर रहे हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने हॉर्न के शोर को 100 डेसीबल से कम करने का सुझाव दिया था, विशेषज्ञों का कहना है कि 8 घंटे तक 93 डीबी से अधिक ध्वनि के संपर्क में रहने पर कानों की सुनने की क्षमता को नुकसान हो सकता है। नगर वासियों का कहना है कि प्रतिदिन सुबह, शाम सैर पर जाते हैं। बहुत तेज गति से कुछ लोग नियम के विरुद्ध वाहन चला रहे हैं। कुछ नाबालिग भी शामिल है, कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती हैं। बड़े बुजुर्गो और बच्चों को दुर्घटना का खतरा रहता है। प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। यह तो सब कोई जानता है की लापरवाही पूर्वक वाहन चलाना गलत है तेज रफ्तार ध्वनि प्रदूषण वाली बाइक बिना लाइसेंस के वाहन चालकों नाबालिक वाहन चालकों पर यदि रामानुजगंज कि पुलिस चलानी कार्रवाई करती तो शायद नगर की कुछ व्यवस्था सुधर सकती थी? लेकिन इस नगर का दुर्भाग्य है कि नगर में शांति भंग करने वलों को प्रशासनि संरक्षण मिला हुआ?

**कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

**// तृतीय सीमित निविदा सूचना पत्र //**

क्रमांक/आब./निविदा/2024-25/1653 उ.ब. कांकेर, दिनांक 03/10/2024

छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, उ.ब. कांकेर द्वारा जिला कांकेर में संचालित 04 देशी एवं 08 विदेशी मदिरा दुकानों में स्थापित सी.सी.टी.व्ही. कैमरा/एन.व्ही.आर तथा उससे संबंधित उपकरणों के अनुरक्षण एवं सुधार कार्य तथा रख-रखाव हेतु दिनांक 04.10.2024 से 03.10.2025 तक की अवधि के लिये निविदा क्रमांक/आब./ निविदा/2024-25/1596 उ.ब. कांकेर, दिनांक 18.09.2024 से निविदा आंमत्रित किया गया था। दिनांक 03.10.2024 को निर्धारित समय 01:00 बजे तक 02 निविदा प्राप्त हुए, जो निविदा शर्तों के अनुसार नहीं पाया गया।

अतः दिनांक 11.10.2024 से 10.10.2025 तक की अवधि के लिये जिले में संचालित 04 देशी एवं 08 विदेशी मदिरा दुकानों में स्थापित सी.सी.टी.व्ही.कैमरा/एन.व्ही.आर तथा उससे संबंधित उपकरणों के अनुरक्षण एवं सुधार कार्य तथा रख-रखाव हेतु ''तृतीय'' निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म दिनांक 10/10/2024 को अपरान्ह 12:00 बजे तक प्राप्त एवं अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, सह जिला प्रबंधक, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड उ.ब. कांकेर में जमा कर सकते है। निविदा निविदाकारों के समक्ष दिनांक 10/10/2024 को अपरान्ह 04.00 बजे कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, सह जिला प्रबंधक, सी.एस.एम.सी.एल. उ.ब. कांकेर में खोली जावेगी। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। आवेदन पत्र एवं सीमित निविदा नियम एवं शर्तें तथा संचालित देशी/विदेशी मदिरा दुकानों के नाम की जानकारी कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, सह जिला प्रबंधक, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड उ.ब. कांकेर कलेक्ट्रोरेट कक्ष क्रमांक 14 में कार्यालयीन दिवसों में कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है।

**जिला आबकारी अधिकारी**
**उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

G-242502955/2

## संपादकीय

# ईरान-इस्राइल टकराव चिन्ता का विषय

**ईरान-इस्राइल टकराव** ईरान के हालिया मिसाइल हमलों के कारण गंभीर हो गया है और यह सारी दुनिया की चिन्ता का विषय बन गया है। ईरान द्वारा इस्राइल के खिलाफ भारी संख्या में मिसाइल हमले से पश्चिम एशिया में शांति को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। इससे क्षेत्र में व्यापक टकराव की आशंका है। मंगलवार रात को ईरान ने 181 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं जिससे लगभग 10 मिलियन इस्राइलियों को 'बम शेल्टरों' में जाने को मजबूर होना पड़ा। इस्राइली रक्षा बलों-आईडीएफ ने हमले को नाकाम करने के प्रयास किए। जहां इस्राइल के 'आयरन डोम' व 'ऐरो डिफेंस सिस्टम' ने अधिकांश मिसाइलों को बेकार कर दिया, वहीं कुछ मिसाइलें रक्षा आवरण भेदने में सफल रहीं जिनसे मामूली नुकसान हुआ। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू ने फौरन इस हमले की निन्दा करते हुए इसे ईरान की 'भारी गलती' बताया। उन्होंने चेतावनी दी कि तेहरान को इसके गंभीर नतीजे भुगतने होंगे, हालांकि उन्होंने पूर्ण युद्ध की घोषणा नहीं की है। यह ईरान का इस साल अप्रैल में किए हमले के बाद इस्राइल के खिलाफ दूसरा मिसाइल हमला है। ईरानी अधिकारियों ने दावा किया कि यह मिसाइल हमला हाल में हिजबुल्ला नेता हसन नसरुल्ला व हमास नेता इस्माइल हानिया की हत्याओं का बदला है जिन पर इस्राइली सेना ने निशाना लगाया था।



इस मिसाइल हमले पर फौरन अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रियायें सामने आईं। अमेरिका ने ईरान को कठोर चेतावनी दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने आश्वासन दिया है कि ईरान द्वारा किसी अन्य हमले के खिलाफ संयुक्त सैनिक कार्रवाई का समर्थन किया जाएगा। इस टकराव में अमेरिका के शामिल होने से पहले से ही अस्थिर यह क्षेत्र और अस्थिर हो जाएगा। इससे न केवल इस्राइल, बल्कि क्षेत्र में अमेरिका के सैनिक हितों पर ईरानी बदले की कार्रवाई हो सकती है। इसके साथ ही रूस और चीन भी टकराव में शामिल हो सकते हैं। इस बीच पूरे पश्चिम एशिया में मानवीय संकट बढ़ रहा है। लेबेनान और गाजा में हजारों-हजार लोग विस्थापित हुए हैं। मृतकों की संख्या बढ़ने से क्षेत्रीय स्थायित्व संकट में है क्योंकि भौगोलिक रूप से टकराव क्षेत्रों के निकट स्थित ईराक और जार्डन भी हिंसा का शिकार हो सकते हैं। विश्व समुदाय इस क्षेत्र में तनाव घटाने की मांग कर रहा है तथा संयुक्त राष्ट्रसंघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने तत्काल युद्धविराम का आह्वान किया है। हालांकि, राजनयिक प्रयास जारी हैं, पर स्थाई शांति की संभावना अभी दूर है क्योंकि इस्राइल और ईरान दोनों और टकरावों की तैयारी कर रहे हैं। इससे क्षेत्र और दुनिया में शांति स्थापना का समय बीतता जा रहा है। यदि अमेरिका और पश्चिमी देश युद्ध में ज्यादा संलिप्त होते हैं तो जल्द ही रूस और चीन भी इसमें कूद सकते हैं। वर्तमान स्थिति में तनाव घटाने का दायित्व प्रमुख विश्व शक्तियों का है जिसमें खासकर अमेरिका, रूस और यूरोपीय देश शामिल हैं। इस परिदृश्य में भारत एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है क्योंकि वह तटस्थ देश है और उसकी मित्रता रूस और अमेरिका के साथ ही इस्राइल और ईरान के साथ भी है। फिलहाल टकराव क्षेत्रों में फंसे सिविलियनों के लिए 'मानवीय गलियारे' बनाने पर तत्काल ध्यान देना और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लेबेनान, गाजा और इस्राइल में हिंसा के शिकार लोगों तक सहायता पहुंचे। 'उड़ान वर्जित क्षेत्र' की स्थापना तथा सैनिक कार्रवाइयों पर अस्थाई विराम लगा कर शांति वार्ताओं के लिए उपयुक्त परिवेश तैयार किया जा सकता है।

# लड्डुओं पर राजनीतिक संग्राम

तिरुपति में लड्डुओं के मुद्दे पर पूरी देश में गुस्सा पैदा हुआ। इससे धर्म, राजनीति और विश्वास के बीच नाजुक संतुलन पर सवाल उठ रहे हैं। राजनेताओं को ऐसे मुद्दों पर संवेदनशीलता बरतनी चाहिए।

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)





तिरुपति में लड्डुओं के प्रसाद में मिलावटी घी प्रयोग करने के मुद्दे पर पूरी देश में गुस्सा पैदा हुआ। इससे धर्म, राजनीति और धार्मिक विश्वास के बीच नाजुक संतुलन पर सवाल उठ रहे हैं। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम द्वारा बिक्री किए जाने वाले 'श्रीवारी लड्डू' जैसी मिठाई पर उपजे विवाद और संदेह का विगत दिनों में काफी विस्तार हुआ है। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू द्वारा तिरुपति प्रसाद के लड्डुओं में नकली घी के प्रयोग से मामला बहुत गरम हो गया, पर यह यहीं समाप्त होने वाला नहीं है। पिछले सप्ताह इस मामले ने और तूल पकड़ ली और यह आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के हाथ में एक 'राजनीतिक हथियार' के रूप में सामने आ गया। इस हथियार से वे अपने पूर्ववर्ती मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी पर हमला बोल रहे हैं।

कांग्रेस और भाजपा जैसी दूसरी राजनीतिक पार्टियों ने भी इसे अपने लाभ के लिए उठाने का प्रयास किया। कुछ लोग इस प्रकरण को एक धार्मिक मुद्दे की तरह देख रहे हैं, जबकि दूसरों का कहना है कि यह व्यापक रूप से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता का मामला है। आध्यात्मिक नेताओं का कहना है कि लड्डू ईश्वर का भोजन है और देवताओं को मिलावटी लड्डू नहीं चढ़ाए जाने चाहिए। लड्डुओं से जुड़ा विवाद एक प्रकार से राजनीति, धर्म, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता तथा जनता के बीच नाजुक संतुलन को अस्थिर करता लग रहा है। तिरुपति देवस्थानम में प्रसादम के रूप में प्रयोग होने वाले स्वादिष्ट लड्डू शुद्ध घी, चीनी, इलायची, मेवों, काजू और बेसन से बनाए जाते हैं। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम की आधुनिक रसोई में लड्डू प्रसादम बनाने के लिए रोज 14 टन गाय का घी प्रयोग किया जाता है।

पहले इनको देवता को अर्पित किया जाता है और इसके बाद भक्तों को ईश्वरीय प्रसाद के रूप में बांटा जाता है। भक्तों को लड्डू बेच कर हर साल लगभग 500 करोड़ रुपये की आमदनी होती है। आंध्र प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री तेलगू देशम पार्टी-टीडीपी के नेता चंद्रबाबू नायडू ने लड्डू विवाद उठा कर अपने पूर्ववर्ती मुख्यमंत्री वाईएसआर कांग्रेस के जगन मोहन रेड्डी पर राजनीतिक हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया है कि रेड्डी सरकार ने प्रसाद के रूप में मिलावटी लड्डू का प्रयोग होने दिया जिसे बनाने में प्रयोग होने वाले घी में पशु चर्बी मिली थी।

चंद्रबाबू नायडू ने यह विवादास्पद मुद्दा ऐसे दिन उठाया जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार अपने तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे कर रही थी। टीडीपी केन्द्र सरकार में शासन करने वाली राजग गठबंधन सरकार का हिस्सा है। हालांकि, तिरुपति के प्रसाद के रूप में लड्डू के प्रयोग पर साठ और सत्तर के दशक में भी लोगों का ध्यान गया था। उस समय लड्डू बनाने में घी के स्थान पर वनस्पति घी-डालडा के प्रयोग पर चिन्ता जताई गई थी। उस समय विवाद के कारण वनस्पति घी का आयात करने वाले जहाजों को अस्वीकार कर दिया गया था और उसके सप्लायरों को काली सूची में डाल दिया गया था।

एक अन्य मामले में दो वैष्णव समूहों के बीच भगवान वैंकटेश्वर को तिलक लगाने के मुद्दे पर विवाद पैदा हुआ था। यह मुद्दा सर्वोच्च न्यायालय तक गया था। सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला किया था कि दोनों वैष्णव समुदायों को भगवान वैंकटेश्वर को तिलक करने का अधिकार है और वे हर महीने 15-15 दिन तिलक करेंगे। आंध्र प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि टीडीपी ने जून में आंध्र प्रदेश विधानसभा के चुनाव जीते और जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआर कांग्रेस पार्टी-वाईएसआरसीपी की भारी पराजय हुई। विधानसभा चुनाव जीतने के बाद टीडीपी ने लड्डू मुद्दे का इस्तेमाल किया।

चंद्रबाबू नायडू का दावा है कि जगन मोहन रेड्डी सरकार ने खर्च घटाने के उपाय के रूप में खराब गुणवत्ता वाला घी खरीदने की अनुमति दी जिससे तिरुमला लड्डू की गुणवत्ता प्रभावित हुई। नायडू ने जगन मोहन रेड्डी पर आरोप लगाया कि उनके शासनकाल में हिंदू धार्मिक व्यवहारों की अनदेखी की गई। इस संदर्भ में यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि जगन मोहन रेड्डी तथा उनके पिता व पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजशेखर रेड्डी ईसाई हैं। जगन मोहन रेड्डी ने स्वयं पर लगे आरोपों को खारिज करते हुए इसे राजनीति से प्रेरित बताया है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिकायत की है कि नायडू उनसे राजनीतिक बदला ले रहे हैं। वाईएसआरसीपी ने नायडू की आलोचना करते हुए शुद्धीकरण समारोह का आयोजन किया। लेकिन पश्चाताप करने के लिए जगन मोहन रेड्डी को मंदिर में प्रवेश की अनुमति नहीं मिली। पिछले सप्ताह जब लड्डू विवाद अपने शिखर पर था तब जगन मोहन रेड्डी को दूसरे दलों का समर्थन नहीं मिला।

उल्लेखनीय है कि जगन मोहन रेड्डी की बहन शर्मिला कांग्रेस में शामिल हो गई थीं और उनको आंध्र प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बना दिया गया था। शर्मिला ने यह मुद्दा आंध्र प्रदेश के राज्यपाल के समक्ष उठाते हुए सीबीआई जांच की मांग की। आंध्र प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री, नायडू के गठबंधन साझीदार तथा लोकप्रिय फिल्म स्टार पवन कल्याण यह मुद्दा धार्मिक स्तर पर उठा रहे हैं।

पवन कल्याण ने खराब घी प्रयोग करने को गंभीर अपराध मानते हुए 11 दिन पश्चाताप किया। जहां नायडू राजनीतिक कार्ड खेल रहे हैं, वहीं पवन कल्याण इसे धार्मिक मुद्दे की तरह प्रयोग कर कह रहे हैं कि सनातन धर्म की रक्षा होनी चाहिए। मीडिया द्वारा आंकड़े प्रकाशित करने तथा कुछ राजनेताओं द्वारा लड्डू की गुणवत्ता पर सवाल उठाने के बाद इस विवाद ने और जोर पकड़ लिया। इस विवाद के कारण देश भर में संतों और भक्तों में भारी गुस्सा पैदा हुआ। आश्चर्य नहीं कि इसमें भाजपा के सहयोगी संगठन विहिप, अयोध्या के संतों तथा अन्य धार्मिक संस्थानों के लोग भी शामिल हो गए और उन्होंने पूरे प्रकरण की गंभीर जांच की मांग की। अयोध्या और पुरी जगन्नाथ के पुजारियों ने अपने यहां प्रयोग होने वाले प्रसाद को गुणवत्ता जांच के लिए भेजा। लड्डू विवाद के बाद इस मांग ने फिर जोर पकड़ लिया है कि मंदिरों को राज्य-नियंत्रण से मुक्त किया जाए। हालांकि, यह मांग समय-समय पर उठती रही है, पर कोई सरकार देश भर में मौजूद विशाल मंदिरों को अपने नियंत्रण से मुक्त नहीं करना चाहती है।

इस मामले के विधिक पक्ष पर गौर करें तो पता चलेगा कि हिंदू सेना समिति के सुरजीत सिंह यादव ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर इस मुद्दे की विशेष जांच समिति से जांच कराने की मांग की है। आंध्र प्रदेश राज्य सरकार ने भी इस मुद्दे की जांच के लिए एक समिति गठित की है। केन्द्र ने इस बारे में राज्य सरकार से रिपोर्ट भेजने को कहा है। इस बीच विवाद का केन्द्र रहे तिरुमला तिरुपति देवस्थानम ने अपनी छवि को हुए नुकसान की भरपाई के लिए अनेक प्रयास किए हैं। उसने मंदिर में एक व्यापक शुद्धीकरण अभियान चला कर भक्तों को आश्वस्त किया है कि लड्डू मिलावटी नहीं हैं। उसने लड्डू बनाने में प्रयुक्त घी के सप्लायरों पर प्रतिबंध लगा कर कर्नाटक राज्य सरकार की संस्था नंदिनी से घी खरीदने का निर्णय किया है। चूंकि लड्डू में मिलावट का मुद्दा अब अदालत पहुंच गया है, इसलिए इसके जल्दी समाधान की उम्मीद नहीं है। इस मुद्दे में नए-नए बिंदु भी सामने आ रहे हैं।

ऐसा लगता है कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ ही कुछ अन्य राजनेता भी इस मुद्दे का जल्दी समाधान नहीं चाहते हैं। लेकिन ऐसा संवेदनशील मुद्दा नियंत्रण के बाहर भी जा सकता है और अनियंत्रित होने पर यह कानून-व्यवस्था की समस्या भी पैदा कर सकता है। यह मुद्दा जब तक बना रहेगा तब तक धार्मिक भावनायें भड़कने का खतरा भी बना रहेगा। इस विवाद से स्पष्ट है कि राजनीति, भोजन और धर्म के बीच संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता है। राजनेताओं और धर्म गुरुओं को इस तथ्य पर गौर करना चाहिए कि समाज के विभिन्न हिस्से आध्यात्मिक मामलों को कैसे देखते हैं और उन पर प्रतिक्रिया करते हैं। विश्वास के राजनीतीकरण करने पर वह संदेह के घेरे में आ जाता है। राजनेताओं को ऐसे भावनात्मक मुद्दों पर सतर्क रहना चाहिए। इस प्रकरण में हमें प्रतीक्षा करनी और यह देखना चाहिए कि सर्वोच्च न्यायालय क्या फैसला करता है।

# बदलते ऊर्जा क्षेत्र में अवसर व चुनौतियां

> बांग्लादेश द्वारा बिजली खरीद समझौते पर फिर से बातचीत करने के कारण अदानी समूह खुद को एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पाता है।

**सूर्य सारथी रे**
(लेखक, वित्तीय पत्रकार हैं)



ऊर्जा बाजार की गतिशीलता, विशेष रूप से भारत जैसी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में, व्यापारिक और असंबद्ध क्षमताओं के लिए अद्वितीय अवसर प्रस्तुत करती है। ऊर्जा क्षेत्र में पर्याप्त पदचिह्न रखने वाले भारत के सबसे बड़े समूहों में से एक अदानी समूह के लिए, बांग्लादेश के साथ वर्तमान बिजली खरीद समझौता (पीपीए) एक अवसर और एक संभावित चुनौती दोनों है। बांग्लादेश में पीपीए पर फिर से बातचीत करने की बढ़ती आवाज़ों के साथ, परिदृश्य बदल रहा है, जो अदानी के लिए जोखिम और लाभ दोनों प्रस्तुत करता है।

अदानी और बांग्लादेश के बीच पीपीए की स्थापना लगातार बिजली की कमी और बढ़ती बिजली की मांग का सामना कर रहे देश के लिए ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने के लिए की गई थी। इस समझौते के तहत, अदानी ने झारखंड के गोड्डा जिले में एक समर्पित 1,600 मेगावाट बिजली संयंत्र का निर्माण किया, विशेष रूप से बांग्लादेश को बिजली की आपूर्ति करने के लिए। आवश्यक ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर सहित 2 बिलियन डॉलर की यह परियोजना जून 2023 में पूरी तरह से चालू हो गई थी और अब यह बांग्लादेश की बेस लोड मांग का लगभग 7-10 प्रतिशत पूरा करती है, खासकर देश के उत्तरी क्षेत्रों में।

बांग्लादेशी मीडिया की हालिया आलोचनाओं में आरोप लगाया गया है कि अडानी अत्यधिक दरों पर बिजली बेच रहा है। जवाब में, अडानी ने सरकारी आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया है कि उसकी बिजली वास्तव में अन्य समान ईंधन-आधारित बिजली संयंत्रों की तुलना में सबसे सस्ती है। हालाँकि, बांग्लादेश एक महत्वपूर्ण वित्तीय संकट का सामना कर रहा है, जिसमें अडानी को आपूर्ति की गई बिजली के लिए 800 मिलियन से अधिक बकाया है। इस बकाया ऋण के बावजूद, अडानी ने अपनी आपूर्ति जारी रखी है, लेकिन ऋणदाताओं और आपूर्तिकर्ताओं के प्रति अपने दायित्वों को देखते हुए स्थिति को लगातार अस्थिर पा रहा है। यह बढ़ता हुआ प्राप्य मुद्दा अडानी की क्रेडिट प्रोफ़ाइल को प्रभावित करने की धमकी देता है, जिससे संभावित रूप से इसके संचालन में धन की लागत बढ़ सकती है। एक महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव में, भारत सरकार ने हाल ही में बिजली निर्यात करने वाले बिजली संयंत्रों को राष्ट्रीय ग्रिड से जुड़ने की अनुमति दी है।

यह कदम अडानी पावर के लिए फायदेमंद हो सकता है, क्योंकि यह गोड्डा संयंत्र के लिए घरेलू बाजार खोलता है, जो वर्तमान में भारतीय ग्रिड के साथ एकीकृत नहीं है। अडानी बांग्लादेश के साथ अपने अनुबंध का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध है, साथ ही बकाया राशि के शीघ्र निपटान का अनुरोध भी करता है।

यदि बांग्लादेश अपने भुगतान दायित्वों को पूरा करने में विफल रहता है या पीपीए को समाप्त करने का निर्णय लेता है, तो अडानी भारत के भीतर बिक्री पर अपना ध्यान केंद्रित कर सकता है। इस परिदृश्य को प्रभावित करने वाले मुख्य आर्थिक कारकों में से एक भारत और बांग्लादेश के बीच बिजली दरों में असमानता है। भारतीय बिजली बाजार में मजबूत आर्थिक विकास से प्रेरित बिजली की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।

भारत में बिजली की आपूर्ति को पुनर्निर्देशित करके, अडानी इन उच्च दरों का लाभ उठा सकता है, जिससे लाभप्रदता बढ़ सकती है। हाल के रुझानों से संकेत मिलता है कि बिजली की कीमतें लंबी अवधि के लिए लगभग 10 किलोवाट प्रति घंटे तक पहुंच गई हैं, कोयला आधारित बिजली की बढ़ती मांग के कारण यह आंकड़ा बढ़ने की संभावना है।

बिजली उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण कोयले की लागत वैश्विक बाजार में उतार-चढ़ाव से प्रभावित होती है। जबकि गोड्डा संयंत्र आयातित कोयले पर काम करता है, भारत के कोयला भंडार के करीब होने के कारण रसद लागत कम हो जाती है, जिससे अडानी की परिचालन दक्षता में और वृद्धि होती है। इस संदर्भ में, अडानी बांग्लादेश के साथ मौजूदा पीपीए के तहत अपने दायित्वों को पूरा करने के बजाय भारतीय बाजार में अपनी बिजली आपूर्ति को पुनर्निर्देशित करने से काफी लाभान्वित हो सकता है। विनियामक वातावरण।

भारत सरकार के आत्मनिर्भरता और ऊर्जा सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने से घरेलू बिजली उत्पादकों के लिए अनुकूल वातावरण बना है। आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया जैसी पहल आयात निर्भरता को कम करने और स्थानीय उत्पादन और खपत को बढ़ावा देने का प्रयास करती हैं। इन राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप, अडानी भारत की बढ़ती ऊर्जा मांगों को प्रभावी ढंग से संबोधित करने के लिए अपने संसाधनों का लाभ उठा सकता है।

राष्ट्रीय विद्युत योजना का अनुमान है कि भारत की अधिकतम बिजली मांग वित्त वर्ष 22 में 203 गीगावाट से बढ़कर वित्त वर्ष 27 तक 277 गीगावाट और वित्त वर्ष 32 तक 366 गीगावाट हो जाएगी। इस वृद्धि का अर्थ है कि वित्त वर्ष 32 तक अतिरिक्त 80 गीगावाट कोयला आधारित क्षमता की आवश्यकता है। गोड्डा संयंत्र में अपनी मौजूदा 1.6 गीगावाट क्षमता के साथ, अडानी इस मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए अच्छी स्थिति में है।

जबकि पीपीए को समाप्त करने के संभावित लाभ आकर्षक हैं, ऐसे कदम में निहित जोखिम हैं। एक अंतरराष्ट्रीय समझौते को तोड़ने से कूटनीतिक परिणाम हो सकते हैं और अडानी की वैश्विक प्रतिष्ठा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। फिर भी, अगर बांग्लादेश सरकार समझौते पर फिर से बातचीत या उसे समाप्त करने की पहल करती है, तो अडानी खुद को अधिक लाभप्रद स्थिति में पाएगा, जिससे वह पीपीए की बाधाओं के बिना आकर्षक भारतीय बाजार की ओर बढ़ सकेगा। कंपनी को समझौते के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को संतुलित करना चाहिए और साथ ही भारत में उभरते बाजार की स्थितियों का लाभ उठाने के लिए पर्याप्त रूप से चुस्त रहना चाहिए, जिससे इसकी दीर्घकालिक वृद्धि और स्थिरता सुनिश्चित हो सके।

## आप की बात

### ईरान-इस्राइल युद्ध

**हिज्बुल्ला** प्रमुख हसन नसरुल्ला की मौत के बाद ईरान और इजरायल के बीच युद्ध की शुरुआत हो चुकी है। दोनों तरफसे बदला लेने की गंभीर चेतावनियां दी जा रही है तथा मिसाइल अटैक शुरू हो चुके हैं। लाल सागर क्षेत्र भारत के लिए माल लाने ले जाने का सबसे सुगम मार्ग था, पर युद्ध के चलते यह मार्ग अब खतरनाक हो गया है। भारत सहित कई देशों को लंबे रास्ते से अपना आयात निर्यात जारी रखना होगा जिससे परिवहन खर्च में भारी वृद्धि हो जाएगी। पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत बढ़ने लगी है। खाद्यान्न और अन्य सभी वस्तुओं के दाम बढ़ने लगे हैं। जैसे-जैसे युद्ध फैल रहा है, वैसे-वैसे युद्धग्रस्त देशों के साथ-साथ विश्व के अन्य देशों को भी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। युद्धरत देशों ने संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी है। जिससे शांति वार्ता के सभी रास्ते लगभग बंद हो गए हैं। युद्ध के विस्तार लेने तथा उसमें अन्य देशों के शामिल होने की आशंका बनी हुई है। चीन और ईरान ने पिछले साल एक सुरक्षा संधि की थी जिससे चीन और रूस भी ईरान की ओर से युद्ध में शामिल हो सकते हैं। अमेरिका ने इजरायल का साथ देने की घोषणा पहले ही कर दी है। इस प्रकार यह युद्ध सारी दुनिया के लिए भारी मुसीबत का कारण बन सकता है।

-**सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### यहूदी राष्ट्र की एकजुटता

**इजरायल और हमास** के बीच युद्ध को एक वर्ष होने को है। अब इसमें हिजबुल्ला और ईरान भी कूद पड़े हैं। शायद यह युद्ध पुरे पश्चिमी एशिया को अपनी चपेट में ले ले। इजरायल यहूदियों का एकमात्र देश है, जिसकी जनसंख्या लगभग 80 लाख है। यह चारों तरफ से इस्लामिक देशों से घिरा हुआ है। संयुक्त राष्ट्रसंघ का सदस्य होने के बावजूद अब भी अनेक इस्लामी संगठन इस्राइल को मिटाने की कसमें खाते हैं और ईरान जैसे देश भी इनमें शामिल हैं। 7 अक्टूबर को हमास ने इजरायल पर अप्रत्याशित आतंकी हमला किया था जिसमें इजरायल के 1200 निर्दोष नागरिक मारे गये, महिलाओं के साथ बलात्कार हुआ और 250 नागरिक बंधक बना लिए गए। यह हिटलर द्वारा किए नरसंहार के बाद इस्राइल पर सबसे बड़ा हमला था। अपने अस्तित्व पर संकट देख कर इस्राइल की पूरी जनता अपनी सेना और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू के साथ एकजुट हो गई है। इसका कारण यह भी है कि इजरायल की विदेश नीति और सुरक्षा के विषय में विपक्षी दल भारत की तरह रोड़ा नहीं बनते। यहूदी राष्ट्र की एकजुटता तथा उसकी जनता में देशप्रेम की भावना सारी दुनिया के लिए एक आदर्श है।

- **नरेन्द्र टोंक**, मेरठ

### जी-7 बैठक

**जी-7 समूह** में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जापान, इटली और जर्मनी शामिल हैं। इसमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुलाया जाना हमारे लिए गर्व की बात है। इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी ने मोदी को आमंत्रित किया है। अन्य मुद्दों के साथ प्रमुख रूप से इस बैठक में पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को देखते हुए उस पर चर्चा होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले भी रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने हेतु दोनों देशों से बात कर चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने ईरानी हमले के बाद इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू से बात कर स्पष्ट कर दिया है कि दुनिया में आतंकवाद का कोई स्थान नहीं है तथा हमास के कब्जे वाले इस्राइली बंधकों की वापसी सुनिश्चित की जानी चाहिए। भारत का जी-7 बैठक में आमंत्रण दुनिया में बढ़ती हमारी आर्थिक व राजनयिक शक्ति का परिणाम है। जी-7 की आपात बैठक में संभवतः पश्चिम एशिया में युद्ध के विस्तार तथा इसके विश्व अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर चर्चा होगी। उम्मीद है कि जी-7 में शामिल महाशक्तियां व भारत पश्चिम एशिया में युद्धविराम कराने तथा दीर्घकालीन शांति के लिए वार्ताओं की स्थिति बनाने में सफल होंगे। यह सारी दुनिया के लिए जरूरी है।

-**शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### स्वच्छता अभियान

**सचमुच** पिछले 10 वर्षों में स्वच्छता अभियान से भारत बहुत कुछ साफ -सुथरा हुआ तथा गंदगी और कचरे से मुक्त हुआ है। अब तो जनता में भी इतनी जागरुकता आ चुकी है कि सार्वजनिक स्थलों पर कोई गंदगी फैलाने का साहस नहीं कर सकता और आम लोग इसका विरोध करने लगे हैं। इसके लिए गांव से लेकर शहरों तक कचरा गाड़ियां उपलब्ध करवाना और लोगों को हर कहीं गंदगी फैलाने की आदत बदलने के लिए जागरूक करना सराहनीय कार्य है। इसमें केन्द्र व राज्य सरकारों, स्थानीय निकायों, स्वयंसेवी संस्थाओं, छात्रों, नौजवानों व आम नागरिकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कचरे की रिसाइक्लिंग से ईंधन व खाद बनाना स्वायत्त संस्थाओं के लिए लाभकारी हो रहा है। लेकिन इन उपलब्धियों के बावजूद स्वच्छता के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। नदियों और जल स्रोतों को पूर्ण स्वच्छ करना है। प्लास्टिक का उपयोग समाप्त करने तथा शहरों में नई-नई मलिन बस्तियां बनने से रोकने की भी जरूरत है।

- **विभूति बुपक्या**, खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# उद्योग संचालक जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं करते या ग्रामीणों की समस्याओं की अनदेखी करेंगे तो होगी सख्त कार्यवाही : कलेक्टर


## ग्रामीण क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पुलिस प्रशासन प्रतिबद्ध : एसपी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टोरेट मे एथेनॉल एवं स्पंज उद्योग संचालकों की बैठक ली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू भी उपस्थित थे। बैठक मे कलेक्टर ने उद्योग संचालकों को ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के साथ आपसी समन्वय और सरल व्यवहार बनाए रखने को कहा। बैठक में ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान और स्थानीय विकास के मुद्दों पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने जोर दिया कि उद्योग संचालको को ग्रामीण समुदायों के साथ बेहतर संबंध स्थापित करने की आवश्यकता है, जिससे दोनों पक्षों को लाभ हो सके। उन्होंने कहा की ग्रामीणों की समस्या का निराकरण नहीं होने पर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने स्पष्ट किया की यदि उद्योग संचालक स्थानीय ग्रामीणों से समन्वय एवं सहयोग नहीं करते तो उद्योग पर सख्त कार्यवाही की जाएगी ग्रामीणों के हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया जायेगा। कलेक्टर द्वारा आयोजित इस बैठक का उद्देश्य उद्योगपतियों और ग्रामीणों के बीच आपसी समन्वय और सहयोग को बढ़ावा देना था। कलेक्टर ने उद्योग संचालकों को निर्देश दिए कि वे ग्रामीणों के साथ सरल और सहायक व्यवहार अपनाएं, जिससे क्षेत्र में विकास कार्य सुचारू रूप से हो सके। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि उद्योगों के विस्तार और संचालन के दौरान ग्रामीणों के हितों और आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। यह बैठक उद्योग और ग्रामीण समाज के बीच विश्वास और सहयोग को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने कहा कि ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन और पुलिस विभाग मिलकर ग्रामीण क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ग्रामीण इलाकों में किसी भी आपराधिक गतिविधि को रोकने के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों को सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सके। जिला प्रशासन ने उद्योग संचालकों को स्पष्ट किया है कि, ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह उनकी प्राथमिकता है। जिला प्रशासन ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं, जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, सड़कों और बिजली की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। साथ ही, प्रशासन स्थानीय समस्याओं को सुनने और उनका शीघ्र समाधान करने के लिए भी प्रतिबद्ध है, ताकि ग्रामीण समुदायों का जीवन स्तर बेहतर हो सके और उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। जिला प्रशासन ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी है कि यदि उद्योग संचालक ग्रामीणों के साथ समन्वय और सहयोग में असफल होते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। प्रशासन ने जोर देकर कहा कि ग्रामीणों के हितों के साथ कोई समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। यदि उद्योग संचालक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं करते या ग्रामीणों की समस्याओं की अनदेखी करते हैं, तो प्रशासन कड़े कदम उठाएगा। ग्रामीण समुदायों के अधिकारों और उनकी भलाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी, और किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उद्योग संचालकों ने आश्वासन दिया की आसपास के ग्रामीण अंचलों की समस्याओं के समाधान के लिए अब उद्योग संचालकों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने और वहां की विभिन्न समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया है। उद्योग संचालकों द्वारा उठाए गए इस कदम से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं में सुधार, रोजगार के अवसरों का सृजन, और सामाजिक-आर्थिक विकास को गति मिलेगी। इसके साथ ही, उद्योग संचालक ग्रामीणों के साथ संवाद और सहयोग को बढ़ावा देकर उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाएं तैयार करेंगे, इस दौरान एसडीएम घनश्याम सिंह तवर एवं उद्योग चालक उपस्थित थे।

# जंजगिरी में नवरात्रि पर 10 दिनों का होगा उत्सव



पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com

ग्राम जंजगिरी में गुरुवार से शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व श्रद्धा भक्ति से प्रारंभ हो चुका है। देशभर में मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा-अर्चना कर इस पर्व को बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। नवरात्रि के नौ दिनों तक मां दुर्गा के भक्त उपवास रखते हैं, जागरण करते हैं और मंदिरों में जाकर मां के दर्शन करते हैं। इस पावन पर्व में मां शीतला मंदिर ग्राम जंजगिरी में ज्योति कलश स्थापना की गई है। मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। नवोदय दुर्गोत्सव समिति एवं आजाद दुर्गोत्सव समिति द्वारा माता की मूर्ति विराजमान किया गया है। नवोदय दुर्गोत्सव समिति में त्रावेन्द्र साहू द्वारा माता की प्रतिमा प्रदान किया गया है वही आजाद दुर्गोत्सव समिति में छन्नू साहू पत्नी कली साहू द्वारा प्रतिमा भेट की गई है। दोनों मनमोहक मूर्तियां ग्राम औंधी के चक्रधारी परिवार द्वारा निर्मित किया गया है। शीतला सेवा समिति के अध्यक्ष भानु साहू एवं संरक्षक चैन सिंह साहू ने बताया कि शीतला मंदिर प्रांगण में 82 ज्योति कलश प्रज्वलित की गई है। ग्राम विकास समिति अध्यक्ष तामेश्वर साहू मे बताया कि नवरात्रि के प्रथम दिवस में भूमिजा मानस मंडली गुढ़ियारी रायपुर द्वारा मनमोहक प्रस्तुती की गई। तृतीय दिवस पर मोर मयारू मानस परिवार, गुदगुदा (धमतरी), पंचम दिवस में बाल कृष्ण राम धुनी मंडली, बोरईडीह (राजनांदगांव), सप्तमी के दिन नव जागृति मानस परिवार, राजनांदगांव तथा नवमी में जय शिव शक्ति बाल जस मंडली, अंजोरा (ढाबा) के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। दशमी के दिन ग्राम के राममानस मंडली के द्वारा रावण दहन एवं रामलीला का मंचन किया जाएगा।

# सीखने सिखाने का एक सशक्त माध्यम है प्रशिक्षण : प्राचार्य घृतलहरे

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शिक्षा संस्थान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में जिले के दो विकास खंडों बेमेतरा और बेरला के शिक्षकों का कक्षा छठवीं से आठवीं तक के गणित विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम 3 अक्टूबर से 5 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में मिडिल स्कूल में गणित अध्यापन कराने वाले 120 शिक्षकों को आमंत्रित किया गया है। प्रशिक्षण के पहले दिवस की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं वंदना के साथ किया गया। सर्वप्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभारी राजकुमार वर्मा ने अपने उद्बोधन में गणित विषय प्रशिक्षण की तीन दिवसीय रूपरेखा के बारे में विस्तार से चर्चा की। डाइट के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा गणित सबके लिए कठिन विषय नहीं होता। छात्रों की रुचि एवं समझ के अनुरूप होता है। इसे बहुत आसान और सरल भी बनाया जा सकता है। डाइट के प्राचार्य ने गणित की परिभाषा बताते हुए कहा, गणित संरचना, क्रम और संबंध का विज्ञान है, जो वस्तुओं की गिनती, माप और आकृतियों का वर्णन करता है। गणित शब्द ग्रीक भाषा के शब्द मैथेमेटिक्स से लिया गया है। जिसका अर्थ होता है सीखना। हिंदी में इसे गणित कहते हैं। इसे केटेगरी के हिसाब से बोडमास भी कहते हैं। इसके अंतर्गत छोटा कोष्ठक, बड़ा कोष्ठक, सर्पाकार कोष्ठक, वर्गमूल, भाग, गुना, जोड़, ऋण सभी आ जाते हैं। डाइट प्राचार्य ने बताया कि गणित का पिता या जनक आर्किमिडीज को कहा जाता है। जबकि भारत का प्रथम गणितज्ञ के रूप में आर्यभट्ट को जाना जाता है। गणित मुख्यतः तीन प्रकार के होते हैं अंकगणित, बीजगणित और रेखा गणित। इसी तरह से गणित में चार प्रकार के कोष्ठक पाये जाते हैं। रेखा कोष्ठक, छोटा कोष्ठक, सर्पाकार कोष्ठक और बड़ा कोष्ठक। इन सब का उपयोग बोडमास के नियम में किया जाता है। गणित विषय की उपयोगिता को बताते हुए उन्होंने कहा कि गणित विषय के बच्चे आगे पीइटी, पीएमटी, पीएटी कर सकते है। बच्चे आगे चलकर इंजीनियरिंग की तैयारी कर इंजीनियर बनते हैं या गणितज्ञ के रूप में हो जाते हैं। प्रशिक्षण कोई जादूई पिटारा नहीं है। बल्कि यह सीखने सिखाने का एक सशक्त माध्यम है। डाइट प्राचार्य ने कहा कि जो गणित विषय पड़ता है वह स्वयं ही आत्मनिर्भर हो जाता है हमें चुनौती को स्वीकार करना चाहिए जीवन में बहुत सारी चुनौतियां आती है। उससे हमें घबराना नहीं चाहिए। इस प्रशिक्षण से आप जो कुछ भी सीखेंगे, उसे अपने विद्यालय में 100 प्रतिशत लागू करने का प्रयास करेंगे।

# कलेक्टर ने जिले में डेंगू, मलेरिया आदि बीमारियों के रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में जिले में डेंगू, मलेरिया आदि बीमारियों के रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों तथा स्वास्थ्य एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसकी रोकथाम हेतु प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने दल्लीराजहरा सहित जिले के सभी नगरीय निकायों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू मलेरिया आदि बीमारियों के रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की जानकारी ली। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक, संयुक्त कलेक्टर एके लकरा, डीआर ठाकुर एवं पूजा बंसल सहित सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर चन्द्रवाल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से जिले में डेंगू मलेरिया आदि बीमारियों के रोकथाम हेतु समाचार पत्रों तथा मुनादी आदि के माध्यम से आम जनता को इन बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी देने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को आम नागरिकों को बीमारियों से बचाव के उपाय के संबंध में समुचित प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए। इसके अंतर्गत उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जागरूकता रैली आदि विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने तथा बीमारियों से ग्रसित लोगों के समुचित ईलाज की भी पुख्ता उपाय करने को कहा। बैठक में चन्द्रवाल जिले में 'स्वच्छता ही सेवा 2024' कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी नगरीय निकायों में इस संबंध में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।

# माँ दुर्गा की पूजा अर्चना कर विधायक साहू ने किया गरबा उत्सव का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय स्थित कोबिया मैदान मे मित्र मण्डल समिति द्वारा नवरात्रि की महापर्व पर भव्य रास गरबा का आयोजन किया गया है। समिति द्वारा गरबा का आयोजन का यह तीसरा वर्ष है। गुरुवार 3 अक्टूबर को रास गरबा कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। विधायक साहू शक्ति की देवी माँ दुर्गा की पूजा अर्चना कर रास गरबा उत्सव का शुभारंभ किया। साहू क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि एवं मंगलमय जीवन के लिए माँ दुर्गा से प्रार्थना किया। इस दौरान विधायक दीपेश साहू भव्य रास गरबा उत्सव 2024 के तीसरे साल के आयोजन के लिए पूरी आयोजन टीम को बधाई एवं शुभकामनायें दिया। साहू ने कहा की 9 दिनों तक आयोजित होने वाले गरबा उत्सव मे क्षेत्र के श्रद्धालु, भक्तिमय गीतों, पर झुमकर अपनी श्रद्धा भक्ति प्रदर्शित करेंगें कार्यक्रम का उद्देश्य पुरे शहर को एक सूत्र मे पिरोने एवं धार्मिक संवर्धन करना है। इस कार्यक्रम मे शहर के साथ साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के निवासी भी पुरे परिवार सहित शामिल होकर 9 दिनों तक भक्ति के माहौल मे रास गरबा का आनद लेते है। साहू ने कहा नवरात्रि का पर्व हमारे भारतवर्ष मे बड़े ही धूम से मनाया जाता है। इस वर्ष भी धूमधाम से शारदीय नवरात्रि का पर्व नगर वाशी शांति पूर्ण आपसी सौहाद्र के साथ मानाने की अपील किया। रास गरबा गुजरात राज्य की संस्कृति है। गरबा डांस मनोरंजन के साथ साथ शरीर के लिए लाभदायक है। साहू ने अंत मे कहा की आयोजन समिति छत्तीसगढ़ की संस्कृति के साथ साथ दुसरे राज्य की संस्कृति को संजोये रखने का काम का रहा है जो बहुत ही सराहनीय है। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष राजू देवांगन रेवा राम निषाद, बंटी चाचा, नरेश साहू, शिव साहू, गिरीश गबेल, निखील साहू, दीनानाथ साहू आशीष साहू सहित आयोजन समिति के समस्त सदस्यगण उपस्थित रहे।

# ऑल इंडिया लिनेश क्लब प्रेरणा बेमेतरा द्वारा वृद्ध आश्रम में कराया गया भोजन



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ऑल इंडिया लिनेस क्लब प्रेरणा बेमेतरा की सचिव रामेश्वरी साहू एवं आरती साहू के द्वारा नीलिमा बघेल कुटुंब न्यायालय बेमेतरा की उपस्थिति में 2 अक्टूबर को पितृपक्ष अमावस्या के अवसर पर वृद्धा आश्रम बेमेतरा में वृद्ध जनों को भोजन कराया गया, इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष विनोद राघव शारदा तिवारी रामेश्वरी साहू और आरती साहू मौजूद रहे। ज्ञात हो कि लिनेश क्लब प्रेरणा बेमेतरा द्वारा सदैव विभिन्न अवसरों पर विभिन्न क्षेत्रों में तीज त्योहार में अपनी भागीदारी निभाते हुए जिले में सक्रिय भूमिका निभाई है।

# चुनरी यात्रा में महाराष्ट्र से काली हनुमान की झांकी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सिद्ध शक्ति देवी माँ भैरव बाबा मंदिर में भक्ति शक्ति और भक्तों ने जलाई मनोकामना दीप शारदीय नवरात्र पर्व के इस पावन पवित्र महीने पर भक्तों के मनोकामना ज्योति प्रज्वलित हुई। माँ कालिका दरबार में सभी मनोकामनाएँ होती है पूर्ण, माँ के समीप तीन वृक्ष के साथ आपको मिलेगा दर्शन करने के लिए नीम पीपल बरगद यह अद्भुत है। इस पेड़ पर नवरात्रि के अवसर पर माँ लक्ष्मी की सवारी उल्लू का भी दर्शन होता है नाग देवता भी दर्शन देने आते है मंदिर के पीछे में जहां बरसो से दो नाग जोड़ो का वास है। मान्यता यह भी है कि माता जी को नींबु प्रिय है, जो भी भक्त माता को अपनी मनोकामना लेकर जाने पर उसकी सभी मनोकामना पूर्ण होते है पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा एवं समिति के अध्यक्ष ने बताया की इस पर्व माता के दरबार से नागपुर महाराष्ट्र की काली और हनुमान जी के भव्य झांकी की स्वरूप में आ रहे है। चुनरी यात्रा में शामिल होंने आप सभी नगर वासियो से आग्रह है आप अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर कार्यक्रम को सफल बनाए। इस अवसर पर निशा चौबे के द्वारा अपनी माता के नाम से हलवा पूड़ी महाप्रसादी का कार्यक्रम रखा गया है। इस अवसर पर दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल बेमेतरा विधायक दीपेश साहू विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

# जन्मदिन पर शिक्षिका प्रतीक जैन ने शाला को दिया साउंड सिस्टम



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

साजा विकास खण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो की विज्ञान विषय की नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने अपने जन्मदिन के अवसर पर अपनी संस्था को साउंड बॉक्स गिफ्ट किया। साथ ही मिशन संकल्प जो कि शिक्षिका के द्वारा रानो गांव के कक्षा 3 से 8 तक के बच्चों के लिए निःशुल्क चलाया जा रहा है को स्टेशनरी प्रदान किया तथा बच्चों को मिठाई एवं पेन गिफ्ट किया। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक किशुन राम साहू, सीएसी सरोज कुमार यदु, कनकलता सरसुधे तथा अवध वर्मा उपस्थित थे। शिक्षिका के इस पहल से संस्था के सभी सदस्य तथा बच्चे काफी खुश थे। इसके अतिरिक्त शिक्षिका विशिष्ट एवं दिव्यांग बच्चों के लिए समाज में जागरूकता लाने के लिए भी अनवरत आठ साल से कार्य कर रही है। तथा आत्महत्या जैसे गंभीर विषय पर भी लगभग ढाई साल से कार्यरत है। सभी ने शिक्षिका को आशीर्वाद दिया तथा सीएसी एवं प्रधान पाठक ने बधाई और शुभकामना देते हुए शिक्षिका प्रतीक जैन की प्रशंसा की।

# संभाग स्तरीय कला महोत्सव एवं खेल प्रतियोगिता में आवासीय विद्यालय डौण्डी के छात्र-छात्राओं का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डौण्डी के छात्र-छात्राओं का संभाग स्तरीय सांस्कृतिक, साहित्यिक, कला महोत्सव एवं खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग मेनका चंद्राकर ने बताया कि धमतरी जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथरीडीह में संभाग स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डौण्डी के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुये 25 विधाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल कर बालोद जिलें का नाम रोशन किया। जिसमें से 12 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान, 06 विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान एवं 05 विद्यार्थियों तृतीय स्थान प्राप्त किए। इसमें शिक्षक प्रतियोगिता एवं सेमी क्लासिकल एवं क्लासिकल गायन में द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किये है। जिसमें 13 विधाएं संगीत, 03 विधा कला संबंधी एवं 09 विधाएं साहित्यिक संबंधी रही है। जिसके अंतर्गत सोलो सांग में संजना पिस्दा को प्रथम, वोकल म्यूजिक में हेमेश्वर प्रथम, इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक में यश कुमार मंडावी प्रथम, वोकल म्यूजिक ट्राइबल ग्रुप में रश्मी, शशिकला, लल्नी, जतिन, झनेश ठाकुर, जतिन भंडारी प्रथम, क्लासिकल डांस सोलो में कृतिका प्रथम, फोक डांस में मीनाक्षी, तृष्किा, योगिनी एवं नीलिमा प्रथम, इंस्ट्रूमेंटल म्युजिक फोक ग्रुप गोपेश्वर, अभिनय, चंद्रकांत एवं देवनारायण द्वितीय, वोक म्युजिक पैट्रेयोटिक में गरिमा, मोक्ष, रामा एवं गीतांजली द्वितीय, विज्यूअल आर्ट 2-डी में द्वियांशु द्वितीय, 3-डी आर्ट में टिकेश्वर गावड़े द्वितीय एवं वोकल म्युजिक फोक सोलो में अनिशा तृतीय, वोकल म्युजिक क्लासिकल में खुशबु तृतीय, इंस्ट्रुमेंटल ट्राईबल में यंशु रावटे, भेश कुमार तृतीय, पेंटिग ट्राईबल में मीनाक्षी ताराम, स्टोरी टेलिंग हिन्दी में किंजल तृतीय तथा संस्कृत श्लोक में हेमाक्षी नायक को तृतीय स्थान हासिल हुआ।

# चंडी मंदिर गौरमाटी में 238 ज्योति कलश प्रज्वलित

पायनियर संवाददाता < थान खमरिया
www.dailypioneer.com



सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम गौरमाटी में प्राचीन काल से तीन तालाबों के मध्य विराजमान मां चंडी देवी के मंदिर में शारदीय नवरात्रि का पर्व श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। मंदिर समिति के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सिल्हाटी-थान खमरिया मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम गौरमाटी की दक्षिण दिशा में अद्वितीय प्राकृतिक स्थल पर स्वयं प्रकट मां चंडी देवी का मंदिर दूर-दूर के श्रद्धालुओं का आस्था का केंद्र बना हुआ है। जलमग्न तीन तालाबों के बीच मंदिर परिसर का शांत तथा शीतल वातावरण दर्शनार्थियों को सहज ही आकर्षित करता है। मंदिर में 01 घृत तथा 237 तेल ज्योति कलश दूर-दूर के श्रद्धालुओं के द्वारा प्रज्वलित कराए गए हैं। पंचमी एवं महाष्टमी पर मातारानी का विशेष श्रृंगार के साथ मंदिर परिसर में हवन-पूजन तथा नवमी तिथि को विसर्जन का कार्य संपन्न होगा। नवरात्रि के प्रथम दिवस से ही दर्शनर्थियों का मंदिर आना प्रारंभ हो गया है।

# मवेशी तस्करी के फरार मुख्य आरोपी संजय गिरफ्तार

## नगर पंचायत उतई का पूर्व पार्षद है आरोपी

पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com



मवेशी तस्करी के फरार मुख्य आरोपी संजय गोस्वामी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिल गई है। फिलहाल उसे न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है। जानकारी के अनुसार थाना पाटन में अपराध क्रमांक 160/2024 धारा 4,6,10 छ.ग. कृषिक परिरक्षण अधिनियम धारा 11 (घ) पशु क्रुरता अधिनियम का अपराध दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। ग्राम फुण्डा फार्म हाउस से वाहन में मवेशियों को कत्ल खाने ले जाने की तैयारी की गई थी। जिसमें 03 अभियुक्त गिरफ्तार किये गये थे। जिसमें आज अग्रिम कार्यवाही करते हुए मुख्य फरार अभियुक्त संजय गिरी गोस्वामी को गिरफ्तार किया गया। ज्ञात हो कि अभियुक्त संजय गिरी गोस्वामी के विरूद्ध गत मई 2024 में थाना उत्तई में मवेशी तस्करी के मामले में अपराध पंजीबद्ध किये गये थे। इसके अलावा पूर्व में भी आरोपी के विरूद्ध जिला बालोद एवं गुण्डरदेही में इसके विरूद्ध मवेशी तस्करी के मामले में अपराध पंजीबद्ध थे। मुख्य अभियुक्त संजय गिरी गोस्वामी थाना पाटन में अपराध पंजीबद्ध होने के दिनांक के बाद से लगातार फरार चल रहा था। जिसकी पतासाजी हेतु टीमें लगाई गई थी। टीम के व्दारा आरोपी को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में आरोपी के द्वारा उपयोग किये गये दो वाहन बोलेरो सीजी 07 बीएल 1354 क्रीम कलर का जिसमें आरोपी के द्वारा रोड क्लियर किया जाता था एवं वाहन बोलेरो पिकअप सीजी 07 बीबी 6396 में घुम घुम कर मवेशियों को खरीद कर अपने फुण्डा फार्म हाउस में जमा करता था। जिसे जप्त किया गया व आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है। प्रकरण में पूर्व से 3 आरोपी गिरफ्तार है। जिसमें मुख्य आरोपी संजय गिरी गोस्वामी है। इसके अलावा अन्य आरोपीयों की पतासाजी जारी है। अन्य आरोपीयों की गिरफ्तारी हेतु टीमे रवाना की गई है।

# स्वच्छता अभियान के तहत विभिन्न ब्लेक स्पाटों का किया गया कायाकल्प

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन के विशेष प्रयासों से गंदगी के जमावड़ा वाले ब्लैक स्पॉटो का समुचित साफ-सफाई कर उन्हें स्वच्छ एवं सुदर बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक लगातार चलाए गए स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत कलेक्टर चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले में निरंतर जारी स्वच्छता अभियान के दौरान जिले के अनेक ब्लैक स्पॉट को चिह्नित कर उन्होंने पूरी तरह से स्वच्छ एवं सुंदर बनाकर इन स्थानों का कायाकल्प किया गया है। इस दौरान जिले के सभी नगरीय निकायों में कचरे के जमाव वाले स्थानों तथा साफ-सफाई के अभाव वाले ब्लैक स्पॉट को चिह्नित कर उनकी समुचित साफ-सफाई की गई है। इसके साथ ही इन स्थानों पर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए आकर्षक वॉल पेंटिंग किया गया है। जिसके परिणाम स्वरूप आज से कुछ दिन पूर्व तक कचरों के जमाव रहने वाले यह स्थान वर्तमान में बहुत ही स्वच्छ, सुंदर एवं आकर्षक लग रहे हैं। समाज एवं जीवन में स्वच्छता के महत्व को इस बात से ही समझा जा सकता है कि कुछ समय पहले तक कचरों के जमाव के कारण लोग इन स्थानों पर जाने के लिए भी कतराते थे। लेकिन सभी की सहभागिता से इन स्थानों की नियमित साफ-सफाई से इनका स्वरूप पूरी तरह से परिवर्तन हो गया है। इन स्थानों की समुचित साफ-सफाई से इसके स्वरूप में अमूलचूल परिवर्तन हो गया है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने समाज के सभी वर्गों के सक्रिय भागीदारी के फलस्वरूप जिले के कचरे के जमाव वाले ब्लैक स्पॉटों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के कार्य में सफलता मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। इसके लिए उन्होंने स्वच्छता अभियान के कार्य में लगे सभी लोगों को बधाई देते हुए उनके कार्यों की सराहना की है। चन्द्रवाल ने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में हम सभी के द्वारा किए गए छोटा सा योगदान भी समाज में बड़ा बदलाव एवं परिवर्तन का आधार बन सकता है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले के नगरीय निकायों में स्वच्छता ही सेवा 2024 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद बालोद में वार्ड क्रमांक 02 दशहरा तालाब के किनारे तथा वार्ड क्रमांक 07 काशीबन तालाब के समीप साफ-सफाई कर उसे बेहतर ढंग से संवारा गया है। इसी प्रकार जिले के नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा में गांधी चैक, जैन भवन के पास, नगर पंचायत डौण्डी में राम मंदिर के पीछे, नगर पंचायत गुरूर में वार्ड क्रमांक 03, नगर पंचायत डौण्डीलोहारा में वार्ड क्रमांक 14, नगर पंचायत चिखलाकसा में इंदिरा कॉलोनी, नगर पंचायत अर्जुंदा में बस स्टैण्ड के पीछे और नगर पंचायत गुण्डरदेही में चैनगंज के ब्लैक स्पॉट को चिह्नित कर साफ-सफाई की गई है।

# अग्रवाल समाज की निकली ऐतिहासिक अग्रसेन शोभा यात्रा, मुख्य समारोह के आयोजन में हुआ मेधावी वद्यार्थियों, संस्थाओं का सम्मान

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com





शहर में अग्रवाल समाज द्वारा 3 अक्टूबर को आयोजित भगवान अग्रसेन जी की जयंती के महा महोत्सव पर दिन भर विभिन्न कार्यक्रमों का सृंखलाबद्ध आयोजन किया गया, 3 अक्टूबर की सुबह शक्ति के हटरी चौक से बाइक रैली आयोजित की गई, जो की विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए वापस धर्मशाला पहुंची जहां महाराजा अग्रसेन जी की आरती के साथ ही प्रसाद वितरण एवं आगंतुक समाज बंधुओ के सम्मान में स्वल्पाहार का आयोजन किया गया, तत्पश्चात अग्रसेन जयंती समारोह समिति के सदस्यों के द्वारा शहर के जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल एवं बिस्किट का वितरण कर वहां जयंती महोत्सव के वृक्षारोपण प्रभारी सदस्यों की उपस्थिति में वृक्ष लगाए गए,साथ ही शहर के नवजीवन मूकबधिर स्कूल, दृष्टि बाधित विशेष विद्यालय में विद्यार्थियों को खाद्यान्न सामग्रियों का वितरण किया गया तो वही नंदेलिभाटा स्थित श्री वृंदावन गौशाला में गौ माताओ को गुड़ एवं चना भी खिलाया गया, दोपहर समय शहर के कमला हरी एवेन्यू से भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई जिसमें कमला हरी एवेन्यू के संचालक दिनेश अग्रवाल एवं अरुणा अग्रवाल राष्ट्रीय संयोजिका बाल विकास अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा आगंतुक सभी समाज बंधुओ के सम्मान में हाईटी का आयोजन करते हुए सभी का आत्मीय स्वागत किया गया, शोभा यात्रा का शुभारंभ पूजा अर्चना के साथ प्रसिद्ध पुजारी पंडित राधेश्याम शर्मा एवं पंडित रिंकू शर्मा ने कराया इस शोभायात्रा में जहां केरल की प्रसिद्ध झांकियां सहित देश के विभिन्न राज्यों से बैंड बाजे एवं झांकियां आकर्षण का केंद्र रही तो वही शोभा यात्रा में पहुंचे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का भी जयंती समारोह समिति द्वारा स्वागत किया गया, यात्रा का स्वागत बालाजी ट्रेडर्स के संचालक जुगमन्दर अग्रवाल,प्रकाश अग्रवाल,सुरेश अग्रवाल,योगेश अग्रवाल एवं मयंक अग्रवाल, गोपी होटल के संचालक गोपीचंद बत्रा कमल बत्रा, पुराना स्टेट बैंक के सामने नवयुवक साथियों आतिश अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल और ग्रुप के द्वारा, रेस्ट हाउस के सामने देवांगन युवा संगठन समारुलाल देवांगन,गोविंद देवांगन,रामसजीवन देवांगन के द्वारा स्वागत किया गया, तत्पश्चात अग्रसेन चौक में महा आरती का भव्य आयोजन हुआ जहां पंडित पंकज उमरलिया ने बनारस के पंडितों की उपस्थिति में महा आरती करवाई इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गौरीशंकर अग्रवाल एवम अग्रवाल सभा अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने भी अग्रसेन जी की विशाल प्रतिमा पर तिलक लगाकर माला पहनाई अग्रसेन जी की शोभा यात्रा के अग्रसेन चौक से निकलने पर नवधा चौक में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल शक्ति के अध्यक्ष अनूप अग्रवाल के नेतृत्व में पदाधिकारी सदस्यों ने स्वागत किया तथा स्वल्पाहार एवं जलपान कराया,तत्पश्चात नवधा चौक में ज्वेलरी व्यवसाईयों द्वारा, हटरी चौक में सर्व ब्राह्मण समाज शक्ति द्वारा, अस्पताल चौक में मुस्लिम समाज के बंधुओ द्वारा, गुरुद्वारा के पास पूज्य सिंधी पंचायत एवम सिक्ख समाज,स्टार दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा इसके अलावा अनेकों स्थान पर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत हुआ,तो वहीं जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई।

# पटेल चौक से तहसील कार्यालय, पुराना पुलिस थाना, हॉस्पिटल क्षेत्र तक सड़क किनारे निगम ने हटाया अतिक्रमण

- यातायात को सुचारू बनाए रखने निगम की कवायद, अतिक्रमणकारियों को कब्जा नहीं करने दी चेतावनीः
- दुकान के बाहर सामान को सजाकर सड़कों से अवैध कब्जा खुद हटा लें नही तो जब्ती की कार्रवाई की जाएगीःआयुक्त लोकेश चन्द्राकर

पायनियर संवाददाता ∢ दुग
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आगामी दीपावली त्योहार की खरीददारी को देखते हुए यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए शहर के पटेल चौक मुख्य मार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने निगम प्रशासन द्वारा शुक्रवार को पटेल चौक क्षेत्र के आस पास से पुराना दुर्ग थाना के पीछे से होकर इंदिरा मार्केट, हॉस्पिटल क्षेत्र मरचुरी लाइन तक सड़क किनारे काबिज अतिक्रमणकारियों को हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाही लगभग 3 घंटे चली इस दौरान अतिक्रमण अधिकारी व राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, तहसीलदार क्षमा यदु,बाजार अधिकारी ईश्वर वर्मा,सहायक अतिक्रमण अधिकारी योगेश सूरे,राजू बक्शी, यातायात पुलिस राजेश देशमुख सहित तोडू दस्ता अमले के साथ पहुँचे।

इस दौरान कब्जाधारियों को चेतावनी के साथ समझाईस दी गई। हॉस्पिटल मरचुरी लाइन,पटेल चौक क्षेत्र के आस पास सड़क घेरकर व सड़क किनारे लोग ठेले, खोमचे, सब्जी पसरा,सड़क किनारे बांस बल्ली से तंबू लगाकर दुकान कारोबार कर रहे हैं। इसकी वजह से आवागमन में आम नागरिकों को दिक्कत हो रही है साथ ही यातायात भी बाधित हो रहा है। मुख्यमार्ग के सामने फुटपाथ मोबाइल कवर दुकान, कपड़ा बेचने वालों सहित आस-पास से ठेले खोमचे को हटाया गया।निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर निगम अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता के नेतृत्व में अतिक्रमण तोडू दस्ता अमले ने उक्त मार्ग पर काबिज 30 से 35 अतिक्रणकारियों को हटाया और दोबारा अतिक्रमण किए जाने पर सामान जब्ती कार्रवाही की चेतावनी दी गई। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि दुकान के बाहर सामान को सजाकर सड़कों से अवैध कब्जा खुद हटा लें नही तो जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाही के दौरान निगम तोडू दस्ता अमला मौजूद रहें।

# संपत्तिकर जमा नहीं करने पर गौरव पेट्रोल पम्प को किया गया सील





पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जोन क्रमांक 02 वैशाली नगर स्थित ओम शांति ओम चौंक के पास स्थित गौरव पेट्रोल पम्प को आयुक्त बजरंग दुबे के आदेश पर सील किया गया। सनद रहे कि गौरव पेट्रोल पम्प विगत 2011-12 से अब तक संपत्तिकर एवं अन्य कर की राशि निगम कोष में जमा नहीं कर रहा था। उसको संपत्तिकर जमा करने के लिए बार-बार नोटिस भी जारी किया गया था। किन्तु उनके द्वारा अब तक संपत्तिकर की राशि 1636934. निगम कोष में जमा नहीं किया गया। आयुक्त बजरंग दुबे के संज्ञान में जैसे ही आया, उन्होने नगर निगम अधिनियम की धारा 175 के तहत कुर्की वारंट जारी कर पेट्रोल पम्प को सील करने का आदेश दिया। आदेश के परिपालन में जोन राजस्व अधिकारी जे.पी.तिवारी अपने दल के साथ गौरव पेट्रोल पम्प पर उपस्थित हुए। उनको देखकर सब आना कानी करने लगे, फिर वही बातें आज नहीं कल करेगें। अभी छूट दे दिजीए, यह सब एक भी नही चला। आयुक्त के आदेश का परिपालन हुआ गौरव पेट्रोल पम्प पर नगर निगम का विधिवत ताला चपड़ा लगाकर नियमानुसार सीलिंग की कार्यवाही की गई। ज्ञात हो कि जो भी बकायादार संपत्तिकर की राशि जमा नहीं कर रहे हैं उनको निगम द्वारा नोटिस जारी किया जा चुका है। सभी पर कार्यवाही की जावेगी। समय अवधि के अंतर्गत संपत्तिकर की राशि जमा करना अनिवार्य है। कार्यवाही के दौरान अरूण सिंह, दिनेश बेलचंदन, कन्हैया यादव, मंगल जांगड़े, राजेन्द्र सिंह, विष्णु सोनी, गौरकरण कुर्रे, खेमराज आदि सीलिंग की कार्यवाही में उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्राम पाहंदा में निषाद सामुदायिक भवन कार्य का किया लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्राम पंचायत पाहंदा में अपने कार्यकाल के दौरान स्वीकृत किए गए निषाद समाज सामुदायिक भवन कार्य का लोकार्पण किया ज्ञात हो कि अपने विधायकी कार्यकाल में आशीष छाबड़ा के द्वारा ग्राम पंचायत पाहंदा में सेवा सहकारी समिति सोसाइटी का शुभारंभ व विभिन्न विकास कार्यों के माध्यम से ग्राम पहंदा में विकास की गंगा बहाई थी जिससे ग्राम पंचायत पाहंदा विकास की ओर अग्रसर हुआ तथा, बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में अलग छवि बनाई है, पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने पाहंदा पहुंचकर सर्वप्रथम मां सोनचिरैया दाई का झंडा चढ़ाया गया एवं माता रानी का आशीर्वाद व जोत जावरा का दर्शन करते हुए, बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विकास की कामना की तत्पश्चात पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा द्वारा निषाद समाज सामुदायिक भवन लागत राशि 650000 का लोकार्पण किया कार्यक्रम में उपस्थित शुभम वर्मा पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बंसीलाल निषाद सरपंच ग्राम पंचायत पहांदा राम पलक साहू संतोष साहू प्रवीण चंद मोतीलाल पहल शत्रुघ्न मनीष तिवारी हरी नारायण ऋषि तुलसी निषाद मोहन निषाद भारत निषाद दयाराम निषाद मोती निषाद नोहरी साहू जगराखन साहू हेमलाल साहू वासुदेव साहू तोरण साहू समारू निषाद गोविंद इंदर चंद जैन लोकनाथ यादव पीलू संजय निषाद भारती साहू संतोषी रजनी प्रमिला दामेश्वरी बलराम ठाकुर कंश राम निषाद राधे सोनवानी समस्त निषाद समाज सेवा मंडली समिति ग्रामवासी जिसमें मुख्य रूप सेलेते हुए ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# साहू समाज आई टी प्रकोष्ठ का शपथ ग्रहण समारोह 6 अक्टूबर को रायपुर में

पायनियर संवाददाता ∢ लवन
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के आई. टी प्रकोष्ठ के नवनियुक्त पदाधिकारी का शपथ ग्रहण समारोह 6 अक्टूबर को समय 12 बजे से 5 बजे तक माँ कर्मा धाम कृष्ण नगर रायपुर में रखा गया है। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन उपमुख्यमंत्री अरुण साव, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू, विशिष्ट अतिथि विधायक मोतीलाल साहू एवं साहू समाज युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष व कसडोल विधायक संदीप साहू, अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, भाटापारा विधायक इन्द्र साव, धमतरी विधायक ओंकार साहू होंगे। अन्य अतिथि गण में युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, मोहन कुमारी साहू, कोषाध्यक्ष हनुमंत साहू, प्रदेश महामंत्री दयाराम साहू, हलधर साहू महिला प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजीका शीलू साहू सहित सभी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक भी मौजूद रहेंगे कार्यक्रम के स्वागतोत्सुक में प्रमुख रूप से द्वारिका साहू प्रदेश संयोजक आई. टी. प्रकोष्ठ एवं मनीष कुमार साहू प्रदेश प्रभारी महामंत्री आईटी प्रकोष्ठ, उत्तम साहू, लीला राम साहू, दानेश साहू, परमानंद साहू, ईश्वर साहू, हेमंत साहू, नितिन साहू उपस्थित रहेंगे।

# संपर्क केंद्र के जरिए 4 साल से गुमशुदा महिला का राजस्थान से कराई गई सकुशल घर वापसी

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा द्वारा 4 साल से गुमशुदा ग्राम ओडान निवासी 45 वर्षीय मोंगरा साहू को राजस्थान से सकुशल घर वापसी करायी गई है। इस दौरान कलेक्टर ने आज महिला एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग एवं अन्य संबंधित विभाग को पेंशन एवं अन्य योजनाओं से लाभांवित करने के निर्देश दिए है। इसके साथ महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को काउंसलिंग कराने के निर्देश दिए है। मोंगरा साहू ने बताया की मेरे पति बहुत मारपीट करती थी जिससे मैं परेशान हो गई थी फिर मैं कमाने खाने के नाम से राजस्थान चली गई थी। वहां मेरा अचानक तबीयत खराब हो गई। बलौदाबाजार से लाने गए मिशन वात्सल्य सोशल वर्कर शहनवाज ने मिली जानकारी से बताया की मोंगरा साहू जुलाई 2023 से अपना घर महिला आश्रम भरतपुर में रह रही थी। उन्हें दौरा पुलिस थाने के जरिए आश्रम में छोड़ा गया था। जिले में नवाचार के तहत स्थापित सपर्क केंद्र 92018- 99925 के जरिए दिनांक 17 सितंबर 2024 को अपना घर आश्रम भरतपुर वालों ने उक्त महिला के संबध में फोन कर जानकारी दी। जानकारी मिलते ही तत्काल कलेक्टर सोनी ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को उक्त महिला को लाने निर्देशित किया था। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से मिशन वात्सल्य सोशल वर्कर शहनवाज एवं सखी सेंटर केस वर्कर सु तमन्ना जांगड़े आश्रम से संपर्क कर उन्हे सकुशल लाने हेतु राजस्थान पहुंचे थे। 4 साल बाद अपनी बेटी को देखने एवं सकुशल वापसी पर पिता जगदीश साहू ने नम आखों से कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# ट्री मैन का फिर एक बार बेहतरीन पहलः पैसर, करदा, सेमरिया में रोपण किये वृक्ष, बच्चे एवं शिक्षक भी शामिल हुए



पायनियर संवाददाता ∢ लवन
www.dailypioneer.com

कसडोल विधानसभा के नगर पंचायत लवन स्थित सेवानिवृत्त प्रधान पाठक सुरेश कुमार पाण्डेय ने एक बार फिर बता दिये कि वह ऐसे ही ट्री मैन के रूप में मशहूर नहीं है बल्कि उनके द्वारा वृक्षारोपण की दिशा में उठाए गए सार्थक पहल है जो लोगों को प्रेरणा देने वाली है।आपको बताते चलें कि पाण्डेय ने फिर एक वृक्षारोपण का अलख जगाने की दिशा में सराहनीय भूमिका निभाकर वृक्षारोपण एवं सरंक्षण की दिशा में पुनीत कार्य किये हैं। ट्री मैन पाण्डेय अपने टीम के साथ लवन तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत करदा, चंगोरी, पैसर हाई स्कूल पहुँचकर विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधे रोपण कर जागरूकता अभियान में एक कदम आया है। गौरतलब हो कि पांडेय अपने सर्विस कॉल से लेकर अभी तक वृक्षारोपण में सार्थक पहल करते आ रहे हैं। वृक्षारोपण अभियान में स्कूली बच्चों सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी हाथ बटाया है। पांडेय के लगातार अच्छे कार्यों को देखते हुए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ता सहित ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से अपील करते हुए उन्हें उत्कृष्ट नागरिक का सम्मान से नवाजा जाने की मांग कर रहे हैं। अब देखने वाली बात होगी कि जिला कलेक्टर बलौदाबाजार दीपक सोनी पांडेय के अच्छे कार्यों के लिए क्या सोचते हैं। अब आने वाले वक्त में ही पता चल पाएगा कि पाण्डेय को कौन सी सम्मान कब और कैसे प्राप्त होगा? पाण्डेय को सम्मान दिये जाने की वकालत कसडोल विधानसभा के मशहूर वकील संतराम साहू, थलसाव साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता गंगा राम कैवर्त, कांग्रेस नेता देवी लाल बार्वे, सरपंच पंकज घृतलहरे, सरपंच मनोज टंडन, सहित तमाम लोगों ने किये हैं।

# एथेनाल प्लांट बंदी धरना का 12वां दिन भी जारी बारह महीना तक आंदोलन जारी रखने का संकल्प

- कल धरना स्थल पर विधायक नही आए,तो प्रदर्शन कारी विधायक के घर जायेंगे।
- आंदोलन को तोड़ने नित नए एजेंडा अपना रहा है प्रशासन

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




एथेनॉल प्लांट बंदी धरना 12 दिन भी जारी रहा और 12 महीने तक आंदोलन जारी रखने का संकल्प लिया गया यह भी बताया गया है कि कल आंदोलन स्थान पर विधायक नहीं आते तो प्रदर्शनकारी विधायक के घर जाएंगे वहीं प्रशासन पर आंदोलन को तोड़ने के लिए नए नित्य नए जेंडर बनाए जाने का भी बात कही गई है. आस्था पर वार के बाद आंदोलन को बंद करने प्रशासन ने नया पैंतरा, चला आंदोलन के नेतृत्व के लिए नेता चयन करने को कहा गया जिसे सभी ने एक स्वर में नकार दिया। आंदोलन करियों ने साफ कहा यह आंदोलन विधायक के आदेश पर प्रारंभ किया गया है, अगर विधायक नेतृत्व नही करते है तो यह सामूहिक नेतृत्व में चलेगा। धरना स्थल पर प्रशासन द्वारा माता दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना नही करने देने से आंदोलन कारीयो में भयंकर गुस्सा देखा गया।और इसको आस्था के साथ खिलवाड़ करार देते हुए इसकी सभी ने भर्त्सना की। प्रशासन के तरफ से बेमेतरा और बेरला अनुविभाग के अधिकारी और पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे। कल उद्योग पति की तरफ से एक समाचार पत्र के माध्यम से इस उद्योग में प्रदूषण नही होने की बात कहना, बेहद आपत्ति जनक है। रोजगार की बात करना और भी ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण है।इन लोगों को आकर भैंसा गांव में दौरा करना चाहिए और इसकी बदबू रोकने के लिए बताए जा रहे उपायों को भैंसा में अपनाना चाहिए।इस समाचार का आज निंदा प्रस्ताव रखा गया है। धरना स्थल पर वक्ताओं ने इस प्लांट की ओर से उज्वल सपने और भरम जाल फैलाने की भी निंदा की। आस्था पर चोट के बाद एक बार फिर से जनता में इस आंदोलन के प्रति उत्साह और प्लांट बंद करने का जुनून दिन ब दिन बढ़ता ही जा रह है। गांव वालों की शिकायत है प्लांट के लठैत रात में गांव वालों को डरा धमका रहे हैं। जिससे गांव में माहौल खराब हो रहा है।

## समिति अध्यक्ष अपने पुत्र की अनाधिकृत रूप से की नियुक्ति

# डाटा एंट्री आपरेटर की नियुक्ति को लेकर किया गया शिकायत

पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com



जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने अधिकारों का किस तरह की आँखो में धूल झोंककर नियम विरुद्ध जाकर अपने पुत्रों व रिश्तेदारों को शासकीय लाभ पहुंचते है। इसी तरह का एक मामला प्राथमिक सहकारी समिति जम्हारी के अंतर्गत आने वाले धान उपार्जन केन्द्र बहेरापाली में डाटा एण्ट्री ऑपरेटर के पद पर समिति के अध्यक्ष द्वारा अपने पुत्र की नियुक्ति को लेकर किसानों व ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। समिति में विरोध किये जाने के बावजूद कोई कार्यवाही नही किये जाने के कारण शिकायतकर्ता ओ द्वारा पंजीयक, सहकारी संस्थाएं रायपुर को पत्र देकर शिकायत दर्ज कराई गई है। इस संबंध में बेहरापाली के गौरीशंकर पटेल, बोधराम पटेल, मनमोहन पटेल, मुरलीधर पटेल के साथ ही ग्राम कोटवार इंदल द्वारा हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपते हुवे कहा गया है कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति जम्हारी के धान उपार्जन केन्द्र बहेरापाली में नियुक्त डाटा एण्ट्री ऑपरेटर केशव पटेल पिता गोपबंध पटेल को नियम विरूध्द नियुक्ति दी गई है। जबकि प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटीयों के सेवायुक्तों के लिए सेवा नियम 2012 के अधीन नियम कंडिका 7 के उप कंडिका 7.7 के अनुसार छ.ग. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 के प्रावधानों के अंतर्गत किसी संचालक के परिवार के सदस्य की नियुक्ति नही की जा सकती जबकि समिति अध्यक्ष गोपबंधु पटेल द्वारा अपने इकलौते पुत्र केशव पटेल की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्ति चयन समिति व अन्य ग्रामीणों के बगैर अधिकृत जानकारी के कर दी गई। वही नियमतः चयन समिति द्वारा उक्त पद हेतु आवेदन लेने प्रारंभिक एवं अंतिम तिथि का कोई विज्ञापन, समाचार या ग्राम कोटवारों के द्वारा कोई मुनादी नहीं करके केशव पटेल का एक ही आवेदन लेकर गोपनीय रूप से नियुक्ति दे दी गई है जो अपने आप में संदिग्ध व आपराधिक कृत्य है। नियुक्ति प्रक्रिया से संबंधित जानकारी मांगी जाने पर अध्यक्ष गोपबंधु पटेल द्वारा बताने से इंकार करते हुए अभी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है ऐसा कहा जाता रहा है जबकि केशव पटेल जब नियुक्त होकर उपार्जन केन्द्र में आने लगा तभी उनके द्वारा कहा गया इस पद पर मेरी नियुक्ति हो गई है तभी ग्रामीण लोगों को इस संबंध में जानकारी प्राप्त हुई। इससे स्पष्ट होता है कि कर्मचारी नियुक्ति में छत्तीसगढ सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 तथा सेवायुक्तों के लिए सेवानियम 2012 के नियम विरूध्द नियुक्ति दी गई है। तथा भर्ती प्रक्रिया पारदर्शिता न होना व अयोग्य उम्मीदवार का चयन किया गया है अतः चयनित डाटा एन्ट्री ऑपरेटर की नियुक्ति निरस्त कर दोषियों पर कार्यवाही किये जाने की मांग की गई है।

पेज -01 का शेष

# मुख्यमंत्री साय ने दंतेवाड़ा में 167 करोड़ 21 लाख रुपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

आदिवासी पो. मै. कन्या छात्रावास कासोली 191.510, आदिवासी पो. मै. बालक छात्रावास दन्तेवाड़ा 191.510, आदिवासी पो. मै. कन्या छात्रावास दन्तेवाड़ा 191.510, कैडियापारा एनीकट (ग्राम पंचायत भूसारास) निर्माण कार्य 260.460, फरसपाल जलाशय योजना का जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य 255.770, चेक डेम निर्माण कार्य ग्राम झिरका पण्डेवार 49.990, झोड़ियाबाड़म नदी पर एनीकट निर्माण कार्य 390.310, कामालूर से बासनपुर मार्ग पर पुलिया निर्माण 18.450, आर. सी. सी. स्लेब पुलिया निर्माण 03 स्पान 06 मी. स्पान बालूद से कुआपारा 49.560, पुलिया निर्माण कामालुर से बासनपुर आर. डी. 4. 05 मी. 41.300, आर. सी. सी. स्लेब पुलिया निर्माण 06 मी. स्पान बालूद से मंझारपारा 25.180, पुलिया निर्माण बालूद से टोटापारा मार्ग 30.160, डंकनी नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य कि. मी. पोन्दुम से दाबपाल मार्ग पर 445.700, जिला दन्तेवाड़ा के ग्रामीण महिला एवं युवाओं के लिये आर्थिक अवसरों को उप्रेरित करने के लिये युवा हब संचालन कार्य 59.800, ग्राम पंचायत नहाड़ी के आश्रित ग्राम मुलेर में विद्युतीकरण कार्य 345.000 के कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह और वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद बस्तर महेश कश्यप, विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी, राज्य महिला आयोग के सदस्य ओजस्वी मण्डावी, डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, एसपी गौरव राय तथा जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों मौजूद रहे।

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
Email id:- cmhobb2012@gmail.com फोन एवं फैक्स नं. 07727223622

क्र./स्टोर/2024-25/6628 बलौदाबाजार, दिनांक 01/10/2024

// निविदा सूचना //

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बलौदा बाजार के अधिन स्वास्थ्य केन्द्र में आवश्यकतानुसार आपूर्ति एवं क्रय हेतु औषधियां एवं भण्डार कच्चा माल का मोहरबंद निविदा विनिर्माता या अधिकृत विक्रेताओं से खुली निविदा आमंत्रित की जा रहा है, शासकीय पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा ही निविदा प्रेषित किया जावे। निविदा प्रपत्र शर्तो एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में किसी भी दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1000.00 (एक हजार रूपये) मात्र है।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र बिक्री की प्रांरभ तिथि | 04/10/2024 | समय सुबह 10:00 बजे से |
| निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि | 04/11/2024 | समय संध्या 05:30 बजे तक |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 05/11/2024 | समय संध्या 05:30 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 06/11/2024 | समय सुबह 10:30 बजे से |

निविदा प्राप्त करने एवं जमा करने का स्थान कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बलौदा बाजार भाटापारा।

निविदा खोलने की तिथि एवं समय में अपरिहार्य कारणों से परिवर्तित किया जा सकता है। जिसकी सूचना कार्यालय के सूचना पटल में चस्पा कर दी जावेगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग)

G-242502947/3

# बालको ने राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य को दिया बढ़ावा



पायनियर संवाददाता ✓ बालकोनगर
www.dailypioneer.com

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के अवसर पर समुदाय में बच्चों, किशोरों और माताओं के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किये। इस साल की थीम 'सभी के लिए पौष्टिक आहार' के अनुरूप संतुलित एवं पोषणयुक्त आहार के महत्व को सुनिश्चित करते हुए पौष्टिक विकल्प को बढ़ावा दिया गया। जिला स्वास्थ्य विभाग और विभिन्न सामुदायिक भागीदारों के सहयोग से पोषण जागरूकता अभियान को संचालित किया गया। पोषण माह अभियान नंद घर, आधुनिक आंगनवाड़ी केंद्रों में पोषण और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने पर केंद्रित था। विशेषज्ञों के नेतृत्व में पोषण जागरूकता सत्र और स्थानीय सामग्री का उपयोग करके स्वस्थ खान-पान को प्रोत्साहित करने के लिए सामुदायिक रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रेसिपी प्रशिक्षण में माताओं ने सरकार द्वारा प्रदान किए गए टेक होम राशन (टीएचआर) का उपयोग करके पौष्टिक भोजन तैयार करना सीखा। इसके साथ ही स्वास्थ्य शिविर में कुपोषण और एनीमिया को रोकने के लिए माताओं एवं बच्चों की जांच की गई। समय पर एनीमिया लक्षण की जानकारी से उचित उपचार संभव हुआ। सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए 'पोषण की बातें, पुरुषों के साथ' नामक पहल की शुरूआत की गई। इसमें घर के पुरुषों को बच्चों और परिवार के स्वास्थ्य तथा पोषण महत्व पर जानकारी प्रदान की गई। समापन समारोह में सामूहिक प्रयास का जश्न मनाया गया। समुदाय में रोल मॉडल के रूप में काम कर रही माताओं को चैंपियन माता के रूप में सम्मानित किया गया। गर्भवती दम्पति के विशेष प्रशिक्षण सत्र में माता-पिता दोनों को अपने बच्चे के समग्र विकास में समान रूप से योगदान देने तथा गर्भावस्था और बचपन के दौरान आपसी सहयोग पर मार्गदर्शन दी गई। कंपनी ने अपने प्रयासों की प्रतिबद्धता को दिखाते हुए 'पोषण टाक्स' वीडियो की एक सीरीज शुरू की, जिसमें पोषण संबंधी प्रमुख विषयों को दिखाया जाएगा। अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के सहयोग से नंद घर में मिलेट शेक वितरण अभियान का शुभारंभ हुआ। इसके साथ ही एक मासिक 'पोषण पत्रिका' का शुभारंभ किया गया जिसमें चैंपियन माताओं की कहानियाँ और व्यावहारिक, पौष्टिक व्यंजन की जानकारी दी गई।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि बालको का दृष्टिकोण एल्यूमिनियम उत्पादन से आगे सामुदायिक भलाई तक फैला हुआ है, कंपनी सभी के लिए उज्जवल एवं स्वस्थ भविष्य को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध है। हमारा प्रयास है कि हर बच्चा आगे बढ़े और हर मां को वह देखभाल मिले जिसकी वह हकदार है। पोषण माह के दौरान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य का जश्न मनाना, स्वस्थ समुदायों के पोषण के प्रति हमारे प्रयासों को दर्शाता है। बालको प्रचालन के आसपास रहने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

महिला एवं बाल विकास विभाग, रायपुर के उप निदेशक दिलदार सिंह मरावी ने सामुदायिक स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने में सरकार और उद्योग के बीच परस्पर सहयोग के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग में हम महिलाओं और बच्चों के पोषण स्वास्थ्य और सशक्तिकरण में सुधार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। यह देखकर बहुत अच्छा लगता है कि बालको अपने परियोजना के माध्यम से ऐसे पहल को आगे बढ़ा रही हैं, जो पोषण जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर आधारित है।

# 33 रुपए की जहरीली पाउच दारू 50 रुपए में रोजाना बिक रही 7 हजार पैकेट

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com




देवभोग ब्लॉक शराब माफिया 1 जहरीली झिल्ली पाउच दारू के पीछे 13 रुपए कमाने के चलते रोजाना 7 हजार झिल्ली पैकेट दारू परोसकर सैकडों युवाओं की जिंदगी को मौत के हवाले करने पर उतारू है और जिम्मेदार अधिकारी हाथ पर हाथ धरे दिखाई पड़ रहे हैं। झिल्ली पाउच विक्रेता के अनुसार उड़ीसा के धर्मगढ़ बेहरा और हल्दी मे यह झिल्ली पाउच दारू बनती हैं, जिसे 33 से 34 रुपए के दाम पर देवभोग नदीपार सहित अन्य गांव में पहुंचाया जाता हैं। यह 33 रुपए की जहरीली झिल्ली पाउच दारू को स्थानीय शराब माफिया 50 रुपए में बेचते हैं और उक्त लाभ का कुछ हिस्सा विभागीय अधिकारियों को चढ़ावा के रूप में चढ़ाकर कानूनी कार्यवाही से बचे हुए हैं जबकि यह झिल्ली पाउच दारु मे नशीली पदार्थ मिलाकर सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इससे गिने चुने गांव को छोड़ कोई भी गांव अछूता नहीं है। हालांकि छूट मूठ शराब कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही कर जोरदार वाहवाही लूटने से भी पीछे नहीं होते। जबकि युवाओं के सेहत के साथ-साथ रोजाना 7000 हजार पाउच दारू खफाकर सरकार को भी हर साल 45 लाख से अधिक का आर्थिक नुकसान भी पहुंचाया जा रहा है। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि ज़िम्मेदार अधिकारियो के बीच उड़िसा झिल्ली पाउच दारू बेचने वालों की कितनी तगड़ी सेटिंग स्थापित है। शायद यही वजह है कि पहले की तुलना इस झिल्ली पाउच दारू माफियाओं को संख्या में वृद्धि हुई है। जिससे लगभग विभाग अधिकारी भी भली-भांति अवगत हैं। लेकिन अब तक ऐसे शराब माफिया के ऊपर कानूनी शिकंजा नही कसा गया है।

### सरगीबहेली दहिगांव झाखरपारा कुंमडई में बड़े माफिया

ब्लॉक के करीब 40 गांव में यह झिल्ली पाउच दारू बेचा जाता हैं जिन्हें झाखरपारा सरगीबहेली कुंमडई दहीगांव सहित अन्य गांव झिल्ली पाउच दारू माफिया सप्लाई करते हैं और सप्लाई की पूरी जानकारी विभागीय कर्मचारी से लेकर अधिकारी को होती है की किस मार्ग कितना समय कितना बोरा झिल्ली पाउच दारू पहुंचती हैं। मगर अफसोस की बात है की यह सब जानकारी होने के बाद भी इन बड़े शराब माफिया के विरुद्ध कार्यवाही नही हो पाता और जब शिकायत दर्ज होती है तब इन बड़े माफिया से लिए झिल्ली पाउच दारू के छूट मूठ शराब विक्रेता को पकड़कर जोरदार सुर्खियां बटोरा जाता है मतलब जिम्मेदार अधिकारी की कार्यवाही के प्रति यहीं रवैया रहा तो आने वाले दिनों में मजरा टोली पर भी झिल्ली पाउच दारू बिकने की संभावना बन रही हैं, फिर भी आबकारी अधिकारी गंभीर नजर नही आ रहे हैं।

### आबकारी सचिव आर संगीता से भी उम्मीद खत्म

आईएएस आर संगीता द्वारा आबकारी विभाग की कमान संभालने के बाद एक ओर अधिकारियों के बीच काफी हड़कंप रहा तो दूसरी ओर लोगो में काफी उम्मीद बनी रही की अब गांव-गांव में जहरीली शराब पूरी तरह बंद होगा, लेकिन अब भी धड़ल्ले से बिकता झिल्ली पाउच दारू को देख वह उम्मीद खत्म होने के कगार पर नजर आ रही हैं फिर भी ब्लॉक से प्रतिनिधि मंडल बनाकर आर संगीता से मुलाकात करते झिल्ली पाउच दारू को पूरी तरह बंद करने के लिए मांग की तैयारी किया जा रहा है ताकि आने वाले पीढ़ी को इस नशीली झिल्ली पाउच जहर से बचाया जा सके। क्योंकि वर्तमान में इस जहरीली पाउच दारू से नाबालिक बच्चे अछूता नहीं है यही वजह है कि पालकों मे झिल्ली पाउच विक्रेताओ के खिलाफ रोष होने के चिंता भी सता रही है।

# रायपुर में 34 वीं एनुअल कॉन्फ्रेंस WZUSI-CON 2024 में युरोलॉजिस्ट करेंगे मंथन



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी के नवा रायपुर स्थित मेफेयर रिजॉर्ट में छत्तीसगढ़ यूरोलॉजी सोसाइटी के बैनर तले यूरोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया वेस्ट जोन के साथ 34वीं एनुअल कॉन्फ्रेंस WZUSICON 2024 का आयोजन 4,5 और 6 अक्टूबर को कर रही है। यूरोलॉजिस्ट के इस महाकुंभ में छत्तीसगढ़ सहित महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश और गोवा के यूरोलॉजिस्ट एवं देश के अन्य जगहों से यूरोलॉजिस्ट तीन दिवसीय एनुअल कॉन्फ्रेंस में जुटे हैं। वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से यूरोलॉजी के क्षेत्र में सर्जिकल टेक्निक्स को साझा किया जाएगा। साथ ही नई टेक्नोलॉजी का विश्लेषण कर उपचार की चुनौतियां और आसानियों पर विश्लेषण मंथन होगा। डॉ.प्रशांत भागवत ऑर्गेनाइजिंग प्रेसिडेंट WZUSICON 2024 ने कहा कि यह नेशनल कांफ्रेंस साल में एक बार वेस्ट जोन के अंतर्गत आने वाले छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश, गोवा राज्य में होती है। हर 5 साल में प्रति राज्य में एक बार कांफ्रेंस आयोजित की जाती है। यूरोलॉजी के अंतर्गत मूत्रशल्य चिकित्सा इसमें महिला-पुरुषों में अलग-अलग तरह की होने वाली बीमारियों को यूरोलॉजिस्ट के द्वारा उपचार किया जाता है। बेहतर उपचार के लिए नई-नई टेक्निक्स का इजात हो चुका है। इससे उपचार आसान हो गया है। बिना चीर फाड़ के इलाज संभव हो गया है। खास चर्चा में डॉक्टर प्रशांत भागवत ने कहा कि पथरी की बीमारी सामान्य रूप से सामने आती है। कमर में दर्द, उल्टी, पेशाब में खून आना और असहनीय दर्द होना आदि लक्षण दिखने से तत्काल यूरोलोजिस्ट से सलाह लेना चाहिए। जब हमारे पास मरीज आते हैं तो हम जांच करते हैं।



**सरायपाली।** भाजपा युवा मोर्चा महासमुंद के तत्वावधान में सिंघोडा स्थित माता रुद्रेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना कर एवं भाजपा ध्वज दिखाकर सदस्ता रथ को रवाना किया गया।

# इस साल त्योहारी सीज़न में अमेजन गोल्ड वाउचर क्यों होना चाहिए आपका पसंदीदा कॉर्पोरेट उपहार

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



त्योहारों का सीजन जैसे-जैसे पास आ रहा है, वैसे ही कॉरपोरेट्स भी अपने कर्मचारियों और कारोबारी साझेदारों के साथ त्योहारों की खुशियां साझा करने के लिए बेहद खास, बहुमूल्य और वैकल्पिक तरीकों की तलाश कर रहे हैं। पाइन लैब्स के साथ साझेदारी में लॉन्च किया गया अमेजन गोल्ड वाउचर, ऐसा ही एक बेहतरीन कॉर्पोरेट गिफ्टिंग सॉल्यूशन है। यह गोल्ड वाउचर अमेजन पे की सुविधा और सोने में निवेश को एक साथ पेश करता है। आप चाहें टीमों को प्रोत्साहित करना चाहते हों या फिर ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त करना चाहते हों, हम यहां आपको यह बताने जा रहे हैं कि कि इस त्योहारी सीज़न में कॉर्पोरेट गिफ्टिंग के लिए अमेजन गोल्ड वाउचर क्यों बेहद अहम है। अमेजन गोल्ड वाउचर को अग्रणी फिनटेक कंपनी पाइन लैब्स प्राइवेट लिमिटेड (पाइन लैब्स) द्वारा जारी और संचालित किया जाता है। विभिन्न ब्रांडों में सोना उपहार में देने का विकल्पः यह पारंपरिक गोल्ड वाउचर जैसा नहीं है जिसमें आपको एक ही ब्रांड का विकल्प मिलता है। अमेजन गोल्ड वाउचर अपनी तरह का पहला प्रीपेड इंस्ट्रूमेंट है जिसमें इसे पाने वाला अमेजन.इन पर सीधे कल्याण, एमएमटीसी, तनिष्क और जोयालुक्कास जैसे भरोसेमंद गोल्ड ब्रांड्स में से अपना पसंदीदा ब्रांड चुन सकता है। इसकी मदद से वे अपनी स्टाइल और पसंद के अनुसार सिक्कों और बुलियन से लेकर आभूषणों तक, जैसे चाहें वैसे सोना खरीद सकते हैं। देश भर के कर्मचारियों तक पहुंचः देश के कोन कोने तक मौजूद अमेजन.इन के मजबूत डिलीवरी नेटवर्क की मदद से, अमेजन गोल्ड वाउचर को टियर 2 और टियर 3 शहरों सहित भारत के 7,000 पिन कोड पर भुनाया जा सकता है।

# सीग्राम रॉयल स्टैग पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने क्रिकेट आइकन सूर्य कुमार यादव के साथ उत्सव अभियान सेलिब्रेट लार्ज लॉन्च किया




पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत में उत्सव के जोश को शुरू करते हुए, रॉयल स्टैग पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर ने नया अभियान सेलिब्रेट लार्ज पेश किया है। यह अभियान दिखाता है कि आज की युवा पीढ़ी विभिन्न उत्सवों को अपनी अनूठी शैली और ऊर्जा से कैसे संजोकर रखना चाहती है। अभियान का टैगलाइन जनरेशन लार्ज का सेलिब्रेशन लार्ज इस युवा पीढ़ी की इच्छा को ब्रांड की लिव इटलार्ज फिलॉसफी के साथ बखूबी जोड़ता है। इस अभियान की विशेषता भारत के टी20 क्रिकेट कप्तान सूर्यकुमार यादव है और यह एक एंगेजमेंट केन्द्रित 360 डिग्री का अभियान है, जिसमें एक इंटरैक्टिव एआई फिल्म, एक अभिनव एआर सक्षम उत्सवी कैनवास और भारतीय क्रिकेट सुपर स्टार सूर्यकुमार यादव के साथ मनाने का अवसर शामिल है। एफसीबी इंडिया के साथ साझेदारी में तैयार किए गए इस अभियान का हर टचपॉइंट युवाओं को लिव इटलार्ज की प्रेरणा देने और उनके उत्सव को एक नए स्तर पर ले जाने का लक्ष्य रखता है। अभियान की फिल्म विभिन्न क्षेत्रों में सभी प्रमुख उत्सवों को खूबसूरती से दर्शाती है और दर्शकों को सूर्यकुमार यादव के साथ करने के लिए आमंत्रित करती है।

# कोलंबिया कॉलेज में एक्शन रिसर्च पर अतिथि व्याख्यान

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




कोलंबिया कॉलेज, रायपुर में प्रशिक्षु शिक्षकों के लिए एक्शन रिसर्च विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. एम. विजय लक्ष्मी, सहायक प्रोफेसर, शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, रायपुर, छत्तीसगढ़ थीं। उन्होंने अपने व्याख्यान की शुरुआत इंटर्नशिप के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान से की। उन्होंने स्कूलों में शिक्षण के दौरान समस्याओं को चरणबद्ध तरीके से समझने के महत्व पर जोर दिया। एक्शन रिसर्च में प्रक्रिया समस्या की पहचान से शुरू होती है, फिर उसके संभावित कारणों को समझा जाता है और संभावित समाधान खोजे जाते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का संदर्भ देते हुए, उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि एक शिक्षक को शोध-उन्मुख दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में, डॉ. विजय लक्ष्मी ने एक्शन रिसर्च रिपोर्ट लिखने के लिए टेम्पलेट प्रदान किया और इसे तैयार करते समय ध्यान रखने वाले मुख्य बिंदुओं और सावधानियों को समझाया। उन्होंने प्रशिक्षु शिक्षकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए। कार्यक्रम के समापन पर, उप-प्राचार्य डॉ. आभा दुबे ने डॉ. एम. विजय लक्ष्मी को स्मृति चिन्ह भेंट किया और रेखा यादव ने महाविद्यालय की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया।

# इंडस टॉवर्स की डिजिटल ट्रांसफोर्मेशन वैन (डीटीवी) ने छत्तीसगढ़ में डिजिटल शिक्षा को बनाया सुलभ

पायनियर संवाददाता ✓ सूरजपुर/अंबिकापुर
www.dailypioneer.com

भारत के प्रमुख टेलीकॉम इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रदान करने वाली कंपनी इंडस टॉवर्स ने छत्तीसगढ़ में अपनी पहल डिजिटल ट्रांसफोर्मेशन वैन (डीटीवी) के माध्यम से वंचित वर्ग के लोगों तक डिजिटल शिक्षा को पहुंचाने में उसकी भूमिका पर रोशनी डाली। 50 फीसदी से अधिक बालिकाओं की भागीदारी के साथ यह प्रोग्राम क्षेत्र में डिजिटल साक्षरता में सकारात्मक बदलाव लाया है, जिसके तहत खासतौर पर सूरजपुर के जजवाल, अंजनी एवं गोरगी गांवों के लोगों को डिजिटल ज्ञान प्रदान करने पर ज़ोर दिया गया है। छत्तीसगढ़ के मुख्य मंत्री विष्णु देव साई और सूरजपुर से आईएएस,



कलेक्टर, रोहित व्यास ने डीटीवी का दौरा किया। इस पहल की सराहना करते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्य मंत्री विष्णु देव साई ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप इंडस टावर्स का डिजिटल ट्रांसफोर्मेशन व्हीकल, समुदायों को डिजिटल कौशल प्रदान कर डिजिटल सेवाओं को सुलभ बनाता है। यह प्रोग्राम न सिर्फ डिजिटल अंतर को दूर करता है बल्कि प्रगतिशील एवं समावेशी छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में भी अग्रसर है। इस तरह के प्रयासों के माध्यम से हम राज्य के डिजिटल विकास में योगदान देना चाहते हैं। यह देखकर अच्छा लगता है कि ज़िले के लोगों ने बढ़चढ़ कर इस अभियान में हिस्सा लिया है। डीटीवी प्रोग्राम की सफलता पर बात करते हुए आशीष मित्रा, सर्कल सीईओ, एमपीसीजी, इंडर्स टावर्स ने कहा, हमें खुशी है कि छत्तीसगढ़ के लोग हमारी डीटीवी पहल में उत्साह के साथ हिस्सा ले रहे हैं। बुनियादी आईटी, साइबर सुरक्षा, वित्तीय सुरक्षा में उनके कोर्सेज़ बेहद उपयोगी साबित हुए हैं।

# ओला इलेक्ट्रिक की 'बॉस-बिगेस्ट ओला सीज़न सेल' शुरू



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत की सबसे बड़ी प्योर-प्ले ईवी कंपनी, ओला इलेक्ट्रिक ने आज त्योहारों के लिए अपना सबसे बड़ा ओला सीज़न सेल, बॉस शुरू किया। इस अभियान के अंतर्गत एस1 पोर्टफोलियो 49,999 रुपये की न्यूनतम राशि में उपलब्ध हो रहा है। साथ ही, कंपनी ने 40,000 रुपये तक के फेस्टिव बेनेफिट्स की घोषणा भी की है, जिनमें हाईपर चार्जिंग क्रेडिट्स, मूवओएस+ अपग्रेड, एक्सेसरीज़ पर एक्सक्लुसिव डील और केयर+ के साथ कई आकर्षक ऑफर शामिल हैं। इस अभियान के बारे में भाविश अग्रवाल, चेयरमैन एवं एमडी, ओला इलेक्ट्रिक ने कहा, हम इन त्योहारों पर सभी ऑफरों के साथ बॉस शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। यह ईवी खरीदने का सबसे अच्छा समय है। बॉस हमारी अब तक की सबसे बड़ी फेस्टिव पेशकश है, जिसके साथ हम अपना मिशन आगे बढ़ा रहे हैं और देश में ईवी का विस्तार कर रहे हैं। सबसे बड़े डिस्काउंट, सबसे अच्छी डील्स और आकर्षक फाईनेंसिंग ऑफरों के साथ यह महंगे पेट्रोल वाहनों को पीछे छोड़ते हुए ईवी के विस्तार के लिए सबसे अच्छा समय है।

# सिंपोलो टाइल्स और बाथवेयर ने 'पर्सपेक्टिव-2025' वार्षिक प्रोडक्ट लांच इवेंट में नए कलेक्शंस को प्रस्तुत किया

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

सिंपोलो टाइल्स और बाथवेयर सिरेमिक और सतह डिजाइन उद्योग में एक अग्रणी कंपनी है। कंपनी ने कोचीन में अपने बहुप्रतीक्षित उत्पाद के लाचिंग इवेंट में पर्सपेक्टिव-2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस इवेंट में भारत भर के 400 से अधिक प्रीमियम डीलर्स और केरल के 100 अधिक प्रमुख आर्किटेक्ट्स ने भाग लिया। जिन्होंने सिंपोलो की नवीनतम अत्याधुनिक कलेक्शंस और सतहों का अनावरण देखा। जो आधुनिक आर्किटेक्चर और डिज़ाइन की विकसित होती जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार की गई हैं। इस वर्ष का थीम, फ्रेश फ्रॉम द पास्ट, कलेक्शंस के लिए टोन सेट करता है, जो ऐतिहासिक तत्वों और आधुनिक कार्यक्षमता बताता है। इवेंट का मुख्य आकर्षण नया पोज़ प्लस सतह था। जो सिंपोलो की आइकोनिक पोज़ सतह का एक नवोन्मेषी अपग्रेड है, जिसे विशेष रूप से उच्च यातायात सार्वजनिक स्थानों के लिए डिज़ाइन किया गया है। उद्योग मानकों की तुलना में 10 गुना अधिक घर्षण शक्ति के साथ, पोज़ प्लस हवाई अड्डों, मॉल और रेलवे स्टेशनों जैसे सार्वजनिक क्षेत्रों के लिए आदर्श है। जो असाधारण टिकाऊपन प्रदान करता है बिना सौंदर्य को समझौता किए। नए उत्पाद लाइनों का अनावरण सिंपोलो टाइल्स और बाथवेयर ने इस इवेंट में कई नई कलेक्शंस का परिचय दिया, प्रत्येक को कलात्मक इतिहास और समकालीन व्यावहारिकता को मिलाने के लिए अनोखे तरीके से तैयार किया गया।

## ललित तिवारी का निधन



**रायपुर।** श्याम टॉकीज, रायपुर के प्रोपराइटर व आरडीए के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस के वरिष्ट नेता रहे ललित तिवारी का शुक्रवार दोपहर 12:30 बजे निधन हो गया है। वह लावण्या तिवारी, लोकेश तिवारी, स्व. लक्ष तिवारी, लालिमा तिवारी और डॉ. लीना तिवारी के पिता और लाभांश तिवारी, लोहित, लक्षित, लोचन, लव्या और अर्जुन के दादाजी थे। अंतिम यात्रा 5/10/2024 को उनके सिविल लाइंस वाले निवास स्थान से सुबह 11 बजे, मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए प्रस्थान करेगी।

## किशन अग्रवाल का निधन



**रायपुर।** जवाहर नगर निवासी स्व. नरसिंग अग्रवाल के पुत्र किशन अग्रवाल (63 वर्ष) का शुक्रवार को दुखद निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार शाम 4.30 बजे मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया। वे श्यामसुंदर अग्रवाल, गौरीशंकर अग्रवाल पूर्व विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़, अशोक अग्रवाल, अजय अग्रवाल, विजय अग्रवाल के भाई थे।

# चर्चा पत्र में नवाचारी शिक्षिका शीतल बैस के टीएलएम को मिला स्थान

**बेमेतरा।** राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा रायपुर द्वारा प्रदेश के नवाचारी शिक्षकों द्वारा किये जा रहे नवाचारी गतिविधियों को संकलित कर प्रतिमाह चर्चा पत्र का प्रकाशन किया जाता हैं। ताकि प्रदेश के अन्य शिक्षक आपस में अकादमिक चर्चा के माध्यम से उन नवाचारों को अपने अपने शाला में लागू कर सके। इस माह का चर्चा पत्र जादुई पिटारा पर आधारित है। जादुई पिटारा एनसीईआरटी नई दिल्ली द्वारा अनुसंशित व निर्मित है। इसे ही छत्तीसगढ़ के सन्दर्भ में स्थानीय सामग्रियों को सम्मिलित करते हुए अपने शाला में उपयोग करना है। इस माह के चर्चा पत्र में बेमेतरा जिले से नवागढ़ विकासखण्ड से टीएलएम स्मार्ट शासकीय प्राथमिक शाला मगरघटा की नवाचारी व सक्रिय शिक्षिका शीतल बैस के टीएलएम को स्थान दिया गया है। पूर्व में भी शिक्षिका के नवाचार को राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के शिक्षा के गोठ में स्थान मिल चुका है। शिक्षिका द्वारा संख्याओं का खेल को जादुई पिटारा में शामिल किया गया है। इस खेल के माध्यम से शिक्षिका द्वारा बच्चों को गणितीय संक्रियाओं जैसे इकाई दहाई सैकड़ा हजार पर समझ बनाना, अंको व शब्दों में लिखना, जोड़ना, घटाना, को सरलता के साथ सिखाया जाता है। बच्चों को पढ़ाते हुए यूट्यूब के माध्यम से विशेष क्रियाकलाप का प्रदर्शन एवं अध्यापन पदार्थ भी उपलब्ध कराती हैं, ताकि बच्चे आसानी से पुनरावृत्ति कर सकें। अध्यापन के साथ ही अन्य गतिविधियों का क्रियान्वयन कमजोर बच्चों को स्तर में लाने के लिए भाषाओं एवं गणितीय कौशल के विकास के लिए सतत प्रयासरत रहती है।



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुन्द**

// ईश्तहार //

क्रमांक 803/क/भू.व्यप/अविअ/24 सरायपाली दिनांक 01/10/2024

आवेदक श्याम कुमार पिता सेवाराम अग्रवाल निवासी ग्राम सरायपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम परसदा में स्थित भूमि खसरा नंबर 1404/6 रकबा 0.1000 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 15/10/2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/10/2004 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सरायपाली

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुन्द**

// ईश्तहार //

क्रमांक 793/क/भू.व्यप/अविअ/24 सरायपाली दिनांक 01/10/2024

आवेदक भोगीलाल पटेल पिता गोपकन्हाई पटेल एवं 03 अन्य निवासी ग्राम सरायपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम सरायपाली में स्थित भूमि खसरा नंबर 827 रकबा 0.089 हे. में से 0.04 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 15/10/2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सरायपाली

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुन्द**

// ईश्तहार //

क्रमांक 798/क/भू.व्यप/अविअ/24 सरायपाली दिनांक 01/10/2024

आवेदक अखिल पिता पवन अग्रवाल निवासी ग्राम सरायपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम परसदा में स्थित भूमि खसरा नंबर 1404/3 रकबा 0.1000 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 15/10/2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सरायपाली

CENTRUM Home Loans
Aao milkar ghar banaye

कॉर्पोरेट और पंजीकृत कार्यालयः यूनिट नं. 801, सेंट्रम हाउस, सीएसटी रोड, विद्यानगरी मार्ग, कलिना, सांताक्रूज (पूर्व), मुंबई – 400098, सीआईएन नं. U65922MH2016PLC273826

**कब्जा नोटिस**
**(प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8(1) के अनुसार)**
**ऋण खाता सं. RPRRP18001577**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत **सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड,** का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत **सुरेन्द्र अग्रवाल उधारकर्ता के रूप में और सविता अग्रवाल को सह–उधारकर्ता के रूप में नामित, को** एक मांग सूचना दिनांक **13-02-2023** को जारी किया था जिसमें सूचना में उल्लेखित राशि **रु. 7,23,229/- (रु. सात लाख तेईस हजार दो सौ उनतीस मात्र) और साथ में संविदात्मक दर पर ब्याज, पीनल ब्याज, प्रभार, लागत इत्यादि सहित** उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर प्रति भुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार राशि का प्रतिभुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतद्‌द्वारा कर्जदार तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत दिनांक **28.09.2024** को लिया है।

विशेष रूप से कर्जदार तथा जनसाधारण को एतद्‌द्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन–देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड,** के प्रभार वास्ते **राशि और साथ में संविदात्मक दर पर ब्याज, पीनल ब्याज, प्रभार, लागत इत्यादि सहित** के अधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

अधिकारों में, अचल संपति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि मौजा– चंद्रशेखर नगर, क्षेत्रफल 400 वर्ग फीट, अश्वनी नगर, आर.एन.एम.– रायपुर–1, पीएच नं. 106/62, खसरा नं. 1132 का हिस्सा प्लॉट नं. 29/3, कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड नं. 65, रायपुर, रायपुर–492001, छत्तीसगढ़ चौहद्दीः पूरब में – लक्ष्मी पारख का मकान, पश्चिम में – विक्रेता की बाईं ओर भूमि उत्तर में – सड़क, दक्षिण में – विक्रेता का मकान

दिनांकः 28.09.2024, स्थानः रायपुर — प्राधिकृत अधिकारी, **सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

# कोकपुर में डायरिया का प्रकोप, अब तक 18 मरीज

## जलस्त्रोतों में ब्लीचिंग, क्लोरोनाईड पेयजल की सलाह, स्वास्थ्य विभाग का हेल्थ कैंप, 1 मरीज मेडिकल कालेज दाखिल

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



ब्लॉक के कोकपुर में 3 दिनों से डायरिया का प्रकोप है। पहले दिन 11 ग्रामीण डायरिया की चपेट में आये थे। दूसरे दिन 5 मरीजों की पहचान हुई थी। तीसरे दिन यानि शुक्रवार को 2 मरीज चिन्हित हुए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 3 दिनों में कुल 18 मरीजों की पुष्टि की गई। विभाग ने कोकपुर में एहतियातन शिविर लगाया है। मरीजों की हालत खतरे से बाहर होने की पुष्टि की है। उल्लेखनीय है कि इस सत्र में डोंगरगांव ब्लॉक के गांवों में डायरिया का प्रकोप रहा है। इससे पहले भी मचानपार, रामपुर व सोनेसरार में डायरिया का कहर टूट पड़ा था। हालांकि स्वास्थ्य विभाग के कैंप, डोर टू डोर सर्वे सहित जलस्त्रोतों को उपचारित करने से हालात काबू में कर लिए गए थे। अब कोकपुर में लगभगर 18 मरीजों के चपेट में आने से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। डोर टू डोर सर्वे जारी है। इमरजेंसी के लिए रात्रिकालीन स्वास्थ्य सेवा हेतु शिविर लगाया गया है। कोकपुर में सीएमएचओ राजनांदगाँव भी जायजा लेने पहुंचे थे। जलस्त्रोतों को ब्लीचिंग का छिड़काव कराया गया है। विभाग द्वारा जलस्त्रोतों को लेकर ग्रामीणों को सजग रहने अपील की है।

### पीएचसी व मेडिकल कालेज रेफर

बीएमओ डॉ रागिनी चन्द्रा ने पायनियर को बताया कि बुधवार को 11 ग्रामीणों में डायरिया के लक्षण पाए गए थे। गुरुवार को 5 तथा शुक्रवार को 2 मरीजो की पुष्टि हुई। इनमें से कुछ मरीज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आसरा में उपचाररत हैं। वहीं एक मरीज पेंड्री मेडिकल कालेज राजनांदगाँव में उपचाररत हैं।

> कोकपुर में डायरिया का प्रकोप है। हेल्थ कैंप लगा है। हालात सामान्य है।
>
> -डॉ रागिनी चन्द्रा, बीएमओ

### रीवागहन पहुंचे सीएमएचओ, डायरिया के मामले देखे



सीएमएचओ डॉ. नेतराम नवर , जिला सर्वेलेंस अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नंदकिशोर टंडन ने ग्राम रीवागहन में घर-घर सर्वे कर उल्टी दस्त के प्रकरणों की जानकारी ली। डॉ. नवर ने बताया कि ग्राम रीवागहन में अब तक कुल 20 उल्टी-दस्त के मरीज मिले हैं, जिनमें से सभी मरीजों के स्वास्थ्य की निगरानी, देखभाल एवं उपचार मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में किया जा रहा है। सभी मरीजों के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। पूरे गांव का भ्रमण एवं सर्वे कर सभी लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी ली गई तथा दवाइयों का वितरण किया गया। उन्होंने गांव में निगरानी एवं सूचना तंत्र को प्रभावी करने के लिए सभी मैदानी कर्मचारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। उल्टी-दस्त के मरीज मिलने पर मितानिनों की टीम को त्वरित सूचना देने कहा गया है। गांव में स्वास्थ्य अमले द्वारा शिविर भी लगाया गया है।

# कुपोषित बच्चों के लिए संवर्धित टेक होम राशन वितरण का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता < मोहला
www.dailypioneer.com

जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में अति गंभीर कुपोषित बच्चों एवं मध्यम गंभीर कुपोषित बच्चों को हमर स्वस्थ्य लईका कार्यक्रम अंतर्गत सामान्य श्रेणी में लाने की दिशा में यूनिसेफ, एबीस ग्रुप सी एस आर मद एवं जिला प्रशासन के सहयोग से संवर्धित टेक होम राशन वितरण का शुभारंभ किया गया। उल्लेखनीय है कि जिले में महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत तीन परियोजना संचालित है। जिले में 890 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। जिसमें 27707 हितग्राही दर्ज है। इनमें 169 अति गंभीर कुपोषित बच्चे दर्ज है। बच्चों को एबिस ग्रुप सी एस आर मद एवं यूनिसेफ के द्वारा संवर्धित टेक होम राशन प्रदाय किया जाएगा। जिले में इसका आज मानपुर के सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में विधिवत शुभारंभ किया गया। विधायक इंद्रशाह मंडावी ने संबोधित करते हुए कहा कि कुपोषण को खत्म करने के लिए सभी की सकारात्मक सहयोग की आवश्यकता है। इस अवसर पर जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने कहा कि जिले के विकास को लेकर शासन प्रशासन के द्वारा उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर एस जयवर्धन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा अति गंभीर कुपोषित बच्चों की चिंता करते हुए उन्हें सामान्य श्रेणी में लाने के लिए यह प्रयास किया जा रहा है ।

# अतुल ने जनभागीदारी अध्यक्ष पद संभाला



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव शहर के शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में नवनियुक्त जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष अतुल रायजादा ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण करने उपरांत कॉलेज परिसर का निरीक्षण किया। पदभार ग्रहण करने से पूर्व उन्होंने कॉलेज परिसर में स्थित स्वर्गीय राजा दिग्विजय सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। शासकीय दिग्विजय कॉलेज की प्राचार्य से चर्चा करते हुए कॉलेज की मूलभूत समस्याओं की जानकारी ली है। रायजादा ने बताया कि कॉलेज में वर्तमान में जो भी मूलभूत समस्या हैं उन्हें सुलझाना और शिक्षा में गुणवत्ता लाना उनकी पहली प्राथमिकता है।

# शहर में कुछ ही घंटों में दो उठाईगिरी, 80 हजार की रकम ले उड़े आरोपी

- दोपहर को दो अलग अलग स्थानों पर हुई वारदात, पुलिस जांच में जुटी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शहर में उठाईगिरी करने वाले गिरोह ने कुछ ही घंटों के भीतर 80 हजार रुपए की रकम पार कर दी है। अलग-अलग स्थानों पर दो बैंक के पास से क्रमशः 30 हजार और 50 हजार रुपए गाड़ी की डिक्की से निकाल कर आरोपी फरार हो गए। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर संदेहियों की तलाश की जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे थे।

पहली घटना नए बस स्टैंड के पास की है। फरहद के डोमन साहू ने पुलिस को बताया कि, वह शुक्रवार को अवाना होटल के करीब इंडियन बैंक रकम निकालने आया था। बैंक से उसने 50 हजार रुपए निकाले जिसे एक थैले में बाइक की डिक्की में रख दिया। इसके बाद वह नए बस स्टैंड के सामने होटल में पानी पीने रुका। इस बीच ही अज्ञात आरोपी ने रकम पार कर दी। यह घटना दोपहर लगभग एक बजे की है।

गिरोह ने दूसरी घटना को रामाधीन मार्ग में यूनियन बैंक के सामने अंजाम दिया। यहां एक व्यक्ति ने 30 हजार रुपए की रकम बैंक से निकाली थी। संदेही उस पर नज़र रखे हुए थे। इस बीच जैसे ही व्यक्ति कुछ दूर के लिए गाड़ी से दूर हुआ आरोपियों ने रकम निकाल ली और फरार हो गए। उठाईगिरी का शिकार हुए व्यक्ति ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। यह घटना भी दोपहर करीब 12.15 बजे की बताई जा रही है।

एएसपी राहुल शर्मा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि, दो अलग - अलग स्थानों पर उठाईगिरी की घटना हुई है। संदेह है कि, किसी गिरोह ने यह किया है। हमने घटनास्थल से सीसीटीवी फुटेज लिए हैं। संदिग्धों की पहचान और तलाश में पुलिस जुटी है। उन्होंने कहा कि, समय समय पर पुलिस बैंक की सुरक्षा और उपभोक्ताओं को इस तरह की घटनाओं से जागरुक करने के लिए अभियान चलाती है।

# स्कूल के भीतर घुसकर नाबालिक छात्रा से छेड़खानी

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



बेटी को स्कूल भेजकर निश्चिंत हो जाने वाले माता पिता के नकारात्मक खबर है। असामाजिक तत्वों से असुरक्षित बेटियाँ अब स्कूल में भी सुरक्षित नही रह गई हैं। थाना क्षेत्र में एक आरोपी युवक द्वारा सारी हद पार करते हुए स्कूल में घुसकर नाबालिक छात्रा से छेड़खानी एवं जान से मारने की धमकी देने का मामला उजागर हुआ है। पुलिस द्वारा आधिकारिक जानकारी मुताबिक प्रार्थी महिला ने 2 अक्टूबर को थाना क्षेत्र के एक स्कूल में घुसकर अपनी नाबालिग बेटी के साथ एक युवक द्वारा आपत्तिजनक बर्ताव करते हुए छेड़खानी करने व मना करने पर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। उक्त शिकायत पर पुलिस द्वारा धारा 296 , 351-2, 74, 75-1, 333 बीएनएस 8 पॉक्सो एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व एसडीओपी के मार्गदर्शन में टीआई उपेन्द्र शाह के अगुवाई में आरोपी की तलाश कर 3 अक्टूबर को गिरफ्तार करके सूचना परिजनों को दी गई। पुलिस ने आरोपी भूपेन्द्र यदु, पिता स्व संतोष यदु, 23 वर्ष, ग्राम गोड़री, थाना डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव को 4 अक्टूबर को ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के 2 खिलाड़ियों ने जीता 4 राष्ट्रीय मेडल

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



53वां केंद्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता 2024 का आयोजन 26 से 30 सितंबर को फरीदाबाद, हरियाणा में किया गया। उक्त आयोजन में तीरंदाजी खेल में भाग लेने केन्द्रीय विद्यालय राजनांदगांव के तीन खिलाड़ियों में भाग लिया।

संस्कारधानी तीरंदाजी संघ राजनांदगांव के सचिव एवं कोच राहुल साहू ने बताया कि उक्त राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं के छात्र मयंक सिन्हा ने अंडर-17 बालक वर्ग समूह में 40 मीटर तीरंदाजी प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्रांज मेडल जीता।

इसी प्रकार 11वीं की छात्रा पलक मरकाम ने अंडर-19 बालिका वर्ग समूह में 50 मीटर तीरंदाजी प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्रांज मेडल जीता, इसी प्रकार 30 मीटर तीरंदाजी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल जीता है। ओवर ऑल विजेताओं में पलक मरकाम द्वितीय स्थान पर रहीं इस तरह ओवर ऑल चैंपियन में सिल्वर मेडल भी प्राप्त किया। कक्षा 9वी का छात्र यशराज कांवरे ने अंडर -17 में भाग लिया। विदित हो कि केन्द्रीय विद्यालय राजनांदगांव के उक्त दोनों खिलाड़ी संस्कारधानी तीरंदाजी संघ राजनांदगांव के कोच राहुल साहू, कुशल रजक द्वारा निःशुल्क तीरंदाजी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर संस्कारधानी तीरंदाजी संघ राजनांदगांव के पदाधिकारी, पालक गण, खिलाड़ियों ने बधाई दी है। उक्त जानकारी कोच राहुल साहू ने दी।

# मेजबान दुर्ग संभाग का बॉस्केटबॉल, हॉकी में दबदबा

- 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत बॉस्केटबॉल, हॉकी, तैराकी, वॉटरपोलो, शतरंज, बेसबॉल की प्रतियोगिता नगर के विभिन्न खेल मैदानों में आयोजित की जा रही है। जिसके तहत बॉस्केटबॉल 17 वर्ष बालिका वर्ग में बिलासपुर ने बस्तर को 9-3 अंकों से मेजबान दुर्ग ने बिलासपुर को 39-0 अंकों से बालक वर्ग में दुर्ग ने बिलासपुर को 39-11 अंकों से बिलासपुर ने बस्तर को 18-12 अंकों से 19 वर्ष बालिका वर्ग में बस्तर ने बिलासपुर को 30-0 अंकों से दुर्ग ने बिलासपुर को 33-0 अंको से बस्तर ने बिलासपुर को 33-29 अंकों से रायपुर ने बस्तर को 46-25 अंकों से पराजित किया। दिग्विजय स्टेडियम में खेली जा रही है, बेसबॉल बालक वर्ग में दुर्ग ने सरगुजा को 13-3 अंकों से बस्तर ने रायपुर को 11-1 अंकों से बिलासपुर ने बस्तर को 4-1 अंकों से रायपुर ने सरगुजा को 6-5 अंकों से बिलासपुर ने दुर्ग को 10-0 अंकों से बिलासपुर ने रायपुर को 8-0 अंकों से बिलासपुर ने सरगुजा को 6-2 अंकों से दुर्ग ने रायपुर को 10-0 अंकों से पराजित किया। वहीं बालिका वर्ग में सरगुजा ने दुर्ग को 11-1 अंकों से बस्तर ने रायपुर को 4-0 अंकों से बस्तर ने सरगुजा को 8-0 अंकों से बिलासपुर ने रायपुर को 14-0 अंकों से पराजित किया।

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही है, बालिका वर्ग में दुर्ग जोन ने रायपुर को 7-0 गोल से सरगुजा जोन ने रायपुर को 6-0 गोल से बिलासपुर ने सरगुजा को 2-1 गोल से बालक वर्ग में सरगुजा ने बिलासपुर को 4-0 गोल से दुर्ग ने रायपुर को 4-0 गोल से पराजित किया। प्रतियोगता अंतर्गत 5 अक्टूबर तीसरे दिन का मैच सुबह से खेला जायेगा।

## विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक समूह से जुड़ने का अवसर है भाजपा का सदस्यता अभियान

# भाजपा के सदस्यता अभियान के महापर्व में नए सदस्यों का तिलक लगाकर किया स्वागत

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



भाजपा का सदस्यता अभियान तेज गति से चल रहा है। गांव-गांव तक भाजपा समर्थक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रभावित होकर इस अभियान से जुड़कर भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं। शुक्रवार को पूर्व सांसद व प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव के मुख्य आतिथ्य में भाजपा नेता व अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व परवेज अहमद द्वारा राजनांदगांव विधानसभा के ग्रामीण इलाके में सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई है। उन्होंने बताया कि, शुक्रवार को इस सदस्यता अभियान के तहत ठाकुरटोला इलाके के महुआभाठा, फरहद में ग्रामीणों को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। इस महापर्व पर सभी सदस्यों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव जिले में सदस्यता अभियान में रिकॉर्ड बनाने का आह्वान किया है। सांसद संतोष पांडेय ने हर घर तक पहुंचकर नए सदस्यों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने और संगठन को मजबूत बनाने का मंत्र दिया है। सदस्यता अभियान कार्यक्रम को पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि, भाजपा की विचारधारा का मुख्य स्तंभ संस्कृति संपन्न विकासशील भारत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा ने ही विगत दस वर्षों में विकास के ऐतिहासिक सोपान तय किए हैं। भाजपा का हर सदस्य उनसे और उनके नए भारत के संकल्प से सीधा जुड़ा हुआ है। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने इस दौरान नए सदस्यों का भाजपा के इतिहास से भी परिचय कराया। उन्होंने कहा कि, यह पं. दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी बाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी जैसे पुराधाओं की विरासत है। हम सभी का सौभाग्य है कि हम ऐसे राजनीतिक दल के सदस्य हैं जिसकी जड़ें हमारी संस्कृति, संस्कार और समृद्ध विचारधारा से जुड़ी हुई है। भाजपा नेता परवेज अहमद ने सदस्यता लेने वालों का स्वागत करते हुए कहा कि, आप विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक समूह का हिस्सा बन चुके हैं। यह अपने आप में गर्व का विषय है कि, आप उस दल का हिस्सा हैं जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी जैसे कर्मयोगी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि, छत्तीसगढ़ में भाजपा ने 15 सालों तक डॉ. रमन सिंह की अगुवाई में अपनी छाप पूरे देश और विश्व में छोड़ी थी। अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सुशासन उस यात्रा को आगे लेकर जा रहा है। उन्होंने कहा कि, आप सभी का उत्साह यह बताता है कि देश और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने सभी का जीवन स्तर उन्नत किया है और इससे वे खुश हैं। उन्होंने सभी का धन्यवाद भी ज्ञापित किया। उक्त कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सूर्यकांत भंडारी, ग्रामीण मंडल सदस्य चंदन कश्यप, महुआभांठा सरपंच गुंजा साहू, बूथ अध्यक्ष अनिल यादव, मनोज यादव, अमर सिंह सोनवानी, कमल किशोर साहू, महेंद्र मंडावी, फरहद सरपंच हिमेश्वरी जांगड़े, दक्षिण मंडल संयोजक विशाल शर्मा, दक्षिण मंडल सहसंयोजक आईटी सेल हर्ष अग्रवाल, विमल ठाकुर, शरद ठाकुर सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शिरीष शैलेट ने राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता का पदभार ग्रहण किया



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के मानव संसाधन विभाग द्वारा 20 सितम्बर 2024 को जारी स्थानांतरण आदेश के तहत शिरीष शैलेट ने राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता के पद पर आज अपना पदभार ग्रहण कर लिया। इससे पूर्व राजनांदगांव क्षेत्र में मुख्य अभियंता के पद पर टी.के. मेश्राम कार्यरत थे, जिनका स्थानांतरण अंबिकापुर क्षेत्र में मुख्य अभियंता के पद पर हुआ है। राजनांदगांव शहर के पार्रीनाला स्थित क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन में मुख्य अभियंता का पदभार शिरीष शैलेट को टीके मेश्राम ने सौंपा। शैलेट ने कंपनी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राजनांदगांव क्षेत्र अन्तर्गत राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंड़ई, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं कबीरधाम जिले में विद्युत विकास की गति को आगे बढ़ाने में टीमवर्क के साथ सतत् प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने कहा कि चारों जिले में निर्बाध विद्युत व्यवस्था एवं उत्कृष्ठ उपभोक्ता सेवा को बनाये रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर निवर्तमान मुख्य अभियंता टीके मेश्राम, अधीक्षण अभियंता केसी खोटे, कार्यपालन अभियंता जीएस फ्लोरा, एनके साहू, बीरबल उइके, आरके गोस्वामी, गीता ठाकुर, एडी टण्डन, सुरेश जाटवार सहित सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने राजनांदगांव क्षेत्र के नवपदस्थ मुख्य अभियंता शिरीष शैलेट को पदभार ग्रहण करने की बधाई एवं सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

# विष्णु शासन में जूदेव परिवार को पहली कुर्सी...प्रियंवदा सिंह जूदेव को बनाया राज्य महिला आयोग की सदस्य

## प्रियम्वदा ने जताया आभार, अधिकारों की सुरक्षा को बताया प्राथमिकता

पायनियर संवाददाता ᐸ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पूर्व केन्द्रीय मंत्री और जशपुर राजपरिवार के सदस्य दिवंगत दिलीप सिंह जूदेव की बड़ी बहु प्रियंवदा सिंह जूदेव को प्रदेश सरकार ने राज्य महिला आयोग का सदस्य नियुक्त किया है। उनके नाम की घोषणा होने के बाद से शहर सहित पूरे जिले में समर्थकों और भाजपा के कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। घोषणा होने के बाद प्रियवंदा सिंह जूदेव शुक्रवार को शहर के रणजीता स्टेडियम में पास स्थित दिलीप सिंह जूदेव की प्रतिमा में माल्यार्पण कर उनका आर्शीवाद लिया।

इस दौरान उन्होनें मिडिया से चर्चा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और पार्टी ने उन पर भरोसा करते हुए जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपीं है,उस पर खरा उतरने का प्रयास करेगीं। उन्होनें कहा कि उनके ससुर दिवंगत दिलीप सिंह जूदेव ने हमेशा समाज के जरूरतमंदों के विकास और अधिकार के लिए संघर्ष किया है। उनके बताएं हुए मार्ग पर चलते हुए राज्य महिला आयोग का सदस्य होने के नाते वे महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा और विकास के लिए प्राथमिकता से काम करेगी।



**प्रियम्वदा का राजनीति सफर** – प्रियंवदा सिंह जूदेव नगर पालिका जशपुर की उपाध्यक्ष रह चुकी है। इसके साथ ही पार्टी ने उन्हें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान में भी महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा था। प्रियवंदा सिंह जूदेव ने सक्रिय राजनीति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए बगीचा में डोड़की नदी के पुल के लिए हुए जल सत्याग्रह आंदोलन को समाप्त कर,पुल में नदी निर्माण की स्वीकृति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अलावा जशपुर में बट सावित्री पूजा के दौरान हुए विवाद और हिंदुत्व को लेकर कुनकुरी थाना के घेराव जैसे मुद्दों पर भी सामने आ कर नेतृत्व किया था।

**पार्टी का जताया आभार** –पार्टी में उनकी सक्रियता को देखते हुए उन्हें राज्य महिला आयोग के सदस्य का दायित्व दिया है। प्रियवंदा सिंह जूदेव ने इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव का आभार जताया है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह,राजकपूर भगत,विनोद मिश्रा,ललित सिंह,नगरपालिका उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता,अरविंद भगत,शरद चौरसिया,रूपेश सोनी,संतन भगत,अनुज भगत,मालती भगत,मुन्नी गुप्ता,बेंजामीन कुजूर,निखील गुप्ता,रोमी गुप्ता,राजेश सिन्हा सहित भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मंत्री लखन लाल देवांगन ने स्वास्थ्य कर्मियों एवं अतिथि शिक्षकों को प्रदान किया नियुक्ति पत्र

पायनियर संवाददाता ᐸ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा जिले में जिला खनिज संस्थान न्यास मद की राशि से विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं। नीट, जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बच्चों की उच्च शिक्षण संस्थानों में निःशुल्क कोचिंग और उच्च शिक्षा हेतु महाविद्यालय, विश्वविद्यालयों में बच्चों की पढ़ाई के लिए डीएमएफ मद से सहयोग किया जा रहा है। इसी कड़ी में बीते दिनों जिले के सुदुर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए जिला खनिज संस्थान न्यास मद से 114 स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय (पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर) के 11 अभ्यर्थियों को विद्यालयों में अतिथि शिक्षक के रूप में नियुक्ति की गई है। उक्त बातें कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित डीएमएफ मद से स्वास्थ्य कर्मियों के नियुक्ति पत्र अभ्यर्थियों को वितरित करते हुए उद्योग, वाणिज्य, व्यापार एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कही। मंत्री देवांगन ने कहा कि जिले में खनिज न्यास संस्थान की राशि का उपयोग पारदर्शीपूर्ण तरीके से किया जा रहा है। देवांगन ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार जिला खनिज संस्थान न्यास मद की राशि का उपयोग खनन प्रभावित जिले के ही विकास कार्यों में सदुपयोग किया जा रहा है। इस अवसर पर मंत्री देवांगन ने दंत चिकित्सक डॉ. प्रीति गुप्ता, डॉ. अर्पण भेलवा, डॉ. प्रिया तिर्की, डॉ. धनंजय जायसवाल, लैब टेक्निशियन दीपक कश्यप, गीता, फार्मासिस्ट सुब्रत शर्मा एवं ड्रेसर मुकेश कुमार को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इसके साथ ही विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के आरती एवं अनुसुईया को अतिथि शिक्षक के रूप में नियुक्ति पत्र प्रदान कर शुभकामनाएं दी। मंत्री देवांगन ने राजकुमार चिकनीपाली, वनवीरा, अंजयारी बाई पतरापाली, विमलाबाई पतरापाली को वनाधिकार पत्रों का भी वितरण किया। इस अवसर पर कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि जिला खनिज संस्थान न्यास मद की राशि जिले के विकास कार्यों के साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में उपयोग किया जा रहा है। इसके साथ ही विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के अभ्यर्थियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए उन्हें अतिथि शिक्षक के रूप में नियुक्ति प्रदान की गई है।

# रक्तदान से जरूरतमंदो की होती है सहायता : अनिता चौधरी

पायनियर संवाददाता ᐸ सरायपाली
www.dailypioneer.com

दुर्गा विद्यालय लंबर में गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री के उपलक्ष्य में महात्मा गांधी के प्रतिमा का अनावरण एवं रक्त वीर सम्मान कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही सम्मान और श्रद्धा से किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रूपकुमारी चौधरी उपस्थित रहीं। इस महत्वपूर्ण अवसर पर अध्यक्षता का दायित्व रुंकमनी सुभाष पटेल ने संभाला, विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज सेविका एवम् राष्ट्रीय सदस्य, विश्व मानव अधिकार आयोग डॉ. अनिता चौधरी पटेल, जिला संयोजिका राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. मालती तिवारी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस कार्यक्रम में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण भी किया गया, जो सभी के लिए श्रद्धा और प्रेरणा का स्त्रोत रही। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रक्तवीर सम्मान समारोह रहा, जिसमें




60 रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। इन सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र, मोमेंटो और शॉल भेंट कर अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। रक्तदान को महादान मानते हुए इस पहल को प्रोत्साहित करने के लिए यह आयोजन किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की रूपरेखा को उत्कृष्टता से निभाने में विद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी आर.के. पटेल और प्रधानाचार्य जी.पी. पटेल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दुर्गा विद्या समिति गुलाब सिंह तोमर, पूर्व विधायक रामलाल चौहान,संजय शर्मा, बिहारी अग्रवाल विघाचरण चौधरी, मुरली अग्रवाल, मुन्नालाल अग्रवाल बजरंग अग्रवाल, सुभाष पटेल , स्थानीय निवासी गण आदि की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम में अमित चौरसिया, उस्ताद अली एवं अजय जायसवाल का विशेष सहयोग रहा। इस आयोजन में बतौर विशिष्ट अतिथि, अनिता चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस कार्यक्रम ने एक अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया कि किस प्रकार समाज के सभी वर्ग रक्तदान जैसे महान कार्य में सम्मिलित होकर एकता का संदेश दे रहे हैं। यह सम्मान समारोह समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने और जरूरतमंदों की सहायता करने के उद्देश्य के दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# न्याय यात्रा से हम जनता के मुदद‌े उठाने में सफल रहे : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि पिछले 27 सितंबर से छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा की शुरूआत हुई और 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन राजधानी रायपुर में विराम हुआ। यह यात्रा बाबा गुरू घासीदास की तपोभूमि का दर्शन कर तमाम नेतागण, कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता ने छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा की शुरूआत की। हमारी यात्रा का मकसद सोई हुई सरकार को जगाने का था, जिस तरह से 9 से 10 महिने की सरकार पूरी तरह से छत्तीसगढ़ की जनता को सुरक्षित करने में विफल हुई। लगातार छत्तीसगढ़ में घटनायें घट रही है। अपराध बढ़ रहे है। अपराधियों का हौसला चरम पर है। ये सरकार लगातार अपराधियों को संरक्षण देने का काम कर रही है।



माता बहने सुरक्षित नहीं है, आश्रम छात्रावास में छोटी बच्चियां सुरक्षित नहीं है। पूरे प्रदेश में जनता के मन में डर और भय का माहौल बना हुआ है। प्रदेश की जनता दहशत में है। सरकार पर से जनता का भरोसा उठ चुका है। 10 महीने की भाजपा की सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता का भरोसा तोड़ दिया है। 6 दिन की यात्रा में हम जनता से मिले, उनसे चर्चा भी किये। कई लोगों के चेहरे पर डर भय दिखा। कई लोगों के चेहरे पर सरकार के खिलाफ नाराजगी और आक्रोश दिखाई दिया। कई लोगों के चेहरे में इस न्याय यात्रा में खुशी भी दिखाई दी। छत्तीसगढ़ की जनता के न्याय के लिये तपती धूप, गर्मी, बरसात में भी हमारा कारवां नहीं रूका, कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं का हौसला कम नहीं हुआ। इस यात्रा के दौरान सरकार से जो पीड़ित और न्याय के लिये लगातार लड़ रहे है वो भी इस यात्रा में शामिल हुये। लोहारीडीह के दोनों परिवार, कचरू साहू की बेटी और प्रशांत साहू का भाई, दोंदे कला में सरकार से पीड़ित न्याय मांगने के बाद नहीं मिला उस परिवार ने भी इस यात्रा न्याय यात्रा का समर्थन किया कदम से कदम मिला कर चले। बलौदाबाजार की घटना को लेकर हमारे विधायक देवेन्द्र यादव, हमारे कांग्रेस यूथ कांग्रेस के, एनएसयुआई के कार्यकर्ताओं और सतनामी समाज के लोगों पर दुर्भावना पूर्वक कार्यवाही किये है, समाज के प्रमुख लोग को गिरफ्तारी किये है जिसका गुस्सा भी दिखाई दिया। जेल में बंद निर्दोष देवेंद्र यादव की मां भी इस न्याय यात्रा में शामिल हुई। कई समाज के प्रमुखों ने छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का स्वागत किया। इस न्याय यात्रा में मनोबल बढ़ाये। बढ़ते अपराध के खिलाफ में जो इस न्याय यात्रा का मकसद था सरकार के नाकामी के खिलाफ में जनता तक पहुंचाने में हम सफल रहे। हमारी न्याय यात्रा से सरकार घबराई हुई थी, डर हुई थी, सहमी हुई थी। ये भी साफ-साफ दिख रहा था। इस तरह से हमारा न्याय यात्रा का समापन नहीं हुआ है और न अंत हुआ है। न्याय यात्रा अभी शुभारंभ हुआ, अभी आगाज हुआ है, अभी अंजाम तक पहुंचाना बाकी है। इस न्याय यात्रा का अभी विराम हुआ है।

### पूरा कांग्रेस नेतृत्व एकजुटता से यात्रा में चले : डॉ. चरणदास महंत

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि यह बहुत ही सफल यात्रा साबित हुई है। इस यात्रा में एकता और भाईचारा की बात रही है। सभी नेता आपस में एक भाई की तरह कदम से कदम मिलाकर चले, पूरे कांग्रेसजन इस यात्रा में शामिल हुये। चाहे सतनामी समाज, साहू समाज, ओबीसी समाज, यादव समाज, आदिवासी समाज के लोगो ने एक मित्रवत, भाई की तरह उनके पीछे लगे रहे और यात्रा की खासियत रही ये दीपक बैज की न होकर सभी कांग्रेसजनों की यात्रा थी। इस प्रदेश में सामाजिक सौहार्द रहा है। भाजपा की सरकार के असफल हो जाने से यह परिस्थिति निर्मित हुयी। हमारा प्रयास है कि छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में इस यात्रा को शुरू करेंगे।

# अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया जेल का निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ᐸ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा द्वारा जेल का निरीक्षण कर बंदियों के स्वास्थ्य एवं भोजन का जायजा लिया गया। अध्यक्ष द्वारा बंदियो से बातचीत कर पूछा गया कि कोई बंदी जमानत हो जाने के पश्चात् भी न्यायालय के आदेशानुसार सक्षम जमानत प्रस्तुत करने में असमर्थ होने के कारण जेल में निरूद्ध तो नही है या कोई ऐसा बंदी जिनके पास प्रकरण की पैरवी हेतु अधिवक्ता नहीं है। अध्यक्ष द्वारा जांच किया गया कि जेल निरीक्षण हेतु नियुक्त अधिवक्तागण एवं पैरालीगल वालेंटियर्स द्वारा प्रत्येक सप्ताह के 4 दिवस में विजिट करने के दौरान जेल में निरूद्ध बंदियों को जारी एसओपी के तहत् कानूनी सहायता/सलाह दिया जाकर रजिस्टर संधारित किया जा रहा है। महोदय के द्वारा जेल विजिटिंग लायर्स व पैरालीगल वालिंटियर्स के विजिट के समय की जानकारी ली गई व कैदियों के लिए शिकायत पेटी का भी निरीक्षण किया गया। नालसा के आदेशानुसार जमीनी स्तर पर कानूनी सेवा गतिविधियों को बढ़ाने हेतु अध्यक्ष के मार्गदर्शन में ग्राम-कुसमी एवं प्रतापपुर में ग्राम लीगल एड क्लीनीक के माध्यम से प्रशिक्षित पैरालीगल वालिंटियर्स के द्वारा ग्रामवासियों को भी विधिक सहायता उपलब्ध करायी जा रही है।

# जशपुर एसडीओपी चंद्रशेखर परमा की संवेदनशीलता दुर्घटना में घायल महिला को पहुंचाया तत्काल अस्पताल

■ थाना नारायणपुर क्षेत्र के ग्राम भेलवांटोली की थी महिला

पायनियर संवाददाता ᐸ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

शुक्रवार की सुबह लगभग 10 बजे एसडीओपी जशपुर चंद्रशेखर परमा अपने ड्राईवर रवि यादव एवं गनमेन के साथ कार्यालय के लिए आ रहे थे, इसी दौरान कलेक्टर बंगला तिराहा के पास एक वाहन चालक अपने वाहन को तेज गति से चलाते हुये एक महिला को ठोकर मार दिया, महिला घायल अवस्था में रोड के किनारे तड़प रही थी एवं उसके साथ छोटा बच्चा था। उक्त महिला को तत्काल एसडीओपी द्वारा स्वयं अपने वाहन में लेटाकर जिला अस्पताल जशपुर में भर्ती कराया गया, डॉक्टरों की तत्परता से ईलाज करने पर महिला की हालत अब स्थिर है।



**पहले भी की है मदद**–जशपुर पुलिस इन दिनों एसपी शशिमोहन सिंह के मार्गदर्शन में हर मामले में काफी सजग दिखाई दे रही है। एसडीओपी जशपुर ने घायल महिला को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर समाज के लिए एक आदर्श उदाहरण भी पेश किया है। इसके पूर्व में भी एसडीओपी परमा द्वारा पुलिस विभाग में कार्यरत प्रधान आरक्षक रत्नेश यदु के गम्हरिया में एक्सीडेंट होने पर तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया है, उक्त प्रधान आरक्षक के सिर में काफी चोंटे आई थी। उनकी इस मानवीयता और सेवा भावना की सराहना पूरे शहर में की जा रही है। यह घटना साबित करती है कि इंसानियत आज भी जिंदा है।

# बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 2024 के अंतर्गत 01.10.2024 को केंद्रीय विद्यालय, नया रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के तत्वाधान में कक्षा 1 से 12 तक के बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों द्वारा उत्साह से भाग लिया गया। 03.10.2024 को केंद्रीय विद्यालय, नया रायपुर में स्वच्छता एवं वित्तीय साक्षरता पर आधारित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति संदेश दिया गया एवं साथ ही विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई तथा पेंटिंग प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय में विनोद अरोड़ा,







अध्यक्ष, विजय वसंत रायकवाड, आभास कुमार सतपति, अजय कुमार निराला, महाप्रबंधक, कमलेश कुंदन, अमरजीत सिंह खनूजा, सहायक महाप्रबंधक, संदीप कुमार, विजय धुरंधर, भगवान सिंह आहिरे प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय नया रायपुर वास्तव सर एवं नायक सर उपस्थित थे। इस अवसर पर विनोद कुमार अरोड़ा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के संबंध में जानकारी दी गई एवं साथ ही छात्रों को बैंक खाता परिचालन के बारे में अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के सफाई कर्मचारियों एवं सुरक्षा कर्मियों को भी उनके द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों हेतु सम्मानित किया गया।

## जशपुर का ऐतिहासिक दशहरा उत्सवः विष्णु सुशान में होगा भव्य आयोजन, जिला प्रशासन ने ली खास बैठक

# उत्सव की व्यवस्था के लिए विभिन्न विभागों में समन्वय के दिए गए निर्देश

पायनियर संवाददाता ᐸ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जशपुर में पारम्परिक रूप से मनाए जाने वाले दशहरा उत्सव की तैयारियों के लिए शुक्रवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में दशहरा उत्सव आयोजन समिति के सदस्यों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें आयोजन को भव्यता के साथ व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण रूप से आयोजित करने हेतु चर्चा की गई।



### व्यवस्था दुरुस्त करने पर जोर

बैठक में अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू द्वारा आयोजन में रथ निर्माण एवं उसके लिए आवश्यक सामग्री उपलब्धता के साथ रथ परिक्रमा पथ में विद्युत लाइनों को ऊंचा करने एवं पेड़ों की शाखाओं की छटाई करने, सुरक्षा की दृष्टि से यातायात व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, माइक व्यवस्था, बैरिकेटिंग व्यवस्था, मंदिर के रंग रोगन की व्यवस्था, शौंचलयों की व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने उत्सव स्थल पर किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग के दलों को उपस्थित रहने तथा गरबा समितियों को अपने आयोजन स्थलों पर सीसीटीवी की स्थापना करने को कहा।

### पार्किंग व्यवस्था के लिए जगह रखें

बड़ी गाड़ियों की पार्किंग के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के लिए तहसील परिसर, विश्राम गृह परिसर, सेंट्रल बैंक के निकट मैदान में व्यवस्था करने के साथ यात्री बसों के लिए उत्सव के समय बस स्टैंड तक पहुंचने हेतु वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था कराने को कहा। इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी विभागों को समन्वयन करते हुए भव्य रूप से उत्सव का आयोजन करने के लिए निर्देशित किया।

### सड़क पर तैनात रहेंगे जवान

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए आयोजन स्थल पर व्यवस्थापन के लिए नगर सैनिकों की व्यवस्था, अग्निशमन गाड़ियों की व्यवस्था, यातायात के नियंत्रण हेतु यातायात पुलिस की मुख्य मार्गों एवं चौक चौराहों पर उपस्थिति एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने को कहा।

### ये रहे बैठक में उपस्थित

इस अवसर पर एसडीएम प्रशांत कुमार कुशवाहा, डिप्टी कलेक्टर ऋतुराज सिंह बिसेन, हरिओम द्विवेदी, विश्वास राव मस्के, सीएमओ योगेश्वर उपाध्याय सहित दशहरा समिति से कृष्ण कुमार राय, गोपाल राय, राज शरण भगत, अमर सिंह देव, रूपेंद्र सिंह, अरुण सिंह, अनूप नारायण सिंह, पवन गुप्ता, सुनील सोनी, मनोज कुमार मिश्रा, विजय कुमार निकुंज, रोपण राम अगरिया सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ट्रेन में चढ़ने के दौरान घायल हुआ युवक, अस्पताल में मौत

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर रेलवे स्टेशन में शुक्रवार को अहमदाबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ने के दौरान एक युवक का पैर प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच फंस गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान त्रिलोकचंद दलई (उम्र 28 वर्ष) के रूप में हुई है, जो ओडिशा का निवासी था। वह पुरी से अहमदाबाद जाने वाली ट्रेन पर सवार था और रायपुर स्टेशन पर कुछ खाने-पीने का सामान लेने के लिए उतरा था। जैसे ही ट्रेन चलने लगी, वह जल्दबाजी में चढ़ने की कोशिश कर रहा था, तभी उसका पैर प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच की खाई में फंस गया। घटना के तुरंत बाद यात्रियों ने ट्रेन का स्टॉप लीवर खींचा। मौके पर मौजूद जीआरपी टीम ने ट्रेन की सीढ़ी और जाली काटकर त्रिलोकचंद को बाहर निकाला और तुरंत मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन गंभीर चोटों के चलते इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

### नेहरू राम निषाद पिछड़ा वर्ग आयोग के नए अध्यक्ष नियुक्त

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा नेहरू राम निषाद गृह जिला धमतरी को छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। इस आशय का आदेश प्रदेश के पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर से जारी कर दिया गया है।

रायपुर, शनिवार 05 अक्टूबर 2024
www.dailypioneer.com
पायनियर


# प्रतिभाशाली युवाओं को आगे बढ़ने का पूरा अवसर दिया जाएगा : मुख्यमंत्री




पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बीजापुर स्थित सेन्ट्रल लाइब्रेरी में युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए, यहां उन्होंने युवाओं से सीधा संवाद किया। युवाओं से बातचीत के बीच मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रतिभाशाली युवाओ को आगे बढ़ने का पूरा अवसर दिया जाएगा, प्रदेश के युवाओं को अच्छे भविष्य के निर्माण की सम्भावनाएं मिल रही है। इस मौके पर युवाओं की मांग सुनकर मुख्यमंत्री ने बीजापुर कलेक्टर को आवश्यक निर्देश भी दिए। अब बीजापुर के युवाओं को जल्द ही शून्य प्रतिशत ब्याज में एजुकेशन लोन की सुविधा देने की पहल की जाएगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि नवरात्रि के अवसर पर संवाद कार्यक्रम में युवाओं से मिलना एक शुभ अवसर है। मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षा के लिए सजग है, प्रदेश में उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना के साथ ही जिलों में लाइब्रेरी की सुविधा दी गई है। उन्होंने कहा कि रायपुर के नालंदा परिसर में प्रतियोगी परीक्षा के लिए विद्यार्थियों की सुविधाओं में वृद्धि की गई है। दिल्ली में यूपीएससी की तैयारी के लिए संचालित ट्राइबल यूथ हॉस्टल में सीटों की संख्या बढ़ाई गई, पीजी में रहने वाले विद्यार्थियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए उनका खर्च शासन द्वारा वहन किया जाएगा। मुख्यमंत्री साय ने युवाओं के साथ उनके भविष्य, शिक्षा, और रोज़गार के मुद्दों पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार युवाओं के विकास और उन्हें बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। साय ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया और सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी, जो उनके सशक्तिकरण में सहायक हो सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने भी मुख्यमंत्री से अपने सवाल पूछे और अपने अनुभव साझा किए। लाइब्रेरी में आयोजित इस युवा संवाद कार्यक्रम ने जिले के युवाओं को एक सकारात्मक मंच दिया, जहां वे अपनी समस्याओं को सीधे मुख्यमंत्री के सामने रख सकें और उनके समाधान के बारे में जान सकें।

## पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष बने डॉ. रोहित यादव

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के नवागत अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने शुक्रवार को विद्युत सेवा भवन में कार्यभार ग्रहण किया। वे 2002 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं, उन्हें ऊर्जा विभाग के सचिव के साथ अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। हाल ही में वे प्रधानमंत्री कार्यालय से प्रतिनियुक्ति से लौटे हैं, उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताते हुए छत्तीसगढ़ को ऊर्जा के क्षेत्र में देश में अग्रणी राज्य बनाने की बात कही। डॉ. यादव ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात् अधिकारियों को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को पॉवर सरप्लस स्टेट के रूप में पूरे देश में पहचाना जाता है। केंद्र सरकार में ऊर्जा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की किसी भी बात का वजन होता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में ऊर्जा के क्षेत्र में हमने बहुत सारा काम कर लिया है और आगे बहुत सारा काम करना है क्योंकि भविष्य में ऊर्जा की मांग पूरे देश ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ में भी बड़े स्तर पर बढ़ने वाली है इसलिए बड़े स्तर पर विस्तार की कार्ययोजना पर काम चल रहा है चाहे वह थर्मल प्लांट हो या फिर हाइडल का हो या रिन्यूबल एनर्जी की हो। भारत सरकार बहुत ज्यादा उत्सुक है कि हम अपने राज्य में नई तकनीकों को लेकर आएं और ऊर्जा उत्पादन बढ़ाएं। इसके लिए भारत सरकार मदद करने, वित्तीय सहायता हो या फिर कंसल्टेंसी हो, वह उपलब्ध कराने तैयार है। डॉ. यादव ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे पास चुनौतियां भी बहुत अधिक हैं। अब क्वालिटी ऑफ पॉवर की बात होने लगी है, पहले हम क्वांटिटी ऑफ पॉवर की बात करते थे। अब हमें क्वालिटी ऑफ पावर पर ध्यान देना है।

## जिला मुख्यालयों में 5 नवम्बर को विभागीय प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर रायपुर से भिन्न सभी जिला मुख्यालयों पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। जिला मुख्यालयों में 5 नवम्बर को एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विकास विभागों की विभागीय प्रदर्शनी में उपलब्धियों, महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल परियोजनाओं को विशेष रूप से प्रदर्शित की जाएगी। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा 5 नवम्बर को एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह एक नवम्बर से 6 नवम्बर तक जिला मुख्यालयों के समस्त शासकीय भवनों में रोशनी की जाएगी। शासन की जनकल्याणकारी तथा हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित कार्यक्रमों में लोगों को लाभान्वित किया जाए। जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में मंत्रीगण, सांसदों, विधायकगण, जन-प्रतिनिधि को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा उक्त कार्यक्रम के आयोजन में मितव्ययिता बरतने के निर्देश दिए हैं।











सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403